हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com भोपाल, रविवार 18 जनवरी 2026

# गैस पीड़ितों के साथ हर कदम पर खड़ी है सरकार : मुख्यमंत्री डॉ. यादव



- 40 साल पुराने रासायनिक कचरे का हुआ निष्पादन, यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री परिसर का होगा विकास
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री परिसर का निरीक्षण
- परिसर की वायु पूर्ण स्वच्छ, मुख्यमंत्री ने बिना मास्क पहने किया मुआयना
- यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री परिसर में बनाएंगे भोपाल गैस त्रासदी स्मारक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि 2 और 3 दिसम्बर 1984 की दरमियानी रात भोपाल में मिथाइल आइसोसायनाइट (एमआईसी) गैस का रिसाव एक भीषण दुर्घटना थी। घटना में बड़ी संख्या में लोग हताहत हुए। करीब 40 साल तक रासायनिक कचरा यहां पड़ा रहा। हमारी सरकार ने माननीय उच्च न्यायालय के मार्गदर्शन में बिना किसी पर्यावरण नुकसान और मानव हानि के यहां के रासायनिक कचरे का सफलतापूर्वक निष्पादन करवाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अब हम समाज के सभी वर्गों एवं प्रभावित पक्षों को विश्वास में लेकर यूनियन कार्बाइड परिसर का विकास करेंगे और माननीय उच्च न्यायालय के मार्गदर्शन में अब स्वच्छ हो चुके इस परिसर में भोपाल गैस त्रासदी में दिवंगत व्यक्तियों की स्मृति में एक स्मारक' बनाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार सभी गैस पीड़ितों के साथ हर कदम पर खड़ी है। प्रभावितों के कल्याण में हम कोई कमी नहीं रखेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार को भोपाल के आरिफ नगर स्थित यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री परिसर का गहनता से निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग के अधिकारियों से इस परिसर में स्मारक निर्माण के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय श्री आलोक कुमार सिंह, आयुक्त जनसम्पर्क श्री दीपक कुमार सक्सेना, संचालक गैस राहत श्री स्वतंत्र कुमार सिंह, निगमायुक्त श्रीमती संस्कृति जैन और गैस त्रासदी राहत विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अब हमारी सरकार ने कोर्ट के सभी निर्देशों पर अमल करते हुए पिछले साल यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे का निष्पादन कराया। यह दुनिया के लिए एक संदेश भी है कि किस प्रकार आधुनिक वैज्ञानिक तरीकों से जहरीले कचरे को बिना पर्यावरण/मानव हानि के खत्म किया जा सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने राजधानी के माथे से इस कलंक का मिटाने का कार्य किया है। इसके लिए गैस राहत विभाग सहित सभी संबंधित प्रभावित पक्ष भी बधाई के पात्र हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शहरी विकास और सुशासन की व्यवस्थाएं स्थापित करने के लिए मध्यप्रदेश सरकार, केंद्र सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही है। अब हमारी सरकार माननीय न्यायालय के मार्गदर्शन में परिसर में स्मारक बनाने सहित अन्य विकास कार्यों के लिए सुझावों पर अमल करेगी।



## फैक्ट्री परिसर के समुचित विकास के लिए करेंगे जरूरी प्रबंध

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यूनियन कार्बाइड इंडिया लिमिटेड फैक्ट्री परिसर में पड़े रासायनिक कचरे का माननीय उच्च न्यायालय के मार्गदर्शन में समुचित निष्पादन किया जा चुका है। अब हम भोपाल मेट्रोपोलिटन एरिया के निर्माण के साथ इस परिसर के भी समुचित विकास के लिए सभी जरूरी प्रबंध कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मध्यप्रदेश के पहले ऐसे मुख्यमंत्री हैं, जो यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री परिसर में बिना किसी सेफ्टी मास्क के गए और फैक्ट्री के कोर एरिया का बारीकी से मुआयना किया।

निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया से चर्चा में कहा कि भोपाल स्थित यूनियन कार्बाइड कारखाने से जहरीली गैस का रिसाव मध्यप्रदेश की ही नहीं, देश की सबसे भीषण गैस त्रासदी थी। वर्ष 1984 में 2 और 3 दिसंबर की रात इस फैक्ट्री से गैस के दुष्प्रभाव के कारण भोपाल ने मौत का जो मंज़र देखा, वह हमारी स्मृतियों से कभी हटेगा नहीं।

मुख्यमंत्री जी के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल्स - कृपया फॉलो करें

## मुख्यमंत्री ने महिला के अनुरोध पर रूकवाया अपना काफिला....

यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री परिसर का सघन मुआयना करने के बाद लौटते वक्त मुख्यमंत्री डॉ. यादव को आरिफ नगर में पूजा कर रही एक महिला ने रोका। महिला के अनुरोध पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपना काफिला रूकवाया। मुख्यमंत्री से महिला ने अनुरोध किया कि भगवान भोलेनाथ को 2 अगरबत्ती लगा दीजिए। महिला ने अगरबत्ती जलाकर मुख्यमंत्री को दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मूर्ति पर महिला के आग्रह पर अगरबत्ती लगाकर भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया। उन्होंने यहां क्षेत्रीय महिलाओं से आत्मीयता से पूछा कि सब ठीक है, लाड़ली बहना के पैसे मिल रहे हैं ? इस पर लाड़ली बहनों ने कहा कि हाँ, उन्हें हर महीने 1500 रुपए मिल रहे हैं। मुख्यमंत्री ने स्कूल जा रहे बच्चों से भी बातचीत की। इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने



स्कूली बच्चों के साथ खुद सेल्फी लेकर उन सबको खुश कर दिया। आरिफ नगर में एक महिला श्रीमती मंजु बाई ने बताया कि उसके पति बीमार हैं। कुछ आर्थिक मदद कर दीजिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्रीमती मंजु को दिलासा दी और एक अन्य महिला श्रीमती प्रभा बाई कुशवाहा सहित दोनों को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से 50-50 हज़ार रुपए मौके पर ही मंजूर कर दिये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नगर निगम कमिश्नर भोपाल श्रीमती संस्कृति जैन को इन दोनों महिलाओं के बैंक खाता नंबर नोट कर जल्द से जल्द बीमारी सहायता राशि उन्हें पहुंचाने के निर्देश दिए। नगर निगम कमिश्नर ने बताया कि तात्कालिक रूप से दोनों महिलाओं को 10-10 हजार रूपए शनिवार को ही दे दिए जाएंगे। शेष राशि भी जल्द ही उनके बैंक खातों में पहुंचा दी जाएगी।

## भोपाल गैस त्रासदी

### कब क्या हुआ



**3 दिसंबर 1984**

यूनियन कार्बाइड इंडिया लिमिटेड (यूसीआईएल) के भोपाल स्थित कीटनाशक कारखाने से मिथाइल आइसोसाइनेट गैस का रिसाव हुआ। लगभग 8 लाख लोग इस गैस के संपर्क में आए। अनुमानों के अनुसार 15,000 लोगों की मृत्यु हुई। अन्य कई लोगों पर गैस के दुष्प्रभाव आनुवंशिक (जेनेटिक) रूप से पड़े।

**4 दिसंबर 1984**

यूनियन कार्बाइड के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। कंपनी के चेयरमैन वॉरेन एंडरसन को गिरफ्तार किया गया, लेकिन बाद में जमानत पर रिहा कर दिया गया और विदेश भागने में मदद की गई ।

**6 दिसंबर 1984**

मामले को सीबीआई को सौंप दिया गया।

**1985**

भारत सरकार ने एक अमेरिकी अदालत में यूनियन कार्बाइड से 3.3 अरब डॉलर के हर्जाने का दावा किया।

**1 दिसंबर 1987**

जांच के बाद सीबीआई ने चार्जशीट दाखिल की। आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 304 भाग (II) (गैर-इरादतन हत्या, जो हत्या की श्रेणी में नहीं आती), धारा 326 (खतरनाक हथियारों या साधनों से गंभीर चोट पहुंचाना) और अन्य संबंधित धाराओं के तहत आरोप तय किए गए।

**1989**

भारत सरकार और यूनियन कार्बाइड के बीच अदालत के बाहर समझौता हुआ। यूनियन कार्बाइड ने 470 मिलियन डॉलर का भुगतान किया।

**1992**

470 मिलियन डॉलर की राशि का एक हिस्सा पीड़ितों में वितरित किया गया। वॉरेन एंडरसन को अदालत के समन की अनदेखी करने के कारण भगोड़ा घोषित किया गया।

**13 सितंबर 1996**

आरोपियों द्वारा सर्वोच्च न्यायालय का रुख करने के बाद, अदालत ने आरोपों में संशोधन किया और उन्हें धारा 304 (ए) (लापरवाही से मृत्यु कारित करना), धारा 336 (ऐसे कार्य जो दूसरों के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालें), धारा 337 (लापरवाही से चोट पहुंचाना) और अन्य धाराओं के अंतर्गत कर दिया गया।

**2001**

यूनियन कार्बाइड ने अपनी पूर्व भारतीय इकाई की कानूनी जिम्मेदारियों को स्वीकार करने से इनकार कर दिया।

**2004**

सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को आदेश दिया कि यूनियन कार्बाइड द्वारा दिए गए 470 मिलियन डॉलर की शेष राशि भी पीड़ितों को मुआवजे के रूप में वितरित की जाए। माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर में रासायनिक पदार्थों के विनिष्टीकरण की मांग की गयी।

**वर्ष-2005**

385.6 मीट्रीक टन रासासयनिक पदार्थों को संग्रहित कर एक सुरक्षित शेड में रखा गया।

**वर्ष-2008**

विनिष्टीकरण की कार्यवाही 06 सप्ताह में किये जाने के निर्देश प्रसारित किये गये। लाईम स्लज 39.6 मीट्रीक टन को सीपीसीबी का गाईडलाईन अनुसार सफलतापूर्वक लैंडफिल किया गया।

**7 जून 2010**

मामले में सभी आठ आरोपियों को दोषी ठहराया गया परंतु सभी आठ दोषियों को जमानत दे दी गई।

**प्रारंभ हुई ठोस कार्रवाई**

**वर्ष 2015 :** भारत सरकार द्वारा विनिष्टीकरण की कार्यवाही हेतु 310 करोड का प्रावधान किया गया। जून 2015 में 10 मीट्रीक टन का ट्रॉयल रन सफलतापूर्वक किया गया।
**वर्ष-2021:** शेष बचे 337 मीट्रीक टन पदार्थों के विनिष्टीकरण हेतु निविदा आमंत्रित की गयी।
**वर्ष-2024:** भारत सरकार द्वारा विनिष्टीकरण हेतु राशि रू 126.00 करोड उपलब्ध कराई गयी।
वर्ष 2025 में हुआ कचरे का निष्पादन
**02 जनवरी 2025 :** मेसर्स पीथमपुर द्वारा कुल 368 मीट्रीक टन रासायनिक पदार्थों को एकत्रित कर पीथमपुर ले जाकर परिवहन किया गया।
**दिनांक 03.07.2025** तक मेसर्स पीथमपुर द्वारा अपशिष्ट पदार्थों को जलाये जाने की कार्यवाही पूर्ण कर ली गयी । मेसर्स पीथमपुर द्वारा म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं केन्द्रीय नियत्रण बोर्ड की निगरानी में पर्यावरण मानको के अनुरूप जलाये गये अपशिष्ट पदार्थ से उत्पन्न भस्मक (राख) को लैंड फिल कर दिया गया है।

# समस्या का स्थायी समाधान और सुरक्षित भविष्य

*भोपाल गैस त्रासदी के 40 वर्ष बाद मुख्ययमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यह सिद्ध कर दिया है कि गैस त्रासदी अब केवल स्मरण या श्रद्धांजलि तक सीमित नहीं है, बल्कि जिम्मेदारी तय करने, स्थायी समाधान खोजने और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने से जुड़ा हुआ मामला है। इस संदर्भ में प्रमुख बिंदु इस प्रकार हैं-*

**जहरीले कचरे का निपटानः जिम्मेदारी का निर्वहन**
सरकार ने बंद पड़ी यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री परिसर में पड़े लगभग 337 टन जहरीले कचरे को हटाने और वैज्ञानिक तरीके से नष्ट कर निष्पांदित करने का कार्य किया है। यह कचरा सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों और केंद्रीय व राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की निगरानी में पीथमपुर में सुरक्षित इंसीनरेशन द्वारा नष्ट किया गया। इसके लिए ग्रीन कॉरिडोर, सीलबंद कंटेनर तकनीकों का उपयोग किया गया ताकि पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य को कोई नुकसान न पहुंचे।

**पर्यावरण और भूजल संरक्षण पर फोकस**
सरकार द्वारा कचरे के निष्पापदन के बाद अब भूमिगत प्रदूषण का वैज्ञानिक आकलन, दूषित मिट्टी और जल के शोधन , और पर्यावरण निगरानी पर भी ध्यान दिया जा रहा है।

**पीड़ितों के स्वास्थ्य और पुनर्वास पर जोर**
गैस त्रासदी से प्रभावित लोगों के लिए विशेष अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों को मजबूत करने, बीमारियों की निगरानी और पड़ने वाले प्रभावों पर शोध किया जा रहा है। विधवाओं, दिव्यांगों और गंभीर रूप से प्रभावित परिवारों को पेंशन, मुआवजा और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ा गया है।

**कानूनी और नैतिक जिम्मेदारी**
भोपाल गैस त्रासदी केवल एक औद्योगिक दुर्घटना नहीं थी, बल्कि कॉरपोरेट लापरवाही और विफलता का परिणाम थी।

**स्मारक, शिक्षा और "दोबारा ऐसा न हो" का संकल्प**
त्रासदी में जान गंवाने वालों की स्मृति में स्मारक और संग्रहालय की योजनाएं आगे बढ़ाई जा रही हैं। बल्कि औद्योगिक सुरक्षा, पर्यावरणीय जिम्मेदारी और आपदा प्रबंधन के लिए एक चेतावनी और सीख के रूप में विकसित की जाएगी।

**जहरीला कचरा हटाया गया-ऐतिहासिक निर्णय**
भोपाल गैस त्रासदी के लगभग 40 वर्षों बाद, मध्य प्रदेश सरकार ने बंद पड़ी यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री परिसर में जमा जहरीले कचरे को हटाने का ऐतिहासिक प्रक्रिया शुरू कर इसे अंजाम तक पहुँचाया।

**क्या कचरा था ?**
यह कचरा कीटनाशक निर्माण के दौरान बचा हुआ रासायनिक अपशिष्ट, दूषित मिट्टी और रसायनों के अवशेषों से बना था। इसमें मिथाइल आइसोसाइनेट (MIC) से जुड़े पदार्थ भी



शामिल थे, जो वर्षों तक खुले में पड़े रहने से मिट्टी और भूजल को प्रदूषित कर रहे थे। कुल मात्रा लगभग 337 टन थी, जो 1984 के बाद से फैक्ट्री परिसर में ही पड़ी हुई थी।

**कैसे हटाया गया ?**
कचरे को सुरक्षित रूप से पैक कर सीलबंद कंटेनरों में रखा गया। इसे भोपाल से धार जिले के पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र तक ले जाने के लिए विशेष ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया। परिवहन के दौरान कड़ी सुरक्षा, तकनीकी निगरानी और आपदा प्रबंधन दल तैनात रहे।

**निपटान की प्रक्रिया**
कचरे का निपटान वैज्ञानिक इंसीनरेशन (उच्च तापमान पर जलाने) की प्रक्रिया से किया जा रहा है। इंसीनरेटर से निकलने वाली गैस को चार-स्तरीय फिल्टर सिस्टम से गुजारा जाता है, ताकि हवा प्रदूषित न हो। जलने के बाद बची राख (अवशेष) की जांच की जाती है और सुरक्षित पाए जाने पर उसे दो-स्तरीय मेम्ब्रेन से ढककर विशेष लैंडफिल में दबाया जाता है।

**निगरानी और कानूनी आधार**
यह पूरी प्रक्रिया सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के तहत हो रही है। केंद्रीय और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, तथा राष्ट्रीय स्तर के वैज्ञानिक संस्थानों की निगरानी और तकनीकी सलाह इसमें शामिल है।

**क्यों है यह कदम महत्वपूर्ण ?**
इससे भोपाल में वर्षों से चले आ रहे पर्यावरणीय खतरे में कमी आएगी। यह पीड़ितों और स्थानीय नागरिकों के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में अहम कदम है। साथ ही, यह संदेश देता है कि सरकार अब त्रासदी को केवल स्मृति नहीं, बल्कि जिम्मेदारी और समाधान के रूप में देख रही है।

माननीय मुख्यमंत्री जी का यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री का निरीक्षण और मीडिया बाइट

# गैस पीड़ितों को प्रदान की जाने वाली सुविधाएं

भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग द्वारा गैस पीड़ित परिवारों को सामाजिक पुनर्वास कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न प्रकार की राहत एवं सुविधाएं प्रदान की जा रही है।

**सामाजिक सुरक्षा पेंशन**
गैस पीड़ितों विधवाओं (कल्याणी) महिलाओं को राज्य शासन द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन कार्यक्रम अंतर्गत मिलने वाली सामाजिक सुरक्षा पेंशन के अतिरिक्त गैस राहत विभाग द्वारा राशि रूपये 1000/- प्रतिमाह अतिरिक्त पेंशन के रूप में भुगतान की जा रही है। वर्तमान में 4334 गैस पीड़ित विधवाओं (कल्याणियों) को पेंशन प्रदान की जा रही है।

**गैस पीड़ित क्षेत्रों में पर्यावरणीय पुनर्वास**
भारत सरकार, पर्यावरण एवं वन जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की ओर से केन्द्रीय प्रदूषण निवारण मण्डल नई दिल्ली द्वारा 10 मीट्रिक टन यूसीआईएल वेस्ट का ट्रायल रन माह अगस्त-2015 में सफलापूर्वक पीथमपुर जिला-धार स्थित टीएसडीएफ (मध्यप्रदेश वेस्ट मैनेजमेंट रामकि एनवायरो इंजिनियर्स प्राईवेट लिमिटेड) में मध्यप्रदेश प्रदूषण निवारण मण्डल भोपाल के तकनीकी अधिकारियों तथा केन्द्रीय प्रदूषण निवारण मण्डल के अधिकारियो की निगरानी में राज्य शासन के सहयोग से इंनसीनरेट कर विनिष्टीकरण किया गया।

यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री परिसर, भोपाल स्थित 337 मीट्रीक टन अपशिष्ट पदार्थो के विनिष्टीकरण हेतु निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर सफल निविदाकार मेसर्स पीथमपुर इंडस्ट्रीयल वेस्ट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के साथ अनुबंध निष्पादित किया गया। मेसर्स पीथमपुर इंडिस्ट्रीयल वेस्ट मैनेजमेंट प्रायवेट लिमिटेड, पीथमपुर, जिला-धार द्वारा संचालक दिनांक 2 जनवरी 2025 तक पैकिंग, लॉडिग एवं परिवहन की कार्यवाही कर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। मेसर्स पीथमपुर इंडिस्ट्रीयल वेस्ट मेनेजमेंट प्रायवेट लिमिटेड, पीथमपुर जिला-धार द्वारा केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की निगरानी में दिनांक 03/07/2025 को अपषिष्ट पदार्थों को जलाये जाने की कार्यवाही पूर्ण की गयी।





**गैस पीड़ितों के स्वास्थ्य का पूरा ध्यान**
राज्य सरकार द्वारा भोपाल गैस पीड़ितों और उनके बच्चों को आयुष्मान निरामयम मध्य प्रदेश योजना का लाभ देने का निर्णय लिया है, जिसके अंतर्गत भोपाल के गैस पीडितो एवं उनके बच्चों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं, अभी तक लगभग 33180 भोपाल के गैस पीडितो एवं उनके बच्चों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं और यह एक सतत क्रिया है। भोपाल गैस पीड़ित मरीजों एवं उनके बच्चों को भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग अंतर्गत संचालित 06 चिकित्सालयों एवं 09 औषधालयों सगस्त चिकित्सकीय सुविधाएँ निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है इसके साथ-साथ प्रदेश में आयुष्मान भारत ₹निरामयम₹ मध्यप्रदेश योजना अंतर्गत अनुबंधित प्रदेश के समस्त चिकित्सालयों में चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।

भोपाल गैस पीड़ित मरीज एवं उनके बच्चों को कैंसर उपचार हेतु गैस राहत विभाग द्वारा अनुबंधित 03 निजी चिकित्सालय एवं एम्स, भोपाल के साथ अनुबंध किया जाकर उनको निःशुल्क कैंसर उपचार की सुविधा।

भोपाल गैस पीडित मरीज एवं उनके बच्चों को किडनी एवं लिवर ट्रॉन्सप्लांट एवं अन्य गंभीर बिमारियों के उपचार हेतु उन्हे आवश्यकता अनुसार सहायता उपलब्ध कराने हेतु गैस राहत विभाग द्वारा धनराशि उपलब्ध कराकर उपचार सुविधा प्रदान की जा रही है।

विभाग के अंतर्गत संचालित समरत चिकित्सालयों में अत्याधुनिक ईगरजेंसी यूनिट 24x7 गैरा पीडित मरीजों एवं उनके बच्चों के उपचार हेतु संचालित है।

गैस राहत विभाग द्वारा गैस पीड़ित मरीजों एवं उनके बच्चों के किडनी रोग (सी.के.डी. -IV) गंभीर मरीजो के उपचार के लिये कमला नेहरू चिकित्सालय, गैस राहत, भोपाल में डायलिसिस यूनिट की स्थापना की गई है, जिसके अंतर्गत 13 डायलिसिस मशीनों को स्थापित कर निःशुल्क उपचार सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

D-16150/25

## खबर संक्षेप

### जीआईएफएलएफ इंडीस्तान म्यूज़िकल एक्सपीरियंस आज से

**भोपाल।** मध्यप्रदेश टूरिज़्म द्वारा प्रस्तुत ग्रेट इंडियन फिल्म एंड लिटरेचर फेस्टिवल जीआईएफएलएफ के 10 वर्ष पूरे होने पर इंडीस्तान म्यूज़िकल एक्सपीरियंस का आयोजन किया जा रहा है। एमपीटी डीडीएक्स ड्राइव-इन सिनेमा में आज से शाम 5 बजे से रात 10 बजे चलने वाले इस कार्यक्रम में लकी, बल्लीमारान जैसे कलाकार प्रस्तुति देंगे।

### चिरंजीवी कथामृतं दुष्यंत संग्रहालय में लोकार्पित



**भोपाल।** तुलसी साहित्य अकादमी की सृजन श्रृंखला-52 के अंतर्गत डॉ. विपुल श्रीवास्तव विप्लव की सद्य प्रकाशित कृति चिरंजीवी कथामृतं का लोकार्पण एवं साहित्यिक विमर्श दुष्यंत संग्रहालय में डॉ. मोहन तिवारी आनंद की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रघुनंदन शर्मा रहे।

### आदिवासी सेवा मंडल का परिचय सम्मेलन आज

**भोपाल।** आदिवासी सेवा मंडल द्वारा युवक युवती परिचय सम्मेलन रविवार को एमपीनगर स्थित मंडल कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया है। सम्मेलन में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र आदि राज्यों से युवक युवती परिचय सम्मेलन में शामिल होंगे। आदिवासी सेवा मंडल की महिला प्रभाग की प्रदेश अध्यक्ष चंद्रा सर्वटे ने बताया कि मंडल द्वारा आदिवासी युवक युवती परिचय सम्मेलन का यह 21वां वर्ष है। परिचय सम्मेलन में मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, लक्ष्मण सिंह मरकाम शामिल होंगे। परिचय सम्मेलन के दौरान आदिवासी संस्कृति से जुड़ी हुई सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी होगी।

### कैरियर कॉलेज में आयोजित होगा सांस्कृतिक महोत्सव

**भोपाल।** भोपाल तमिल संगम द्वारा मध्य प्रदेश में तमिल सांस्कृतिक उत्सव 'पोंगल 2026' का आयोजन आज कैरियर कॉलेज ऑडिटोरियम भेल में किया जाएगा। यह महोत्सव फसल, सौहार्द्र और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के उत्सव के रूप में मनाया जाएगा, जो 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना को प्रस्तुत करेगा। इस अवसर पर तमिल संस्कृति की विविध झलकियां लोककला, शास्त्रीय एवं लोक संगीत, पारंपरिक नृत्य, रंग-बिरंगे परिधान और पारंपरिक रीति-रिवाज दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे।

### मनासा में वेंटीलेटरयुक्त वार्ड तत्काल प्रारंभ करें

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने शनिवार को मनासा पहुंच कर बैठक में जीबीएस संभावित मरीजों के उपचार की व्यवस्था पर चर्चा की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मनासा में वेंटीलेटरयुक्त वार्ड तत्काल प्रारंभ करें।

# कलयुग में भगवान के नाम जप, तप, भक्ति भाव से होगा उद्धार: पं. ओमप्रकाश शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छोला दशहरा मैदान में विश्व राधा कृष्ण योग प्रचार समिति के तत्वावधान में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में कथा वाचक पं. ओमप्रकाश शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन करते हुए बताया कि जीवन में भगवान की कृपा से ही धार्मिक कार्यों में सहभागिता मिलती है। जन हित के कार्य, भगवान की सेवा, परोपकार के कार्य में व्यक्ति तन, मन, धन से तभी शामिल हो पता है जब स्वयं भगवान उस पर कृपा करते हैं। व्यक्ति को जब भी सेवा का अवसर मिले तो उसे प्रभु कृपा समझ कर पूर्ण करना चाहिए। यही भागवत सेवा एवं प्रभु कृपा है।

पंडित ओमप्रकाश शास्त्री ने धुंधकारी मोक्ष की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि भागवत कथा का श्रवण करने से आदम से आदम व्यक्ति का भी मोक्ष हो जाता है। भागवत कथा श्रवण से व्यक्ति के जन्म-जन्मान्तर के पाप नष्ट होते हैं। कलयुग में केवल भगवान के नाम जप, तप, भक्ति भाव से ही व्यक्ति का उद्धार हो जाता है। इस अवसर पर व्यास पीठ का पूजन जयराम तिवारी, राजकुमार तिवारी, नरेंद्र लता शर्मा, रेखा श्रीवास्तव, कृष्णा पांडेय आदि ने किया। रविवार को श्रीमद् भागवत कथा में वामन चरित्र की कथा का वर्णन किया जाएगा।




श्रीमद् भागवत कथा के दौरान कथा वाचक पं. ओमप्रकाश शास्त्री।

स्नान-दान श्राद्ध अमावस्या पर्व कुंभ मेले में जाएंगे राजधानी के श्रद्धालु

# सर्वार्थ सिद्धि योग, शिववास योग व श्रवण नक्षत्र में आज मनाई जाएगी मौनी अमावस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सर्वार्थ सिद्धि योग, शिव वास योग व श्रवण नक्षत्र में माघ कृष्ण पक्ष पर रविवार को मौनी अमावस्या मनाई जाएगी। माघ माह की अमावस्या पर गंगा स्नान की परंपरा है। मौन रहकर जप, तप, साधना, पूजा-पाठ करें। तो वहीं राजधानी में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शीतलदास की बगिया, खटलापुरा व बुदनीघाट और नर्मदापुरम नर्मदा नदी में स्नान व पूजन के लिए जाएंगे।

### मौन व्रत रखने का भी खास महत्व

*मां चामुण्डा दरबाद के पुजारी गुरू पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि इस मौनी अमावस्या तिथि का खास महत्व माना गया है। साल की सभी 12 अमावस्या में यह एकमात्र अमावस्या है जिसमें स्नान-दान के अलावा मौन व्रत भी रखने का खास महत्व है। धार्मिक मान्यता के अनुसार माघ माह की अमावस्या को दान पुण्य करने से सभी प्रकार के कष्टों और पापों से मुक्ति मिलती है। धार्मिक मान्यता के अनुसार माघ माह में गंगा स्नान करना अमृत के समान होता है। इस दिन गंगा स्नान करने से लोगों को मोक्ष की प्राप्ति होती हैं। पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि इस बार मौनी अमावस्या 18 जनवरी को मनाई जाएगी। मौनी अमावस्या 18 जनवरी को सुबह 5 बजकर 14 मिनट पर सर्वार्थ सिद्धि योग शुरू होगा और 19 जनवरी को सुबह 7 बजकर 14 मिनट पर यह योग खत्म हो जाएगा। ऐसे में 18 जनवरी को सुबह 10 बजे के बाद आप जब भी किसी पवित्र नदी में स्नान करके किसी जरूरतमंद को दान करेंगे, तो आपको 100 पुण्यों को लाभ प्राप्त होगा।*

एकलव्य स्कूल के 400 छात्र-छात्राएं हॉस्टल की दीवार फांदकर निकले हरदा

# एक्सपायरी डेट की खाद्य सामग्री से बनता था खाना, पानी की टंकी में मिला मरा मेंढक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

◆ छात्र-छात्राओं के आरोप पर निरीक्षण एक्सपायरी डेट की खाद्य सामग्री मिली

◆ कलेक्टर ने सोडलपुर में पहुंचकर विद्यार्थियों से चर्चा कर आश्वासन दिया

जिले के रहटगांव स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय स्कूल में शनिवार तड़के उस वक्त बड़ा हंगामा हो गया, जब खराब भोजन और अव्यवस्थाओं से नाराज करीब 400 छात्र-छात्राएं हॉस्टल की दीवार फांदकर पैदल ही कलेक्टर से शिकायत करने निकल पड़े। छात्रों ने आरोप लगाया कि लंबे समय से भोजन की गुणवत्ता खराब है और शिकायत करने पर उन्हें धमकाया जाता है। करीब 8 किलोमीटर पैदल चलने के बाद सोडलपुर में नेशनल हाईवे पर कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने उन्हें रोक लिया। कलेक्टर ने सड़क पर ही बैठकर छात्रों की समस्याएं सुनीं।

करीब डेढ़ घंटे की समझाइश और जांच के आश्वासन के बाद छात्रों को बसों से वापस विद्यालय भेजा गया। छात्र छात्राओं का आरोप है कि प्राचार्य भोजन और नाश्ता ठीक नहीं देतीं और शिकायत करने पर स्कूल से निकालने की धमकी देती हैं। कलेक्टर ने आरोप के बाद जब जांच कराई तो आवासीय विद्यालय में जो खाद्य सामग्री मिली उसका पंचनामा अधिकारियों ने बनाया, जिसमें पाया कि अधिकांश सामग्री एक्सपायरी डेट की मिली। विधायक अभिजीत शाह ने भी नाराजगी जताई। उन्होंने पानी की टंकी देखी तो पाया कि उसमें मेंढक और कचरा मिला। आक्रोशित छात्र प्राचार्य सोनिया आनंद हाय-हाय के नारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे।



एकलव्य आदर्श आवासीय स्कूल बच्चों को समझाते अधिकारीगण।

### विधायक अभिजीत शाह भी हॉस्टल पहुंचे

*घटना की सूचना पर विधायक अभिजीत शाह भी हॉस्टल पहुंचे। जब पीने के पानी की टंकी चेक की गई तो उसके अंदर पेड़ की जड़ें और मेंढक मिले। विधायक ने इसे गंभीर लापरवाही बताते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की, ताकि विद्यार्थियों को शुद्ध भोजन मिल सके।*

### पालक समिति बनाई

सूचना मिलने के बाद सोडलपुर में कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय और एसडीएम संजीव कुमार नागू ने छात्रों को समझाया। कलेक्टर ने बताया कि भोजन की गुणवत्ता की नियमित निगरानी के लिए पालक समिति बनाई जा रही है।



एकलव्य आदर्श आवासीय स्कूल के बच्चे।



### जरूरी कार्रवाई करेंगे

छात्रों का मुख्य आक्रोश भोजन की गुणवत्ता और प्राचार्य से जुड़े मुद्दों को लेकर है। बच्चों की परेशानी को देखते हुए मौके पर पहुंचकर छात्रों को समझाकर वापस भेज दिया है। पूरे मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**सिद्धार्थ जैन,**
कलेक्टर हरदा

इटारसी स्टेशन के यात्रियों को मिलेगा लाभ

# अमृत भारत एक्स. को इटारसी स्टेशन पर हॉल्ट मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सिलीगुड़ी जंक्शन-पनवेल जंक्शन अमृत भारत एक्सप्रेस का पीएम ने शनिवार को शुभारंभ किया। इस ट्रेन को रेलवे की ओर से इटारसी स्टेशन पर हॉल्ट दिया गया है। इससे मंडल के यात्रियों को लाभ मिल सकेगा। भोपाल रेल मंडल के प्रवक्ता नवल अग्रवाल ने बताया कि रेल मंत्रालय पनवेल जंक्शन और अलीपुरद्वार जंक्शन के बीच साप्ताहिक अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन सेवा शुरू कर रहा है। यह ट्रेन पमरे के भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन दिया गया है, जिससे क्षेत्र के यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा।

जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 01032 सिलीगुड़ी जंक्शन-पनवेल जंक्शन अमृत भारत उद्घाटन विशेष सेवा 17 जनवरी को दोपहर 13:44 बजे सिलीगुड़ी से प्रस्थान किया गया। जोकि यह ट्रेन सतना, कटनी, जबलपुर, पिपरिया होते हुए देर रात यह ट्रेन इटारसी पहुंची। इस ट्रेन का हाल्ट रात 22:40 बजे इटारसी पर पहुंचने का, जोकि तीसरे दिन यह सुबह 11:30 बजे पनवेल जंक्शन पहुंचेगी। रेलवे ने इस ट्रेन की नियमित सेवा भी घोषित की है। गाड़ी संख्या



11031/11032 पनवेल-अलीपुरद्वार-पनवेल साप्ताहिक अमृत भारत एक्सप्रेस के रूप में संचालित होगी। गाड़ी संख्या 11031 पनवेल से प्रत्येक सोमवार सुबह 11:50 बजे प्रस्थान कर बुधवार दोपहर 13:50 बजे अलीपुरद्वार पहुंचेगी। वहीं, गाड़ी संख्या 11032 अलीपुरद्वार से प्रत्येक गुरुवार सुबह 4:45 बजे चलकर शनिवार सुबह 5:30 बजे पनवेल पहुंचेगी। रेलवे ने यात्रियों से इस नई सेवा का लाभ उठाने का आग्रह किया है। विस्तृत जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 139 या रेल मदद ऐप का उपयोग किया जा सकता है।

### इन स्टेशनों पर रुकेगी

मार्ग में यह न्यू जलपाईगुड़ी, कटिहार, समस्तीपुर, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, मिर्जापुर, भुसावल, नासिक रोड और कल्याण सहित प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी।

एसपीएम कॉलेजः विधायक शर्मा की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक

# स्कूल, कॉलेजों और विश्वविद्यालय के साथ शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिनिधि रहे उपस्थित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित शासकीय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय में शनिवार को विधायक रामेश्वर शर्मा की अध्यक्षता में शैक्षणिक संस्थानों शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के करीब 100 प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक की शुरूआत महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ शालिनी सक्सेना के स्वागत उद्बोधन से हुई। अध्यक्षीय संबोधन में रामेश्वर शर्मा ने 26 जनवरी को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस



समारोह के आयोजन के लिए सांस्कृतिक एवं देशभक्ति कार्यक्रमों पर चर्चा की। उन्होंने हुजूर विधानसभा क्षेत्र के विद्यालयों के विद्यार्थियों से देशभक्ति आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देने का आह्वान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति अध्यक्ष अनूप सिंह बैस, वरिष्ठ समाजसेवी बीएस बाजपेयी, मंडल अध्यक्ष प्रदीप पाटीदार, मनोहर मीणा, विधायक प्रतिनिधि अनिकेत पाण्डेय, स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी नरेंद्र कुमार अहिरवार, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के समन्वयक अमित श्रीवास्तव तथा वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ कीर्ति जैन, डॉ राजेश श्रीवास्तव, डॉ एसडी सिंह, डॉ आशा वर्मा, डॉ एस के मल्होत्रा, प्रो वीपीएस गौर, डॉ ममता पांडेय सहित शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक स्टाफ के सदस्य उपस्थित रहे।

# भक्त के कल्याण के लिए स्वयं प्रकट होते हैं भगवानः अमित



अमित कृष्ण गोस्वामी भाजपा पदाधिकारी दवे का सम्मान करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

5 नम्बर स्टॉप स्थित मंशापूर्ण हनुमान जी मन्दिर के पूज्य महंत तुलसीदास महाराज की 24वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस अमित कृष्ण गोस्वामी ने भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं, पूतना वध, एवं गोवर्धन पूजा की लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान भक्त की रक्षा के लिए स्वयं प्रकृट हो जाते जाते हैं और उनके कष्टों का हरण कर लेते हैं।

कथा के उपरांत आरती में मन्दिर के महंत रामदास त्यागी, हिंदू उत्सव समिति के उपाध्यक्ष महेंद्र दवे, पंडित प्रदीप पटेरिया, उमाशंकर तिवारी एवं अन्य भक्त बड़ी संख्या में सम्मिलित रहे।

आरटीओ में 175 कंप्यूटर ऑपरेटर की नियुक्ति अब तक नहीं

# कर्मचारियों की कमी से लाइसेंस रजिस्ट्रेशन का काम हो रहा प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेशभर के क्षेत्रीय परिवहन कार्यालयों (आरटीओ) में लंबे समय से कर्मचारियों की कमी के चलते आमजन की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही है। कर्मचारियों की कमी को दूर करने के लिए परिवहन विभाग की ओर से कंप्यूटर ऑपरेटर के 175 पदों पर आउटसोर्स कर्मियों की भर्ती करने की योजना है। इसके लिए विभाग की ओर से दस माह पूर्व टेंडर प्रक्रिया शुरू की गई, लेकिन अभी तक किसी भी कंपनी को विभाग की ओर से टेंडर नहीं दिया गया है। उल्लेखनीय है कि करीब दो साल पहले तक स्मार्ट चिप कंपनी के 450 कर्मचारी प्रदेशभर के आरटीओ में ऑपरेटर सहित अन्य संबंधित कार्य कर रहे थे। ट्रांसपोर्ट कमिश्नर विवेक शर्मा का कहना है कि यदि टेंडर प्रक्रिया के तहत कुछ कंपनियों ने भाग लिया था, लेकिन नियम शर्त पूरी नहीं होने की वजह से वह प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। ये ऑपरेटर राज्य के 50 आरटीओ में तीन से लेकर 5 तक की संख्या में नियुक्त किए जाएंगे।

स्मार्ट चिप कंपनी का टेंडर खत्म होने के बाद से भोपाल आरटीओ में लगातार कर्मचारियों की कमी देखने को मिली रही है। दरअसल कर्मचारियों के रिटायर होने व नई भर्ती नहीं होने से भी कर्मचारियों की कमी देखने को मिल रही है। इसके चलते जहां ड्राइविंग लाइसेंस, पंजीयन, टैक्स भुगतान, फिटनेस प्रमाण पत्र, परमिट 'जारी करने जैसे काम प्रभावित हो रहे है। आरटीओ सूत्रों के अनुसार भोपाल आरटीओ में ही लाइसेंस और पंजीयन सहित अन्य में 3800 के करीब की पेंडेंसी बनी हुई है।

# अराइव अलाइव इंडिया रोड सेफ्टी का हुआ आयोजन




अराइव अलाइव इंडिया रोड सेफ्टी का आयोजन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सड़क दुर्घटनाओं में जानमाल की क्षति रोकने और शहर में यातायात नियमों के प्रभावी पालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राजधानी में अराइव अलाइव इंडिया रोड सेफ्टी समिट 2026 का आयोजन किया गया। इवेंट ट्री के द्वारा आयोजित कार्यक्रम को ओम ऑटो होंडा के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य भोपाल को भारत का सबसे सुरक्षित शहर बनाने की दिशा में ठोस और नेतृत्व आधारित पहल करना रहा। समिट का आयोजन कल्पना डेलौरी (संस्थापक – इवेंट ट्री) द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शहर के विभिन्न एसोसिएशन, सामाजिक संगठनों और रेजिडेंशियल सोसाइटीज़ के अध्यक्षों एवं प्रतिनिधियों ने भाग लेकर सड़क सुरक्षा जैसे गंभीर सामाजिक विषय पर मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

संभाला रिजॉर्ट में खेलकूद और अन्य स्पर्धाओं का किया आयोजन

# आईपीएस सर्विस मीट का दूसरा दिन रहा मनोरंजक कार्यक्रमों के नाम

### रस्सी खींच प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आईपीएस सर्विस मीट का दूसरा दिन, शनिवार को इंटरटेनमेंट गेम्स और मनोरंजन कार्यक्रमों के नाम रहा। प्रदेशभर से आए आईपीएस अधिकारियों और उनके परिवारों में इस मीट को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। अधिकारियों एवं उनके परिजनों के लिए संभाला रिजॉर्ट में खेलकूद और अन्य स्पर्धाओं का आयोजन किया गया।







### बैलून गेम में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया

बैलून गेम में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया,प्रतिभागियों को ब्लू, रेड, ग्रीन और येलो टीम में विभाजित किया गया। प्रतिभागियों को ब्लू, रेड, ग्रीन और येलो टीम में विभाजित किया गया।

### प्रतिभागियों को ब्लू, रेड, ग्रीन और येलो टीम में विभाजित किया गया

स्पर्धाओं में रस्साकशी, हुला हूप, फन अंताक्षरी और बैलून गेम शामिल रहे, जिनमें सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों के लिए भी अलग-अलग स्पर्धाएं आयोजित की गईं, जिनका उन्होंने भरपूर आनंद लिया। इसके बाद सभी अधिकारियों को सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) का प्रशिक्षण भी दिया गया।
सर्विस मीट के दूसरे दिन रस्सी खींच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।अलग-अलग टीम बनाकर दूसरे दिन कई प्रतियोगिताएं हुईं हैं।अलग-अलग टीम बनाकर दूसरे दिन कई प्रतियोगिताएं हुईं हैं।

भोपाल
रविवार, 18 जनवरी 2026
माघ मास कृष्ण पक्ष-अमावस्या
वर्ष : 12, अंक : 289
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 26
न्यून. 10

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

बरैया की महिलाओं पर अशोभनीय टिप्पणी पर राहुल ने चुप्पी साधी, मंच पर भी बैठाया

## बरैया अड़े-माफी नहीं मांगूंगा सीएम ने कहा निलंबित करें पटवारी बोले-ये निजी विचार


उमंग, बरैया, जीतू, राहुल गांधी एक साथ मंच की तरफ जाते हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भांडेर से कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया के हालिया बयान ने देश की राजनीति में तीखा विवाद खड़ा कर दिया है। उन्होंने विशेष वर्ग की महिलाओं के साथ होने वाले यौन अपराधों को धार्मिक ग्रंथों से जोड़कर अभद्र टिप्पणी कर दी। उन्होंने अपने बयान में आपराधिक कार्यों को तीर्थ यात्रा से भी जोड़ते हुए पुण्य का बता दिया। लोकसभा ▶▶ शेष पेज 4 पर

पटवारी ने बाद में कहा- बरैया से स्पष्टीकरण मांगा गया है

सीएम डॉ. यादव ने कहा

### ऐसे नेता समाज में जहर घोलने का काम कर रहे

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया का बयान महिला-विरोधी है। ऐसे नेता समाज में जहर घोलने का काम कर रहे हैं। बरैया ▶▶ शेष पेज 4 पर ▶▶ पढ़ें पेज 02 भी

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी इंदौर पहुंचे, बॉम्बे हास्पिटल व भागीरथपुरा जाकर की पीड़ितों से मुलाकात

# कहा-यह 'स्मार्ट सिटी' का नया मॉडल है, जहां पीने का पानी ही उपलब्ध नहीं

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से प्रभावित लोगों से मैं मिला हूं। कई परिवार के सदस्यों की मौत हुई है और कई बीमार हुए हैं। वादा किया गया था कि 'स्मार्ट सिटी' दी जाएंगी। मगर ये स्मार्ट सिटी का नया मॉडल है, जहां पीने का पानी नहीं है और लोगों को डराया जा रहा है। राहुल ने कहा कि स्मार्ट सिटी मॉडल में पानी में जहर, हवा में जहर, दवा में जहर, जमीन में जहर और ▶▶ शेष पेज 4 पर

कहा- इस मॉडल में पानी में जहर, हवा में जहर, दवा में जहर, जमीन में जहर और जवाब मांगों तो चलेगा बुलडोजर


मरीजों से मिले राहुल गांधी

प्रभावितों को राहुल ने एक-एक लाख, सिंघार ने दिए 50-50 हजार के चैक, कहा- हम आपके साथ हैं


मृतकों के परिजनों से चर्चा करते हुए राहुल गांधी

### किसी न किसी को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए

राहुल गांधी ने कहा कि यह समस्या सिर्फ इंदौर तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रदेश और देश के कई शहरों में यही स्थिति है। भाजपा सरकार साफ पानी और साफ हवा जैसी बुनियादी जिम्मेदारियों को निभाने में पूरी तरह विफल रही है। इस त्रासदी के लिए किसी न किसी को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और पीड़ितों को मुआवजा मिलना चाहिए। राहुल ने कहा कि आज भी लोगों को साफ पानी नहीं मिल रहा है। लोग सिर्फ वही मांग कर रहे हैं जो सरकार का कर्तव्य है, स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष के रूप में जनता के मुद्दे उठाना मेरी जिम्मेदारी है, आप इसे राजनीति कहें या जो भी आपको उचित लगे।

MSN माता श्री नेत्रालय
1984 से निरंतर सेवा...
मल्टीस्पेशलिटी नेत्र संस्थान
माताश्री नेत्रालय विगत 42 वर्षों से नेत्र सेवा में तन्मयता से सेवारत...
नेत्र सेवा में विश्वास
डॉ. पी.एस. बिन्द्रा
M.B.B.S., M.D., D.O.M.S.
डॉ. प्रीति बिन्द्रा M.B.B.S., M.S., FCRS लेजर विशेषज्ञ
डॉ. वाहवीर बिन्द्रा M.B.B.S., M.S., FRVS रेटिना विशेषज्ञ
जी-2, मनोरा होम्स के पास (ओरा मॉल के पीछे) गुलमोहर कॉलोनी, भोपाल
समय : सुबह 10.30-3 बजे तक शाम 4.30-6.30 बजे (रविवार अवकाश)
फोन : 0755-2562222, 2562233
मो.: 9826084896

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

4400 करोड़ की लागत से 8 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का हुआ शिलान्यास

केंद्रीय मंत्री गडकरी बोले- देश के समग्र विकास के महायज्ञ में 'सबसे बड़ी आहुति' मप्र की ही होगी

# गडकरी ने मप्र में 1 लाख करोड़ रुपए के राजमार्ग विकास कार्यों की दी मंजूरी


नितिन गडकरी

गडकरी ने कहा कि किसानों को अन्नदाता के साथ ऊर्जादाता, हवाई ईंधनदाता और डामरदाता भी बनाना हमारा लक्ष्य। नागपुर में किसान एथेनॉल का उत्पादन कर रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि मप्र में 1 लाख करोड़ रुपए लागत के सड़क और राजमार्ग विकास कार्यों को मंजूरी दी गई है। प्रदेश में अभी 2 लाख करोड़ लागत के अनेक काम चल रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में उद्योग आएंगे, व्यापार बढ़ेगा, निर्यात बढ़ेगा।

यहां के युवाओं को रोजगार मिलेगा और मप्र एक प्रगतिशील, समृद्ध और संपन्न प्रदेश बनेगा। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के विकास ▶▶ शेष पेज 4 पर

मप्र सहित विदिशा संसदीय क्षेत्र को मिली कई सौगातें


मंच पर उपस्थित नितिन गडकरी, डॉ. मोहन यादव, शिवराज सिंह चौहान एवं भाजपा के वरिष्ठजन

सीआरएफ से 1600 करोड़ देने की घोषणा, इसमें से 400 करोड़ मिलेंगे विदिशा संसदीय क्षेत्र को

सागर-विदिशा-कोटा तक बनेगा नया ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस हाइवे, 75 किमी दूरी होगी कम

### हमारे कृषि यंत्र किसानों के तैयार ईंधन पर चलने चाहिए

केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा कि हमारे कृषि यंत्र किसानों के तैयार ईंधन पर चलने चाहिए। नागपुर शहर में टॉयलेट का पानी बेचने से ही 300 करोड़ मिल जाते हैं। अगर देश को नेता सही मिलें तो वेस्ट भी वेल्थ में बदलता है। देश के विकास का श्रेय जनप्रतिनिधियों को नहीं, उन्हें चुनने वाली जनता को जाता है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा



### रायसेन में बनेगा मेडिकल कॉलेज, सभी प्रक्रियाएं जल्द से जल्द शुरू कराएंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रायसेन में मेडिकल कॉलेज बनेगा। इसकी सभी प्रक्रियाएं जल्द से जल्द शुरू कराएंगे। विदिशा को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी और पूर्व विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा ▶▶ शेष पेज 4 पर

### इधर सीएम ने मांग की, उधर गडकरी ने फौरन मंजूरी दी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय मंत्री गडकरी से मांग करते हुए कहा कि आगरा-ग्वालियर-भोपाल-नागपुर तक 500 किलोमीटर से अधिक दूरी का एक नया नेशनल हाईवे (ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे) बनाने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों में 50 सड़कों के निर्माण के लिए 4500 करोड़ रुपए की मांग गडकरी से की, जिसे केंद्रीय मंत्री ने तत्काल मंजूरी दे दी।

### विदिशा को एक रिंग रोड की आवश्यकताः चौहान

केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री चौहान ने कहा कि केंद्रीय मंत्री गडकरी विकास का दूसरा नाम हैं। उन्होंने कहा कि विदिशा संसदीय क्षेत्र का विकास ही मेरा लक्ष्य है। मप्र की जनता की सेवा करने की हर संभव कोशिश की है। विकास ▶▶ शेष पेज 4 पर


पचमढ़ी के चौरागढ़ का मनमोहक दृश्य

कल्याणपुर में 3 तो उमरिया में 4.8 डिग्री

# बाकी जगह तापमान बढ़ा पर अभी भी कंपकंपा रहा शहडोल का कल्याणपुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित अधिकांश जिलों में अभी तापमान में घट-बढ़ का दौर जारी है। शनिवार को प्रदेशभर में दिन का पारा सामान्य से औसतन दो डिग्री तक अधिक रहा, जबकि रात का एक डिग्री तक अधिक है।

दिन का पारा औसतन 27 और रात का 10 डिग्री तक रहा है। सबसे कम रात का पारा कल्याणपुर शहडोल में 3 डिग्री रहा। उमरिया 4.8, राजगढ़, खजुराहो 5, चित्रकूट (सतना) 5.2 और मंडला में 5.4 डिग्री रहा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अब राजस्थान के ऊपर एक इन्यूस्ड साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना है। इससे अगले कुछ दिनों में मौसम में बदलाव की उम्मीद है। विशेषकर 22 जनवरी के बाद बदलाव ▶▶ शेष पेज 4 पर

आज अनूपपुर शहडोल, उमरिया कटनी और मैहर में शीतलहर का अलर्ट


### आज यहां कोहरा और शीतलहर

रविवार को अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी और मैहर में शीतलहर का अलर्ट है, जबकि ग्वालियर, दतिया, भिंड, रीवा, सतना, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी आदि जिलों में मध्यम से हल्के कोहरे का असर रह सकता है। दो दिन मौसम में फिलहाल कोई विशेष बदलाव नहीं होगा। शनिवार को भोपाल में दिन-रात का पारा एक से डेढ़ तक बढ़कर क्रमशः 27.7 और 7.4 डिग्री ▶▶ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### आरटीओ के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा का स्कूल अटैच

**भोपाल।** राजधानी के मेंडोरी इलाके में दिसंबर 2024 में 52 किलो सोना और 11 करोड़ रुपए नकद उगलने वाली इनोवा कार मामले में आयकर विभाग की कार्रवाई आगे बढ़ रही है।



इस प्रकरण में आरटीओ के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा से जुड़ी एक और बड़ी संपत्ति पर शिकंजा कसते हुए आयकर विभाग की बेनामी निषेध इकाई ने शाहपुरा स्थित एक स्कूल भवन को अस्थायी रूप से अटैच कर लिया है।

### ट्रेनी कॉन्स्टेबल को डंपर ने कुचला, मौके पर मौत

**बड़वाह।** इंदौर से ओंकारेश्वर जा रहे भाई-बहन की बाइक को तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी।



हादसे में पीछे बैठी बहन के सिर के ऊपर से डंपर का पहिया गुजर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक चला रहा भाई बाल-बाल बच गया। हादसा शनिवार दोपहर करीब 1 बजे इंदौर-इच्छापुर हाईवे पर बड़वाह के पास हुआ। मृतका की पहचान ऋचा राजोरिया (24) के रूप में हुई है।

45 दिन बाद राजकोट कोर्ट का फैसला

# बच्ची से रेपःआलीराजपुर के युवक को 'फांसी' की सजा

प्राइवेट पार्ट में डाली थी 5 इंच की रॉड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आलीराजपुर


राम सिंह (आरोपी)

7 साल की बच्ची से रेप के मामले में गुजरात की राजकोट कोर्ट ने आलीराजपुर (मप्र) के युवक को फांसी की सजा सुनाई है। रेप के बाद युवक ने बच्ची के प्राइवेट पार्ट में 5 इंच लंबी रॉड डाल दी थी।

वारदात बीते साल 4 दिसंबर को हुई। पुलिस ने शक के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया और 4 दिनों में 8 दिसंबर को आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। 12 जनवरी 2026 को अदालत ने अपना फैसला सुनाते हुए आरोपी को दोषी करार दिया। शनिवार को राजकोट की विशेष अदालत के न्यायाधीश ▶▶ शेष पेज 4 पर

परिजनः एक छेड़छाड़ से परेशान थीं

# बरेला में दो छात्राएं फांसी के फंदे पर लटकी मिलीं

दूसरी छात्रा ने पिता की डांट से उठाया कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

बरेला क्षेत्र में रहने वाली दो नाबालिग छात्राएं घर में फांसी के फंदे पर लटकी मिलीं। दोनों ही छात्राएं एक ही स्कूल में पढ़ती थीं।

एक छात्रा के परिजन का आरोप है कि उनकी बेटी ने एक युवक की छेड़छाड़ से परेशान होकर यह कदम उठाया है। तो दूसरी ने पिता


सड़क पर धरना देती हुईं महिलाएं

की डांट से नाराज होकर ऐसा किया। छात्रा के परिजनों ने नाराज होकर बरेला थाने का घेराव कर दिया। छात्रा के परिजनों का कहना है कि दूसरे गांव का एक युवक उसे लगातार ▶▶ शेष पेज 4 पर

# हावड़ा और कामाख्या के बीच ट्रेन शुरू


स्कूली विद्यार्थियों से चर्चा करते हुए पीएम मोदी

### देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन शुरू, पीएम मोदी ने दिखाई हरी झंडी

**नई दिल्ली।** देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन शुरू हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के मालदा से इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इस मौके पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी मौजूद थे। यह ट्रेन हावड़ा (पश्चिम बंगाल) और कामाख्या (असम) के बीच चलेगी। वंदे ▶▶ शेष पेज 4 पर

भारत-न्यूजीलैंड के बीच वन डे मुकाबला आज

# ड्रोन के साथ पतंगबाजी भी 'बैन' टिकट के लिए एडवाइजरी जारी

यह मुकाबला सीरीज का अंतिम और निर्णायक मैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

इंदौर के होल्कर स्टेडियम में रविवार दोपहर 1.30 बजे से भारत और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले एक दिवसीय क्रिकेट मैच को लेकर शहर में जबरदस्त माहौल बना हुआ है। होटल रेडिसन से लेकर स्टेडियम तक प्रशंसकों का तांता लगा है।

शनिवार सुबह न्यूजीलैंड की टीम ने नेट पर अभ्यास किया, जबकि भारतीय टीम दोपहर 1 बजे मैदान पर उतरी। इस दौरान कई


विराट कोहली टीम इंड़िया के साथ बाबा महाकाल के दर्शन करने पहुंचे

खिलाड़ी उज्जैन में बाबा महाकाल का आशीर्वाद लेने भी पहुंचे। पुलिस ने एडवाइजरी जारी कर नागरिकों को सचेत ▶▶ शेष पेज 4 पर

संघ प्रमुख डॉ. भागवत ने कहा कि अगर भारत में कुछ भी होता है, तो इसके बारे में हिंदुओं से पूछा जाएगा

भारत केवल एक भौगोलिक क्षेत्र का नाम नहीं, बल्कि देश का चरित्र

# शक्ति में केवल सशस्त्र बल ही नहीं, बल्कि बुद्धि, सिद्धांत और नैतिक मूल्य भी शामिल

एजेंसी ▶▶ संभाजी नगर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि भारत में कुछ भी अच्छा या बुरा घटित हो, तो हिंदुओं से इसके बारे में पूछा जाएगा, क्योंकि भारत केवल एक भौगोलिक क्षेत्र का नाम नहीं, बल्कि देश का चरित्र है।

डॉ. भागवत ने कहा कि हिंदू समाज पारंपरिक रूप से समावेशी और सभी को स्वीकार करने वाला रहा है जो रीति-रिवाजों, पहनावे, खान-पान, भाषा, जाति और उपजाति में विविधता


डॉ. मोहन भागवत

को अपनाता है। इन मतभेदों को संघर्ष का कारण नहीं बनने देता। उन्होंने यह बातें मध्य महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर जिले के गंगापुर में आयोजित हिंदू सम्मेलन में कहीं। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि जो लोग एकीकरण और सद्भावपूर्ण सह-अस्तित्व में विश्वास रखते हैं, वे हिंदू समाज और देश के सच्चे चरित्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। यह परंपरा सदियों से आक्रमणों और विनाश के बावजूद संरक्षित रही है। ऐसे लोग हिंदू कहलाते हैं और उनकी भूमि भारत कहलाती है। उन्होंने कहा कि अगर लोग अच्छे, दृढ़ और ईमानदार ▶▶ शेष पेज 4 पर

### हमें हिंदू मित्र बनाने चाहिए

डॉ. भागवत ने आत्मनिर्भरता और स्थानीय उत्पादों के उपयोग पर जोर देते हुए कहा कि हमें स्थानीय वस्तुएं खरीदनी चाहिए। जो चीज यहां नहीं बन सकती, उसे अन्य देशों से खरीदा जा सकता है। भारतीय नीति निर्माता अंतरराष्ट्रीय व्यापार कर रहे हैं, लेकिन किसी के दबाव में नहीं। हमने आत्मनिर्भरता का मार्ग चुना है और हमें इसी मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें विदेशों में रोजगार सृजन की चिंता नहीं करनी चाहिए, यह उन्हें करना है। जब वैश्वीकरण की बात करते हैं, तो वे वैश्विक बाजार की अपेक्षा रखते हैं। हम वैश्विक परिवार की अपेक्षा रखते हैं। संघ प्रमुख ने कहा कि हमें जाति, संप्रदाय, भाषा या व्यवसाय की परवाह किए बिना हिंदू मित्र बनाने चाहिए।

## भाजपा नेत्रियों ने दी कड़ी प्रतिक्रिया राजधानी सहित प्रदेश भर में हुए विरोध प्रदर्शन, जलाया पुतला

# महिलाओं पर बयान देकर घिरे विधायक बरैया, कांग्रेस ने किया किनारा, भाजपा की मांग : पार्टी से करें बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया द्वारा महिलाओं को लेकर दिए गए विवादित बयान के बाद प्रदेश में सियासी हलचल तेज हो गई है। भाजपा ने जहां बरैया के बयान का विरोध करते हुए कांग्रेस पार्टी से बाहर करने की मांग की है। वहीं दूसरी आरे कांग्रेस बरैया के बयान से किनारा करते नजर आ रही है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने बरैया से स्पष्टीकरण मांगा है और साफ किया है कि पार्टी ऐसे बयान से सहमत नहीं है।

इधर दूसरी इंदौर, भोपाल एवं जबलपुर सहित पूरे प्रदेश में भाजपा महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी एवं कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर बरैया से सार्वजनिक माफी एवं कांग्रेस से निष्कासन की मांग की। भोपाल के बोर्ड ऑफिस चौराहे पर महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी से फूल सिंह बरैया को निष्कासन की मांग करते हुए उनका पुतला जलाया। इसके साथ ही प्रदेश के अन्य सभी जिलों में भी महिला मोर्चा द्वारा विरोध प्रदर्शन कर बरैया से सार्वजनिक माफी की मांग करते हुए पुतला जलाया गया।


फूल सिंह बरैया


विरोध-प्रदर्शन

### नारी सम्मान की संस्कृति को विकृत करने का प्रयास कर रही है कांग्रेसः अश्विनी परांजपे

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे ने फूल सिंह बरैया के बयान पर कहा कि बलात्कार जैसे जघन्य अपराध को 'तीर्थ' से जोड़ने का प्रयास न केवल घोर आपत्तिजनक है, बल्कि भारतीय संस्कृति और नारी सम्मान की परंपरा का अपमान भी है। भाजपा और महिला मोर्चा नारी सम्मान के किसी भी अपमान को बर्दाश्त नहीं करेगा और इसके खिलाफ सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रहेगा।


अश्विनी परांजपे

### बरैया का बयान उनका व्यक्तिगत विचार:पटवारी

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है कि महिलाओं के साथ बलात्कार करने वाले अपराधी की कोई जाति या धर्म नहीं होता है। एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार सरकार की विफलता के कारण मध्य प्रदेश में हर रोज़ 22 बलात्कार हो रहे हैं। इस विषम परिस्थिति में हर नागरिक की जिम्मेदारी बनती है कि हम इस अराजकता को रोकने और प्रदेश को सुरक्षित बनाने के लिए आगे आएं। फूलसिंह बरैया का जो बयान सामने आया है, वह उनका व्यक्तिगत विचार है। कांग्रेस पार्टी इस प्रकार के बयान से इत्तेफाक नहीं रखती। इस संदर्भ में उनसे स्पष्टिकरण माँगा गया है।


जीतू पटवारी।

## नारी सम्मान कांग्रेस के लिए मूल्य नहीं, सिर्फ वोट बैंक : हेमंत

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी मंचों से महिला सम्मान और सशक्तिकरण की बातें करती हैं, लेकिन अपनी ही पार्टी के विधायक द्वारा दिए गए महिला विरोधी और अमर्यादित बयानों पर उनकी चुप्पी बहुत कुछ कहती है। यह चुप्पी स्पष्ट करती है कि यह कोई व्यक्तिगत भूल नहीं, बल्कि कांग्रेस की नीति और मानसिकता का हिस्सा है। कांग्रेस के लिए नारी सम्मान कोई मूल्य नहीं, बल्कि केवल एक वोट बैंक बनकर रह गया है। भाजपा की स्पष्ट मांग है कि सोनिया गांधी, राहुल गांधी और श्रीमती प्रियंका गांधी सार्वजनिक रूप से माफी मांगें।


हेमंत खंडेलवाल

### ग्रंथों की संकीर्ण व्याख्या सामाजिक एकता के लिए घातक : मुकेश

मप्र कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने बरैया द्वारा रुद्रयामल तंत्र ग्रंथ के संदर्भ में दिए गए बयानों का तथ्यात्मक रूप से खंडन किया है। नायक ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक मंचों से प्राचीन ग्रंथों की भ्रामक व्याख्या करना उचित नहीं है, यह समाज के विभिन्न वर्गों के बीच अविश्वास पैदा करने वाला निरर्थक प्रयास है। नायक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सभी धर्मग्रंथों का सम्मान करती है और किसी भी नेता के ऐसे निजी विचारों का समर्थन नहीं करती जो बिना अध्ययन के धार्मिक आस्थाओं और गौरवशाली परंपराओं पर चोट करते हों। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं से अपील की है कि वे ग्रंथों के मर्म को समझें और किसी भी प्रकार के सांस्कृतिक भ्रम का शिकार न हों।


मुकेश नायक

### बरैया का बयान कोई जुबानी फिसलन नहीं, बल्कि विकृत सोच का प्रदर्शनः आशीष अग्रवाल


आशीष ऊषा

भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष ऊषा अग्रवाल ने कांग्रेस विधायक बरैया कि बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया का बयान कोई जुबानी फिसलन नहीं, बल्कि बीमार, विकृत और आपराधिक सोच का सार्वजनिक प्रदर्शन है। महिलाओं को "खूबसूरती" के तराजू पर तौलना और एससी-एसटी समाज की महिलाओं के साथ बलात्कार जैसे जघन्य अपराध को "तीर्थ फल" कहना, यह बयान नहीं, अपराधी मानसिकता की स्वीकारोक्ति है। यह स्त्री-द्वेष, दलित-विरोध और मानवता पर सीधा हमला है।

### *कांग्रेस पार्टी ऐसे किसी भी बयान का समर्थन नहीं करती है : डॉ. संजय कामले*

*कांग्रेस प्रदेश महासचिव डॉ. संजय कामले ने कहा कि उक्त बयान पूरी तरह से उनके निजी विचार हैं, जिनका कांग्रेस पार्टी से कोई संबंध नहीं है। बरैया जिन धर्मग्रंथों का हवाला दे रहे हैं, उन धर्मग्रंथों में इस संदर्भ में कोई भी व्याख्या नहीं है। मैंने स्वयं विभिन्न वेद एवं धर्मग्रंथों का अध्ययन किया है, लेकिन किसी भी धर्मग्रंथ में इस प्रकार की बातों का उल्लेख नहीं मिलता। न ही किसी भी धर्म में इस तरह की सोच का समर्थन किया गया है।*


डॉ. संजय कामले

## खबर संक्षेप

### भाजपा सहयोग सेल में पदाधिकारियों की होगी नियुक्ति

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा कार्यकर्ताओं से संवाद और उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए प्रदेश कार्यालय में सहयोग सेल की व्यवस्था शुरू की है। इस सहयोग सेल में प्रदेश संयोजक और जिला संयोजक नियुक्त किए जाएंगे। सहयोग सेल में रिटायर्ड आईएएस अफसर भी शामिल करने पर विचार चल रहा है। इधर दूसरी ओर भाजपा के जिला पदाधिकारियों के जिला कार्यालय में बैठने के दिन तय किए जा रहे हैं। जो कार्यालय में बैठकर आम लोगों और कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनेंगे। जिन मामलों का निराकरण जिला स्तर पर नहीं हो पा रहा है तो ऐसे मामलों को प्रदेश कार्यालय की सहयोग सेल के पास भेजा जाएगा। इनमें प्रशासनिक समस्याएं और संगठन दोनों तरह के मामलों का निराकरण किया जाएगा। प्रदेश कार्यालय मंत्री श्याम महाजन द्वारा इस संबंध में सभी भाजपा जिला अध्यक्षों को पत्र जारी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

### ओबीसी-एससी-एसटी का आंदोलन आज

**भोपाल।** गोविंदपुरा भेल दशहरा में रविवार को ओबीसी-एससी-एसटी संयुक्त संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में महाआंदोलन आयोजित किया जा रहा है। महाआंदोलन में पदोन्नति में आरक्षण, बैकलॉग पदों पर भर्ती, ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण, सामाजिक न्याय और संवैधानिक अधिकारों के क्रियान्वयन को लेकर राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा। अपाक्स के संरक्षक भुवनेश पटेल ने ओबीसी-एससी-एसटी महाआंदोलन में 50 हजार से अधिक लोग शामिल होंगे। इसमें अपाक्स से जुड़े कर्मचारी संगठनों के साथ ही ओबीसी, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के कर्मचारी, सामाजिक संगठन और जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। भुवनेश पटेल ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा के खिलाफ की गई कार्रवाई दुर्भावनापूर्ण और एकतरफा है।

### पानी में क्लोरीन का लेवल नापने निकली जांच टीम ने लिए 201 सैंपल

# कटारा, करोंद में ई-कोलाई मिलने के बाद क्लोरीन जांच, अब होगा स्वास्थ्य चेकअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कटारा और करोंद की राजीव कॉलोनी में नगर निगम के सप्लाई वाले पानी में ई-कोलाई बैक्टीरिया मिलने के बाद हड़कंप मच गया है। निगम ने शनिवार को भी इन क्षेत्रों से पानी की सैंपलिंग कर सैंपल लेबोरेटरी भेजे हैं। जांच टीम ने मौके पर ही पानी में क्लोरीन के लेबल की जांच कर बैक्टीरिया जांच के लिए सैंपल लिए गए हैं। इधर दोनों क्षेत्रों में दूषित पानी की रिपोर्ट को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग का अमला सक्रिय हो गया है। यहां पर बीमार लोगों के बारे में जानकारी भी जुटाई जा रही है, जिससे हालात न बिगड़े।

हरिभूमि ने पिछले दिनों कटारा, करोंद, अयोध्या और कोलार रोड क्षेत्र से नगर निगम के नल कनेक्शन से डायरेक्ट सैंपलिंग कराई थी। जिसकी जांच लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की राज्य प्रयोगशाला में कराई गई। जांच रिपोर्ट में कटारा के गौरीशंकर परिसर और करोंद के राजीव कॉलोनी में ई-कोलाई मिलने की पुष्टि हुई। दरअसल इन जगहों पर नगर निगम के फिल्टर प्लांट से टंकियां भरकर पानी सप्लाई किया जाता है। ऐसे में इन जगहों पर पानी दूषित मिलने के बाद नगर निगम के अफसरों में हड़कंप मच गया है। जोन-17 की कार्यपालन यंत्री बबली शर्मा का कहना है कि क्षेत्र में पानी की सैंपल जांच रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



पानी का सेंपल लेती जांच टीम।

### सोमवार को आएगी नगर निगम के सैंपलों की जांच रिपोर्ट

#### 90 फीसदी लोगों को पानी की गुणवत्ता पर संदेह

*इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से 24 लोगों की मौत के बाद जन स्वास्थ्य अभियान इंडिया द्वारा जल आपूर्ति को लेकर इंदौर और भोपाल में सर्वे किया गया। भोपाल में इस सर्वे में 53 लोगों ने हिस्सा लिया। जिसमें 11 लोगों का व्यक्तिगत और 42 लोगों ने दो फोकस ग्रुप डिस्कशन को शामिल किया गया। सर्वे रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि भोपाल में 53 में से 52 यानि 90 फीसद लोगों ने पीने के पानी पर संदेह जताया। इसके साथ किसी को यह पता नहीं था कि पानी की जांच कहां और कैसे कराई जाती है। इधर इंदौर में 40 प्रतिशत लोगों ने माना कि उन्हे पानी से होने वाली बीमारियां जैसे उल्टी दस्त, टाईफाईड और पीलिया से पीड़ित हुए है।*

### नगर निगम ने अब तक विभिन्न क्षेत्रों से 4 हजार 646 सैंपल लिए

नगर निगम के सप्लाई वाले पानी की जांच के लिए शनिवार को झुग्गी बस्तियों सहित अन्य जगहों से पानी के 201 सैंपल लिए गए। साथ ही नारियल खेड़ा रेशम केन्द्र और यातायात पार्क स्थित पानी की टंकियों की सफाई भी कराई। निगम अमले ने अब तक 1795 झुग्गी बस्ती सहित शहर के अन्य क्षेत्रों से 4 हजार 646 पानी के सैंपल लिए हैं।

### 28 जनवरी से 11 मार्च तक कार्यक्रम

## मेपकास्ट करेगा एआई आधारित प्रौद्योगिकी उद्यमिता विकास कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (एमपीसीएसटी) द्वारा एआई आधारित प्रौद्योगिकी उद्यमिता विकास कार्यक्रम का आयोजन 28 जनवरी से 11 मार्च 2026 तक विज्ञान भवन, नेहरू नगर भोपाल में किया जाएगा। इस 6 सप्ताह के कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में नवाचार, तकनीकी दक्षता और उद्यमशील सोच को सशक्त करना है। कार्यक्रम भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रौद्योगिकी अनुवाद एवं नवाचार प्रभाग द्वारा प्रायोजित है।

इसके माध्यम से प्रतिभागियों को एआई की मौलिक एवं उन्नत अवधारणाओं, आधुनिक टूल्स और उनके व्यावहारिक अनुप्रयोगों का गहन प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे सामाजिक एवं औद्योगिक समस्याओं के समाधान के लिए नवाचारी, स्केलेबल और सतत स्टार्टअप विकसित कर सकें।



फाइल फोटो।

#### *इन प्रमुख विषयों पर होगी ट्रेनिंग*

*कार्यक्रम में उद्यमिता की समझ, एमएसएमई सहायता योजनाएं, वित्तीय संस्थान, परियोजना चयन एवं पूर्व-व्यवहार्यता अध्ययन, बाजार सर्वेक्षण, प्रारंभिक परियोजना रिपोर्ट निर्माण, संचार एवं सॉफ्ट स्किल्स विकास, प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग, जनरेटिव एआई, उत्पादन योजना, कार्यशील पूंजी प्रबंधन, विपणन, वित्त, मानव संसाधन, कानूनी औपचारिकताएं, कराधान और नेतृत्व कौशल जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल हैं।*

#### यह कार्यक्रम में होंगे शामिल

कार्यक्रम में देश के विभिन्न संगठनों और संस्थानों से जुड़े अनुभवी विशेषज्ञ, शासकीय विभागों के अधिकारी, सफल उद्यमी, बैंकर्स, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, विपणन एवं प्रेरणात्मक विशेषज्ञ और उद्यमिता विकास संस्थानों के प्रतिनिधि अपने अनुभव साझा करेंगे। प्रशिक्षण की कार्यप्रणाली में व्याख्यान, केस स्टडी, समूह अभ्यास, प्रस्तुतिकरण, हैंड्स-ऑन सत्र और उद्यमियों के साथ संवाद शामिल रहेगा।

## मुख्यमंत्री 30 जनवरी को पुष्प महोत्सव का करेंगे शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सीएम के मुख्य आतिथ्य में 30 जनवरी को राजधानी के हृदय स्थल गुलाब गार्डन में पुष्प महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस महोत्सव में भोपाल वासी 5 हजार से अधिक गमलों एवं 2 हजार से अधिक कट फ्लॉवर में सजी विभिन्न किस्मों के पुष्पों की सुगंध और सौंदर्य का आनंद ले सकेंगे।

पुष्प महोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक आयुक्त उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण अरविंद दुबे की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में नेशनल रोज सोसायटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष सुशील प्रकाश, मप्र रोज सोसायटी के अध्यक्ष गर्दे सहित सोसायटी के अन्य सदस्य एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। आयुक्त ने बताया कि राज्य सरकार वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मना रही है। इसी क्रम में कृषि और उद्यानिकी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस पुष्प महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव में भोपाल सहित प्रमुख जिलों—इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम, पचमढ़ी, गुना, ग्वालियर आदि से 5 हजार से अधिक गमले एवं 2 हजार से अधिक कट फ्लॉवर प्रदर्शित किए जाएंगे।

### सुबह 11 से 2 बजे तक कर सकेंगे भ्रमण

## लोकभवन 25 से 27 जनवरी तक आमजन के लिए खुलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल के निर्देश पर गणतंत्र दिवस के अवसर पर लोकभवन को तीन दिनों के लिए आम नागरिकों के भ्रमण के लिए खोला जा रहा है।

नागरिकों के भ्रमण के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों और लघु फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। आमजनों के लिए चित्र प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य आमजन को लोकतांत्रिक संस्थाओं से जोड़ना तथा गणतंत्र दिवस के महत्व को और अधिक सशक्त बनाना है। उन्होंने बताया कि नागरिक 25 जनवरी से 27 जनवरी तक निर्धारित समय में लोकभवन का अवलोकन कर सकेंगे। 25 जनवरी और 27 जनवरी को लोकभवन अपरान्ह 2 बजे से सायं 8 बजे तक खुला रहेगा। वहीं 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को लोकभवन भ्रमण सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक ही किया जा सकेगा।

### समन्वय भवन में आयोजित किया गया कार्यक्रम

## जब बुराइयों से मुक्ति मिलेगी, तभी समाज की प्रगति होगीः सबनानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद एवं सिंधी मेला समिति के संयुक्त तत्वाधान में राजधानी भोपाल में पहली बार सिंधु प्रवाह नई दिशा-नई दिशा कार्यक्रम शनिवार को समन्वय भवन में आयोजित किया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान झूलेलाल एवं संत हिरदाराम साहिब की तस्वीर पर दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

इस अवसर पर विधायक भगवानदास सबनानी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए उन्होंने सिंधु प्रवाह कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा समाज जो विविधता और समृद्ध संस्कृति का प्रतीक है, आज भी कई गहरी जड़ों वाली सामाजिक बुराइयों से ग्रसित है। ये कुरीतियां न केवल समाज की प्रगति में बाधा डालती हैं, बल्कि व्यक्तिगत और पारिवारिक जीवन पर भी नकारात्मक प्रभाव डालती हैं।

### अपने बच्चों से करें मातृभाषा में बात

सिंधी समाज में रहने वाले मध्यम वर्ग की हम सब को मिल कर चिंता करना चाहिए, हिंदुस्तान में मामूली संख्या वाले समाज के लोगों के पास अपना प्रदेश है परंतु हिंदुस्तान में हम इतनी बड़ी संख्या में होने के बाद भी हमारा ख़ुद का अपना प्रदेश तक नहीं है, परंतु आज हम समाज के लोग अपने घरों में भी अपने बच्चों से सिंधी में बात तक नहीं करते हैं, हम सबको मिलकर अपनी भाषा को जीवित रखने के प्रयास करने की अत्यंत आवश्यकता है। इस सिंधु प्रवाह कार्यक्रम में मुख्य वक्ता किशोर अजवानी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मोहनजोदड़ो सिंधु घाटी सभ्यता का एक प्रमुख स्थल है।

## सनातन धर्म को चलाने के लिए अखाड़ों की नहीं, चारों पीठ के शंकराचार्य ही काफीः महाकाल सेना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उज्जैन में पिछले दिनों अखाड़ा परिषद अध्यक्ष रवींद्रपुरी ने महाकाल मंदिर के पुजारियों और महाकाल सेना के विषय में अनर्गल टिप्पणी कर पुजारियों, ब्राह्मणों और महाकाल सेना के हजारों सदस्यों सहित सनातन धर्मावलंबियों के मान सम्मान पर कुठाराघात किया हैं, जो असहनीय है। यदि रविंद्रपुरी स्वयं को सनातन का मुखिया मानते हैं, तो धार की भोजशाला में अखंड पूजा के लिए संघर्ष करें।

अपने नागाओं की फौज को वहां भेजे। महाकाल सेना धर्म प्रकोष्ठ राष्ट्रीय प्रमुख महेंद्र सिंह बैस और प्रदेश प्रमुख अशोक राठौर ने कहा कि सनातन धर्म में शंकराचार्य के बाद मंदिर के पुजारी ही सर्वमान्य है जिन्हें धर्मशास्त्रों में भगवान का पार्षद कहा गया है। फिर भी अखाड़ा परिषद अध्यक्ष ने जिस प्रकार महाकाल मंदिर में केवल मुख्य पुजारी के द्वारा पूजन करने और अन्य पुजारी ओर प्रतिनिधियों आदि को गर्भगृह नहीं जाने देने की सरकार से मांग की है उसकी महाकाल सेना निंदा करती हैं।


अशोक राठौर


महेंद्र सिंह बैस

#### प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

पीएम मोदी और सीएम डॉ. यादव को पत्र लिखकर महाकाल सेना ने जांच करने की मांग कि अखाड़ा परिषद अध्यक्ष को कितने अखाड़ों का समर्थन प्राप्त है, क्योंकि तीन अखाड़ों ने तो अखाड़ा परिषद का बहिष्कार कर दिया है यदि अखाड़ा परिषद अधूरी है तो अखाड़ा परिषद का सही और असली अध्यक्ष कौन है?

### लेसर नोन स्पीशीज पर सम्मेलन में वन्यजीव संरक्षण के उपायों पर चर्चा

## वन्यजीवों के प्रबंधन में उत्कृष्ट रहा मध्यप्रदेश बीते सालों में यहां स्थापित किए कई कीर्तिमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के पर्यावरण परिसर भोपाल में सेंट्रल इंडिया में पाई जाने वाली लेसर नोन स्पीशीज पर आधारित चौथी राष्ट्रीय संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया।

इस महत्वपूर्ण सम्मेलन का उद्घाटन मप्र वन विभाग के प्रधान मुख्य वन संरक्षक और वन बल प्रमुख वीएन अम्बाड़े, चीफ वाइल्डलाइफ वार्डन शुभरंजन सेन, मप्र बायोडायवर्सिटी बोर्ड के अजय यादव एवं भारतीय वन प्रबंधन संस्थान के निदेशक डॉ. के रविचंद्रन ने संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन सत्र में भारतीय वन प्रबंधन संस्थान के पूर्व प्रोफेसर बीसी चौधरी उपस्थित थे।

#### मध्यप्रदेश के वन्यजीव प्रबंधन की उपलब्धियां

प्रधान मुख्य वन संरक्षक वीएन अम्बाड़े ने कहा कि मप्र वन्यजीवों के प्रबंधन में उत्कृष्ट रहा है। बीते सालों में यहां कई कीर्तिमान स्थापित किए गए हैं। उन्होंने सेमिनार के विषय पर अपने विचार रखते हुए बताया कि लेसर नोन में न केवल पशुवर्ग पर बात होनी चाहिए, बल्कि इसके साथ ही फ्लोरा पर भी चर्चा आवश्यक है। उन्होंने विकास कार्यों के दौरान घोंसले युक्त पेड़ों को हटाने में संबंधित पक्षी को नुकसान न हो, इसके लिए डीसीएफ की निगरानी में ही पेड़ काटने या हटाने पर जोर दिया। इसके अतिरिक्त उन्होंने गोडावण को लेकर भी अपने प्रशासनिक अनुभव साझा किए।

#### मप्र में कई प्रजातियां संकटग्रस्त

मप्र बायोडायवर्सिटी बोर्ड के अजय यादव ने कहा कि यह जानना आवश्यक है कि लेसर नोन क्षेत्रों में क्या चल रहा है। मप्र में कई प्रजातियां हैं जो संकटग्रस्त हैं। उन्होंने बताया कि बहुत सी प्रजातियों के बारे में यह पता नहीं है कि उनकी वर्तमान स्थिति क्या है और उनके आवास को क्या खतरा है। इस ज्ञान के अंतर को पूरा करने में यह कॉन्फ्रेंस महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।


#### कैरेकल संरक्षण पर विशेष पहल

चीफ वाइल्डलाइफ वार्डन शुभरंजन सेन ने आयोजक संस्था सोसाइटी ऑफ नेचर हीलर्स, कंजर्वेटर एंड लोकल टूरिज्म डेवलपमेंट (एसएनएचसी) को सेमिनार को मध्यप्रदेश से सेंट्रल इंडियन लैंडस्केप तक विस्तारित करने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि लेसर फ्लोरिकन और गोडावण का गायब होना हमारी नाकामियों में से एक है। पिछले मानसून में लेसर फ्लोरिकन पर किए गए सर्वे के नतीजे उत्साहवर्धक नहीं थे। उन्होंने बताया कि मप्र में स्याहगोश को लेकर उत्कृष्ट कार्य हो रहा है। उन्होंने महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए बताया कि मप्र वन विभाग जल्द ही गांधी सागर अभयारण्य में स्याहगोश पर आधारित विशेष प्रोजेक्ट शुरू करने जा रहा है। सम्मेलन के पहले तकनीकी सत्र में भारत के क्रोकोडाइल संरक्षण प्रोजेक्ट के 50 वर्ष पूर्ण होने पर विशेष पैनल चर्चा का आयोजन किया गया। प्रख्यात वन्यजीव जीवविज्ञानी बीसी चौधरी ने मगरमच्छों की तुलना जीवित जीवाश्म से करते हुए 1 जुलाई 1975 को मगरमच्छ संरक्षण कार्यक्रम शुरू होने से लेकर अब तक की यात्रा के अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि 1969 में आईयूसीएन की कॉन्फ्रेंस में बोम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी ने मगरमच्छों पर एक महत्वपूर्ण पेपर प्रस्तुत किया था।

9 विधायक पटवा ने किया केंद्रीय मंत्री शिवराज का आभार...



10 भारत भवन में पहली बार डोम थिएटर का प्रदर्शन...








**सोमवार से चौक, इब्राहिमपुरा, लखेरापुरा सहित अन्य बाजारों में होगी सख्ती**

## पुराने शहर के लिए बैठक, नए शहर में सड़कों से हटाया 16 ट्रक सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुराने शहर के चौक, इब्राहिमपुरा, लखेरापुरा, हनुमानगंज, सर्राफा, किराना सहित अन्य इलाकों में दुकानदारों ने नाली और फुटपाथ पर कब्जा कर टेबल रखवाकर किराये पर दी हैं। जिसकी वजह से यहां जाम के हालात बनते हैं।

समस्या अधिक बढ़ने के बाद शुक्रवार को सांसद आलोक शर्मा ने व्यापारियों के साथ बैठक रखी थी, जिसमें अनाउंसमेंट के बाद अतिक्रमण हटाने की हिदायत दी थी। इधर शनिवार को नगर निगम का अमला न्यू मार्केट पहुंचा और दुकानदारों के सामने रखा सामान सहित सड़कों को जाम करने वाले ठेले, गुमठियों का 16 ट्रक सामान जब्त किया है।

**सड़क पर दुकानदारों के कब्जा करने को लेकर सांसद शर्मा ने ली थी बैठक**



अतिक्रमण हटकार सामान जब्त करता अमला।

### न्यू मार्केट में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया

शनिवार को निगम की टीमों ने न्यू मार्केट इलाके में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। एक ही दिन में निगम की टीमों ने 16 ट्रक सामान जब्त कर स्टोर भेजा। वहीं निगम की अब अगली कार्रवाई सोमवार से पुराने शहर में शुरू होगी। इसके लिए निगम ने इलाकों को चिंहित कर लिया है।



कार्रवाई के बाद न्यू मार्केट में दिखी चौड़ी सड़कें।

### पुराने शहर में जाम ही जाम

*पूरा शहर जाम की समस्या से जूझ रहा है। यह जाम सड़क किनारे अतिक्रमणों की वजह से होता है। संकरीं सड़कों किनारे ठेले-गुमठियां नजर आ रही हैं। वहीं शहर के प्रमुख बाजार न्यू मार्केट और चौक बाजार में पैदल चलना मुश्किल हो गया है। फुटपाथों पर दुकानें सज रही हैं।*

### सात घंटे तक चली कार्रवाई

शनिवार को न्यू मार्केट में 7 घंटे चली कार्रवाई के दौरान दुकानों के बाहर रखीं जालियां, बोर्ड, पाइप, कपड़े और काउंटर सहित अन्य के 7 ट्रक भरकर सामान जब्त किया गया है।

**शैलेन्द्र भदौरिया**
अतिक्रमण प्रभारी

**मार्च तक चलाई जा सकती है**

## भोपाल से लखनऊ के लिए मिल सकती है स्लीपर वंदे भारत एक्स.

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को पहली स्लीपर वंदे भारत एक्सप्रेस की सौगात दे दी। पीएम नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के मालदा से इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। यह ट्रेन हावड़ा (पश्चिम बंगाल) और कामाख्या (असम) के बीच चलेगी। तो वहीं भोपाल रेल मंडल को जल्द ही लखनऊ के लिए स्लीपर वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात मिल सकती है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार मार्च तक में 16 कोच का एक रैक मिल सकता है। इसको लेकर भोपाल मंडल ने पहले ही जोन के माध्यम से बोर्ड को प्रस्ताव भेजा था। इसके बाद बोर्ड ने मार्च में नए रैक देने की बात कहीं है।



### लखनऊ के बाद पटना के लिए मिलेगी स्लीपर

*भोपाल रेल मंडल को लखनऊ के लिए स्लीपर वंदे भारत पहले मिलेगी। इसके बाद पटना के लिए 16 कोच वाली सिटिंग वंदे भारत मिल सकेगी। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि जैसे-जैसे रैक बनते जा रहे हैं, उनके अलॉटमेंट रेलवे बोर्ड से किए जाते हैं।*

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पीथमपुर में कचरा निपटाने के बाद बिना मास्क के परिसर का किया भ्रमण**

# यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री की जगह पर बनेगा स्मारक, 85 एकड़ जमीन पर मंथन

*मुख्यमंत्री ने भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के जेपी नगर स्थित यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री का शनिवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने फैक्ट्री परिसर में बिना मास्क के घूमकर जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परिसर में गैस पीड़ितों की याद में स्मारक बनाया जाएगा, जिसको लेकर उन्होंने गैस राहत विभाग के अफसरों से जानकारी भी ली।

**गैस राहत विभाग के अफसरों से जानकारी ली**

अफसरों ने फैक्ट्री परिसर की 85 एकड़ जमीन के बारे में जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2-3 दिसंबर 1984 की रात में यह कलंक कांग्रेस के शासनकाल में लगा था। यहां मौत का तांडव हुआ था। यहां के जहरीले कचरे को कांग्रेस ने 25 साल तक पटककर रखा था। हमारी सरकार ने कोर्ट के आदेश पर कचरे का खात्मा किया।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अधिकारियों के साथ यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री का निरीक्षण करते हुए।

### स्कूली बच्चों के साथ ली सेल्फी



*यहां पर रुकने के दौरान मुख्यमंत्री ने स्कूल जा रहे बच्चों से भी बातचीत की। इसके बाद उन्होंने स्कूली बच्चों के साथ खुद सेल्फी लेकर उन सबको खुश कर दिया। सीएम ने बच्चों से पढ़ाई के बारे में भी पूछताछ की।*

### परिसर में विकास कार्य के लिए सुझावों पर होगा अमल

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शहरी विकास और सुशासन की व्यवस्थाएं स्थापित करने के लिए मध्यप्रदेश सरकार, केंद्र सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही है। अब हमारी सरकार न्यायालय के मार्गदर्शन में परिसर में स्मारक बनाने सहित अन्य विकास कार्यों के लिए सुझावों पर अमल करेगी। इसमें सभी पक्षों को चर्चा कर विश्वास में लिया जाएगा। राज्य सरकार इस क्षेत्र के नव निर्माण के लिए कार्य करेगी।*



### बीमार महिलाओं को दी दस दस हजार की सहायता

*फैक्ट्री का मुआयना करने के बाद लौटते वक्त मुख्यमंत्री को आरिफ नगर के पास पूजा कर रही एक महिला ने रोका। महिला के अनुरोध पर मुख्यमंत्री ने भगवान भोलेनाथ को अगरबत्ती लगाकर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर मंजू और प्रभा कुशवाह ने बीमारी सहायता के लिए मदद मांगी, जिस पर सीएम ने मौके पर ही आर्थिक सहायता मंजूर कर दी। निगम कमिश्नर संस्कृति जैन ने बताया कि दोनों महिलाओं को 10-10 हजार रुपए दे दिए गए हैं। शेष राशि भी जल्द ही उनके बैंक खातों में पहुंचा दी जाएगी।*



अधिकारियों से फैक्ट्री परिसर की जानकारी लेते सीएम।

**तकनीकी खराबी आई, यात्री हुए परेशान**

## झेलम एक्स. का विदिशा में इंजन फेल, दो घंटे तक खड़ी रही ट्रेन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल से शनिवार सुबह रवाना हुई झेलम एक्सप्रेस तकनीकी खराबी का शिकार हो गई। पुणे-जम्मूतवी झेलम एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 11077) का इंजन विदिशा स्टेशन से पहले ही फेल हो गया, जिससे ट्रेन करीब दो घंटे से अधिक समय तक बीच रास्ते खड़ी रही। इस कारण यात्रियों को परेशानी हुई।

विदिशा आरपीएफ थाना प्रभारी राजेंद्र कुमार ने बताया कि झेलम एक्सप्रेस सुबह 8.54 बजे भोपाल से विदिशा की ओर रवाना हुई थी।

### मालगाड़ी का इंजन झेलम में लगाया

*विदिशा स्टेशन पर इसे 9.25 बजे पहुंचना था, लेकिन स्टेशन से करीब पांच किलोमीटर पहले कमापार फाटक के पास अचानक ट्रेन का इंजन जवाब दे गया। इसके बाद ट्रेन वहीं खड़ी हो गई। मामले की सूचना तत्काल भोपाल रेल मंडल कंट्रोल रूम को दी गई। रेलवे प्रशासन ने विदिशा सेक्शन से वैकल्पिक इंजन की व्यवस्था की। बताया गया कि एक मालगाड़ी का इंजन बुलाकर झेलम एक्सप्रेस में लगाया गया, जिसके बाद ट्रेन को रवाना किया जा सका। सूचना मिलते ही आरपीएफ भी मौके पर पहुंची और सुरक्षा व्यवस्था संभाली। इस दौरान ट्रेन में सवार यात्रियों को काफी परेशानी हुई।*

**गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर सुरक्षा पुख्ता**

## 23 से दिल्ली जाने वाली ट्रेनों में चार दिनों तक पार्सल बुकिंग सेवा बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान दिल्ली क्षेत्र में विशेष सुरक्षा व्यवस्था के लिए रेलवे ने दिल्ली के लिए पार्सल बुकिंग पर चार दिनों की अस्थाई रोक लगाई है। यह आदेश सभी रेल मंडलों पर लागू रहेगा। रेलवे द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार 23 से 26 जनवरी तक दिल्ली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले स्टेशनों नई दिल्ली, दिल्ली जंक्शन, हजरत निजामुद्दीन, आनंद विहार टर्मिनल, दिल्ली सराय रोहिल्ला एवं आदर्श नगर दिल्ली के लिए सभी प्रकार के पार्सलों के लेन-देन पर अस्थाई प्रतिबंध रहेगा।

**शोध में बताया, नींद की गड़बड़ी और कैंसर के बीच गहरा संबंध**

**एम्स के डॉ. अशोक के शोध से खुलासा रिसर्च-डे पर फैकल्टी श्रेणी के बेस्ट पेपर अवॉर्ड से सम्मानित हुए डॉ. अशोक**

## देर रात तक जागना, नाइट शिफ्ट, अनियमित दिनचर्या से कमजोर होती है शरीर की इम्यूनिटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एम्स भोपाल के जैवरसायन विभाग के प्रोफेसर डॉ. अशोक कुमार द्वारा किए गए एक शोध में नींद की गड़बड़ी और कैंसर के बीच छिपा हुआ गहरा संबंध सामने आया है। यह शोध डॉ. अशोक कुमार द्वारा डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव (केजीएमयू लखनऊ), मनेंद्र सिंह तोमर और मोहित के सहयोग से किया गया।

यह शोध अंतरराष्ट्रीय जर्नल स्लीप मेडिसिन रिव्यूज में प्रकाशित हुआ है। शोध में बताया गया कि देर रात तक जागना, नाइट शिफ्ट और अनियमित दिनचर्या से रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है, जिससे कैंसर कोशिकाओं को बढ़ने का अवसर मिल सकता है। इस शोध के लिए डॉ. अशोक कुमार को एम्स भोपाल में आयोजित चौथे रिसर्च डे में फैकल्टी श्रेणी के अंतर्गत बेस्ट पेपर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।




### जैविक घड़ी बिगड़ने से कैंसर कोशिकाओं को मिलता है बढ़ने का मौका

डॉ. अशोक ने शोध में बताया कि मानव शरीर एक प्राकृतिक दिन-रात के चक्र पर काम करता है, जिसे जैविक घड़ी या सर्कैडियन रिद्म कहा जाता है। यही चक्र हमारी नींद, हार्मोन, पाचन प्रक्रिया, ऊर्जा स्तर और रोगों से लड़ने वाली प्रतिरक्षा प्रणाली को नियंत्रित करता है। जब यह चक्र बिगड़ता है, तो देर रात तक जागना, नाइट ड्यूटी करना या लगातार शिफ्ट में काम करना, तो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है। ऐसी स्थिति में कैंसर कोशिकाओं को बढ़ने और फैलने का अवसर मिल सकता है। जीवनशैली में सुधार, जैसे नियमित और पर्याप्त नींद, समय पर भोजन और संतुलित दिनचर्या, कैंसर के खतरे को कम करने में सहायक हो सकती है।

### भोजन और व्यायाम का समय तय करना बेहद आवश्यक

भविष्य में कैंसर का इलाज मरीज की नींद, दिनचर्या और जैविक घड़ी को ध्यान में रखकर उपचार तय किया जाएगा। इससे इलाज अधिक प्रभावी होगा और दवाओं के दुष्प्रभाव भी कम होंगे। आम जनता के लिए संदेश है कि नियमित समय पर सोना और जागना, देर रात मोबाइल और स्क्रीन से दूरी रखना तथा भोजन और व्यायाम का समय तय करना बेहद आवश्यक है। स्वस्थ जीवनशैली न केवल सामान्य बीमारियों से बचाव करती है, बल्कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के खिलाफ भी एक मजबूत सुरक्षा कवच बन सकती है।

**डॉ. अशोक कुमार,** प्रोफेसर जैवरसायन विभाग, एम्स भोपाल

**यात्रियों की सुरक्षा के लिए बसों की जांच**

## दो बसों के इमरजेंसी एग्जिट बंद पाए जाने पर किया फिटनेस निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आरटीओ ने शहर में यात्री बसों की सघन चेकिंग की। जांच में बीमा, फिटनेस प्रमाण पत्र, परमिट सहित दस्तावेजों की पड़ताल की गई। परिवहन आयुक्त के निर्देशानुसार क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय की टीम शुक्रवार को रात्रि 1.30 बजे तक फायर सेफ्टी ऑडिट के तहत यात्री बसों की चेकिंग की।

इस चेकिंग के दौरान 2 यात्री बसों को परमिट शर्तों के उल्लंघन के कारण जब्त किया गया है। 2 यात्री बसों के इमरजेंसी एग्जिट बंद पाए जाने के कारण फिटनेस निरस्त की गई है। साथ ही 7 यात्री वाहनों पर परमिट शर्तों के उल्लंघन के कारण 3.10 लाख रुपए का जुर्माना किया गया है।




बस की चैकिंग करता आरटीओ अमला।

### कार्रवाई चल रही

*चालकों और वाहन स्वामियों को सुरक्षा मानकों का पालन करना अनिवार्य है। यात्री सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। ऐसे वाहनों पर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।*

***जितेंद्र शर्मा,*** *आरटीओ भोपाल*

## पेज एक का शेष....

### लोकसभा में नेता...

जवाब मांगों तो चलेगा बुलडोजर। कुछ इसी तरह इस मॉडल में मौतों के लिए कोई जवाबदार नहीं होता। उन्होंने कहा कि इंदौर में साफ पानी नहीं मिल रहा है। दूषित पानी पीने से लोगों की मौत हुई है। यह सरकार का 'अर्बन मॉडल' है। शनिवार को इंदौर पहुंचे राहुल बॉम्बे हास्पिटल और भागीरथपुरा में प्रभावितों से मिलने के बाद मीडिया से बात कर रहे थे। राहुल ने प्रभावितों को एक-एक लाख रुपए और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने 50-50 हजार के चैक देकर आर्थिक मदद की। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भागीरथपुरा पहुंच कर जल-प्रदूषण त्रासदी से प्रभावित शोकाकुल परिवारों से मुलाकात की। वे दूषित पानी से जान गंवाने वाली गीता बाई और जीवनलाल के परिवार से भी मिले। परिवारों के साथ खड़े होकर उनका दर्द सुना। भरोसा दिलाया कि उनकी आवाज़ को दबाया नहीं जाएगा तथा उन्हें न्याय दिलाने के लिए कांग्रेस पार्टी पूरी मजबूती से उनके साथ खड़ी रहेगी। इसके बाद राहुल संस्कार गार्डन पहुंचे। यहां उन्होंने दूसरे प्रभावितों से मुलाकात की। इस दौरान प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, प्रदेश सह-प्रभारी संजय दत्त, श्रीमती उषा नायडू और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह सहित अन्य नेता मौजूद थे।

### बरैया अड़े-माफी...

में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के इंदौर दौरे में वे साथ रहे व मंच पर भी रहे। राहुल उनके बयान पर चुप्पी साधे रहे। राहुल के इस रुख को भाजपा ने इस बयान का समर्थन बताया है। बरैया ने कहा कि वे अपने बयान के लिए माफी नहीं मांगेंगे। उन्होंने कहा कि मेरे बोले शब्दों को लोग क्या समझ रहे हैं। ये समझना होगा। जो लोग बयान का विरोध कर रहे हैं, वो आरक्षण का विरोध भी करते हैं। जो लोग मेरे बयान को समझ रहे हैं क्या वो मानते हैं कि मैंने गलत बोला है। मेरे बयान का दुष्प्रचार किया जा रहा है। मुझे सत्य की परीक्षा देनी होगी।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बरैया को निलंबित करने की मांग की है। इधर, पीसीसी अध्यक्ष जीतू पटवारी ने बयान से यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि बरैया का ये व्यक्तिगत विचार है। पार्टी का इससे कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने बाद में कहा कि बरैया से पार्टी ने स्पष्टीकरण मांगा है।

**यह राहुल की सहमति है या स्वीकारोक्ति है?:** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष ऊषा अग्रवाल ने एक्स पर बयान की निंदा की है। उन्होंने कहा कि इंदौर में राहुल गांधी के साथ मंच पर कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया दिखे हैं। यह सहमति है या स्वीकारोक्ति है? अब स्पष्ट है कि महिलाओं के प्रति दूषित, विकृत और कुंठित मानसिकता सिर्फ़ बरैया की नहीं, बल्कि राहुल गांधी के नेतृत्व वाली पूरी कांग्रेस की सोच है। अगर आपत्ति होती, तो मंच साझा नहीं किया जाता। सोनिया गांधी व प्रियंका गांधी महिला सम्मान की बातें तो करती हैं, लेकिन अपनी ही पार्टी की अपराधी मानसिकता पर चुप हैं।

### ऐसे नेता समाज....

ने समाज में विद्वेष फैलाने का काम किया है। सीएम ने कहा कि राहुल गांधी से उम्मीद करता हूं कि वे विधायक को निलंबत करें, ताकि लगे कि उनके मन में सभी के प्रति समान भावना है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि बेटियों को जाति और समाज में बांटकर नहीं देखा जा सकता है। ये माना गया है कि दुर्गा, सरस्वती और लक्ष्मी का रूप अगर कोई है तो वे बेटियां हैं।
इस वजह से किसी भी नेता या अन्य व्यक्तियों को बेटियों को बांटने की राजनीति नहीं करनी चाहिए। विधायक बरैया की टिप्पणी बहुत अशोभनीय है। पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व मंत्री अर्चना चिटनिस ने कहा कि यह बयान महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला है और कांग्रेस की उसी सोच को दर्शाता है, जो शुरू से महिलाओं के सम्मान के खिलाफ रही है।

### गडकरी ने मप्र....

के लिए सड़क परिवहन मंत्रालय कोई कमी नहीं रखेगा। मप्र में बहुतायत में हाईवे नेटवर्क तैयार किया जाएगा। गडकरी शनिवार को विदिशा में आयोजित विभिन्न सड़क परियोजनाओं के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने व मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मप्र के विकास को और गति देने के लिए विदिशा में 4400 करोड़ रुपए की लागत से 8 सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। गडकरी ने कहा कि विकसित और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण हमारे लिए सिर्फ स्वप्न नहीं, एक संकल्प है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए पूरा देश एकजुट और एकमत होकर काम कर रहा है। हम सब मिलकर 2047 तक भारत को विकसित और आत्मनिर्भर बनाएंगे। गडकरी ने कहा कि देश के समग्र विकास के इस महायज्ञ में सबसे बड़ी आहुति मप्र की ही होगी। सही नेतृत्व और समर्पित सरकार से कदमताल कर हम मप्र को एक प्रगतिशील, समृद्ध और सम्पन्न राज्य बनाएंगे। किसानों को अन्नदाता के साथ ऊर्जादाता, हवाई ईंधनदाता और डामरदाता भी बनाना हमारा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि नागपुर में किसान एथेनॉल का उत्पादन कर रहे हैं। भारत 22 लाख करोड़ रुपए का तेल आयात करता है। भोपाल एयरपोर्ट पर आज इलेक्ट्रिक कार देखकर मुझे प्रसन्नता हुई। देश में अब हाइड्रोजन कार पर कार्य किया जा रहा है।

### रायसेन में बनेगा...

स्वराज का आशीर्वाद भी मिला है। विदिशा की धरती में अद्भुत आकर्षण है। यह उज्जैन के समान पावन धरती है। केंद्रीय मंत्री गडकरी अपने प्रण के पक्के हैं, उन्होंने मुंबई में समुद्र के ऊपर पुल बनवा दिया है। मप्र के सिंगरौली में पहाड़ के बीच से रोड निकल रहा है। देशभर में राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना के तरह-तरह के काम जारी हैं। डॉ. यादव ने कहा कि मप्र विकास का महापर्व मना रहा है। विकसित और आत्मनिर्भर मप्र के निर्माण के लिए महायज्ञ चल रहा है। विकास के मामले में हम कोई कमी नहीं रहने देंगे।

### विदिशा को एक....

के कारवां को अब मुख्यमंत्री आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विदिशा को आज 4400 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात मिली है। अब विदिशा बदल रहा है, अब इसे एक रिंग रोड की आवश्यकता है। जब किसी शहर में रोड बनता है तो जमीन की कीमत बढ़ती है। शहर के विकास के साथ उद्योगों का विकास होता है।

### बाकी जगह तापमान...

संभव है। दो दिन से रात के पारे में घट-बढ़ के बीच शनिवार को शहडोल और कटनी में कोल्ड वेव का असर रहा, जबकि रविवार को अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी और मैहर में शीतलहर का अलर्ट है। मौसम केंद्र के अनुसार रविवार तक विशेष बदलाव नहीं होगा। अभी एक पश्चिमी विक्षोभ अफगानिस्तान और आसपास पाकिस्तान में सकुर्लेशन के रूप में सक्रिय है। अगले 19 और 21 जनवरी को तीन दिन में दो पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहे हैं। इससे आगामी दिनों में मौसम बदलेगा।

### आज यहां कोहरा ....

रहा। दिन का तापमान सामान्य से 2.9 डिग्री अधिक है, जबकि रात का 2.7 डिग्री कम रहा है। प्रदेशभर में दिन का पारा सामान्य से औसतन दो डिग्री और रात का एक डिग्री तक अधिक रहा है।

### बच्ची से रेप:...

वीए राणा साहब ने आरोपी राम सिंह तेर सिंह दुडवा (उम्र 30) के खिलाफ 45 दिन बाद अंतिम फैसला देते हुए मौत की सजा सुनाई। 4 दिसंबर 2025 को दोपहर 12 बजे राजकोट जिले के अटकोट के पास कानपार गांव में पीड़िता अपने भाई-बहनों के साथ खेल रही थी। आरोपी रामसिंह तेरसिंह मोटरसाइकिल पर आया और पीड़िता को उठाकर एक पेड़ के पास ले गया। बच्ची के साथ बलात्कार किया।

### बरेला में दो...

परेशान कर रहा था, जिसके कारण उसने आत्महत्या कर ली। 15 वर्षीय छात्रा को गाड़रखेड़ा गांव में रहने वाला प्रिंस ठाकुर दो माह से परेशान कर रहा था। छात्रा ने प्रिंस की शिकायत अपने पिता से की तो उन्होंने गाड़रखेड़ा जाकर आरोपी के पिता से शिकायत की, जिस पर आश्वासन दिया गया कि दोबारा यह गलती नहीं होगी।

### देश की पहली ...

भारत के अलावा पीएम मोदी रविवार 18 जनवरी को अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाएंगे। ये ट्रेनें उत्तर बंगाल और उत्तर-पूर्व को दक्षिण भारत से जोड़ेंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को देश को 7 नई ट्रेनों का तोहफा दिया। इन 7 ट्रेनों में हावड़ा और कामाख्या के बीच चलाई जाने वाली देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के अलावा 4 अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें और 2 अन्य एक्सप्रेस ट्रेनें शामिल हैं।

### ड्रोन के साथ ...

किया है कि वे अनाधिकृत व्यक्तियों से टिकट खरीदने के चक्कर में न पड़ें, अन्यथा उनका बैंक खाता खाली हो सकता है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच चल रही तीन मैचों की वनडे सीरीज वर्तमान में 1-1 की बराबरी पर खड़ी है। सीरीज का पहला और दूसरा मैच जीतने के बाद दोनों टीमें आज इंदौर में आमने-सामने होंगी। यह मुकाबला सीरीज का अंतिम और निर्णायक मैच है, जो टीम यहां जीत दर्ज करेगी, सीरीज की ट्रॉफी उसी के नाम होगी। निर्णायक मैच होने के कारण क्रिकेट प्रेमियों में इस मुकाबले को लेकर विशेष रोमांच देखा जा रहा है।

### शक्ति में केवल ....

बनने का प्रयास करें तो देश भी वैश्विक मंच पर इन गुणों को प्रदर्शित करेगा। उन्होंने कहा कि विश्व भारत से कुछ अपेक्षा रखता है और पर्याप्त शक्ति व प्रभाव होने पर देश सार्थक योगदान देने में सक्षम होगा। डॉ. भागवत ने कहा कि शक्ति में केवल सशस्त्र बल ही नहीं, बल्कि बुद्धि, सिद्धांत और नैतिक मूल्य भी शामिल होते हैं।

## दृष्टिहीन पूर्व आईएएस ने लिख डालीं छह किताबें

**जशपुरनगर।** जिले के फरसाबहार विकासखंड निवासी पूर्व आईएएस एवं पूर्व सरगुजा कमिश्नर एमएस पैंकरा ने यह साबित कर दिया कि जज्बा हो तो अंधेरा भी रास्ता नहीं रोक सकता। आंखों की रोशनी पूरी तरह जाने के बावजूद उन्होंने लेखनी को अपना सहारा बनाया और अब तक 6 किताबें लिखकर प्रकाशित करवा दीं। इतना ही नहीं, उन्होंने अपनी पुस्तकों की 3 हजार से अधिक प्रतियां समाज में निःशुल्क वितरित भी कर दी हैं। एमएस पैकरा ने बताया कि स्कूल जीवन के दौरान एक बार आए फ्लू के बाद उनकी आंखें ड्राई हो गई थीं। इसके बाद कोरोना काल से उनकी दृष्टि लगातार कमजोर होती गई और धीरे-धीरे पूरी तरह चली गई। लेकिन इस शारीरिक बाधा ने उनके विचारों और लेखन को नहीं रोका। वर्ष 2021 से उन्होंने लेखन कार्य प्रारंभ किया।

अब तक जिंदगी के सुरता, महुआ फूल, करमडार, कंवर जनजाति, जनजातीय समाज का सामाजिक एवं आर्थिक विकास और बदलता अबूझमाड़ जैसी चर्चित पुस्तकें लिख चुके हैं। इन पुस्तकों में जनजातीय अंचलों की संस्कृति, संघर्ष और बदलाव की जीवंत झलक मिलती है जशपुर के वरिष्ठ इतिहासकार एवं एनईएस कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ विजय रक्षित ने बताया कि श्री पैकरा व उनकी दोस्ती बहुत ही पुरानी है।

**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR**
2nd & 3rd Floor, Sanchar Vikas Bhavan (BSNL Building), Near Head Post Office Residency Road, Jabalpur -482001, MP.

**Corrigendum Notice**

Further to our advertisement on Sale Proclamation Notice Published in Haribhoomi, Bhopal (Hindi) & The Hitavada (English) on 06.01.2026. The Followings amendment in the ad may be noted at : **Borrower Name : JAI MAA BHAWANI TRADERS RC/372/2020.** Other terms and conditions will remain the same.

Recovery Officer
Debts Recovery Tribunal

बड़े हमले की फिराक में आतंकी

## गणतंत्र दिवस से पहले अलर्ट पर दिल्ली-यूपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नई दिल्ली

गणतंत्र दिवस 26 जनवरी से पहले खुफिया एजेंसियों ने बड़ा अलर्ट जारी किया है। इनपुट के मुताबिक, खालिस्तानी आतंकी संगठन और बांग्लादेश-आधारित आतंकी नेटवर्क दिल्ली, यूपी समेत देश के कई शहरों को निशाना बनाने की साजिश रच सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, अलर्ट में पंजाब आधारित गैंगस्टरों की बढ़ती गतिविधियों पर चिंता जताई गई है। बताया गया है कि ये गैंगस्टर विदेश में बैठे खालिस्तानी और कट्टरपंथी हैंडलर्स के लिए फुट सोल्जर की तरह काम कर रहे हैं। खुफिया सूत्रों का कहना है कि आपराधिक नेटवर्क के जरिए ये तत्व देश की आंतरिक सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं।

### मॉक ड्रिल किया आयोजित

गणतंत्र दिवस परेड से पहले दिल्ली पुलिस की नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट टीम ने संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले इलाकों में कई मॉक ड्रिल आयोजित की हैं ताकि सुरक्षा एजेंसियों की तैयारी और प्रतिक्रिया समय की जांच की जा सके। वहीं इससे पहले उत्तर दिल्ली के विभिन्न संवेदनशील स्थानों पर चार मॉक ड्रिल की गईं। इनमें महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान, ऐतिहासिक स्थल, प्रमुख बाजार और ट्रांसपोर्ट हब शामिल हैं, जहां रोज बड़ी संख्या में लोग आते-जाते हैं। इन इलाकों में लाल किला, आईएसबीटी कश्मीरी गेट, चांदनी चौक, खारी बावली, सदर बाजार और मेट्रो स्टेशन शामिल हैं, जिन्हें सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील माना जाता है।

### खालिस्तानियों से संपर्क कर रहे मजबूत

एजेंसियों के खुफिया अलर्ट के मुताबिक ये गैंगस्टर हरियाणा, दिल्ली-एनसीआर और उत्तर प्रदेश में सक्रिय हैं और धीरे-धीरे खालिस्तानी आतंकी संगठनों से अपने संपर्क मजबूत कर रहे हैं। बता दें कि दिल्ली कार ब्लास्ट के बाद गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रीय राजधानी में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। इस घटना के बाद एक बड़े आतंकी मॉड्यूल का भी खुलासा हुआ था।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रा.नि.मं. 03 बैरागढ़ चीचली तहसील कोलार जिला भोपाल (म.प्र.)**

**आवेदन क्र. 02280RD51-APP-26959510**
**ग्राम का नाम हिनोतिया आलम**
**प.ह.नं. 10, तहसील कोलार, जिला भोपाल**
**-: सूचना पत्र :-**

**प्रति.**
01. श्री आनंद कुमार गुप्ता आ. एन. के. गुप्ता नि. ए-48 नेहरू नगर कोटरा सुल्तानाबाद भोपाल।, 02. डॉ सोमशेखर वेलूरी पिता श्री राधा कृष्ण वेलूरी 35 द्वारिकापुरी कोटरा सुल्तानाबाद भोपाल।, 03. श्री आयुश सूद आत्मज श्री राजेश सूद खातेदार ग्राम हिनोतिया आलम, कोलार, भोपाल।, 04. डॉ. शैलेन्द्र दुबे पुत्र श्री राजाराम दुबे एवं अन्य सहखातेदार ग्राम हिनोतिया आलम भोपाल।, 05. श्रीमती मनोरमा गुरू पत्नि के के गुरू खातेदार ग्राम हिनोतिया आलम कोलार जिला भोपाल।, 06. डॉ कृष्ण कुमार गुरू पिता श्री मनोहर लाल गुरू खातेदार ग्राम हिनोतिया आलम भोपाल।, 07. श्रीमती रजनी हजेला पत्नि श्री अनूप हजेला खातेदार ग्राम हिनोतिया आलम कोलार भोपाल।, 08. डॉ केशव बुधवानी आत्मज श्री एस.आर. बुधवानी खातेदार हिनोतिया आलम कोलार भोपाल।, 09. श्रीमती शीला चिंचोलकर पत्नि डॉ एम पी चिचोलेकरखातेदार ग्राम हिनोतिया आलम भोपाल।, 10. डॉ केशव बुधवानी आत्मज श्री एस.आर. बुधवानी खातेदार डिनोतिया आलम कोलार भोपाल।, 11. मेसर्स मोनिका इन्टरप्राईसेस द्वारा देवेन्द्र कुमार ढीगरा, पता 196 एच 1 कामधेनु काम्पलेक्स एमपी नगर भोपाल।, 12. श्री हितेश पिता श्री अमृतलाल ठक्कर एवं श्रीमती भानुमति पत्नि अमृतलाल ठक्कर, निवासी-जी-3/328 गुलमोहर बावडियाकलां तहसील कोलार जिला भोपाल।, 13. श्री अनिल गुरू पिता श्री जगदीश गुरू निवासी-डी 405 नेहरू नगर भोपाल।, 14. सर्व साधारण एवं अन्य हितबद्ध पक्षकारगण ।, एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अनिल गुरू पिता श्री जगदीश गुरू निवासी-डी 405 नेहरू नगर भोपाल। (म.प्र.) द्वारा ग्राम हिनोतिया आलम प.ह.नं. 10 तहसील कोलार जिला भोपाल स्थित भूमि खसरा क्रमांक 211/2/2/11 रकबा 0.0930 हे. कुल खसरा नंबर 01 कुल रकबा 0.0930 हे. भूमि का सीमांकन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।, आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि का सीमांकन मेरे द्वारा दिनांक 21/01/26 को समय प्रातः 11.00 बजे स्थल पर किया जावेगा। पड़ोसी खातेदार होने के कारण एवं उक्त सीमांकन से कोई आपत्ति हो तो नियत दिनांक एवं समय पर स्थल पर भूमि के स्वत्व संबंधी एवं आनुषांगिक दस्तावेज सहित उपस्थित रहकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते है। अनुपस्थिति की दशा में सीमांकन कार्य रोका नहीं जावेगा। बाद प्रस्तुत आपत्ति विचार योग्य नहीं होगी।, अत्यावश्यक शासकीय कार्य होने की स्थिति में सीमांकन की दिनांक में परिवर्तन किया जा सकता है। पड़ोसी भूमिस्वामी का पता स्पष्ट न होने से आवेदक स्वयं के व्यय पर उक्त सूचना पत्र का प्रकाशन दैनिक समाचार पत्र में किया जा रहा है।, आज दिनांक 15.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**राजस्व निरीक्षक**
**तहसील कोलार जिला-भोपाल**

**जाहिर सूचना**

**मकान / प्लॉट नं. ई-267, मुरली नगर, ग्राम करोंदकलाँ, वार्ड नं. 78, तह. हुजूर, जिला भोपाल (म.प्र.)**

मेरे पक्षकार DMI हाऊसिंग फाईनेंस प्रा. लि., शाखा जोन-2, एम.पी. नगर, भोपाल, की ओर से सर्वसाधारण को सूचित हो कि श्रीमती फेहमिदा बी पत्नी मो. यूसुफ ने एक संपत्ति जो कि मकान / प्लॉट नं. ई-267, मुरली नगर, ग्राम करोंदकलाँ, वार्ड नं. 78, तह. हुजूर, जिला भोपाल (म.प्र.) में स्थित है, को मेरे पक्षकार बैंक के पास बंधक रखकर ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन दिया है। उक्त संपत्ति की नाप 600 वर्गफिट होकर चतुर्सीमायें पूरब में- रास्ता 20 फिट, पश्चिम में - संपत्ति मो. नवाब की, उत्तर में - विक्रेता की पृथक संपत्ति व दक्षिण में- विक्रेता की पृथक संपत्ति है। यह कि उक्त संपत्ति श्रीमती फेहमिदा बी पत्नी मो. यूसुफ एवं श्रीमती मुमताज बी ने बतौर संयुक्त क्रेता दि. 07/09/1996 को विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय की थी जिसका विलेख उप-पंजीयक कार्यालय, भोपाल में पुस्तक क्र. अ-1, ग्रंथ नं. 11858, दस्ता. नं. 1215 (ग) पर पंजीकृत है। दुर्भाग्यवश श्रीमती मुमताज बी एवं मो. यूसुफ का देहान्त हो जाने पर उक्त संपत्ति श्रीमती फेहमिदा बी के नामे मा. तहसीलदार महोदय, नजूल वृत्त, भोपाल के समक्ष प्र.क्र. 1555/अ-6/2025-26 के द्वारा दि. 05/01/2026 को राजस्व अभिलेखों में नामान्तरित की गई। उक्त विक्रय पत्र की ओरिजनल प्रति मेरे पक्षकार बैंक के पास जमा होगी। साथ ही संपत्ति से संबंधित सभी दस्तावेज जैसे कि समस्त अनुमतिया, अनापत्ति प्रमाण-पत्र इत्यादि मेरे पक्षकार बैंक के पास सुरक्षित रखे गए हैं। यदि उक्त सम्पत्ति में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सोसायटी इत्यादि का किसी भी प्रकार का ऋण, भार, दान, बंधक या कोई हित हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार का अनुबंध हो तो, वह व्यक्ति, इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर लिखित में मय दस्तावेजी प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। यदि उक्त समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति को बंधक रखकर ऋण प्रदान कर देंगे तथा अवधि पश्चात प्राप्त होने वाली कोई भी आपत्ति या विवाद न तो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी होगा एवं न ही मान्य होगा ।

**अभिषेक पंसारी** अधिवक्ता
कार्यालय- दुकान नं. 02, जिला बार कैंटीन, अरेरा हिल्स, भोपाल मो. 9993186085

**जाहिर सूचना**

**खसरा क्रमांक-203 (एस) रकबा 0.1000 हेक्टेयर ग्राम-गेंहूखेडा, तहसील कोलार, जिला भोपाल (म.प्र.)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री देवेन्द्र सेन आ. श्री रामकृष्णा सेन ने श्री प्रियंक गगरानी आत्मज श्री कमलेश गगरानी, निवासी-हाउस नंबर-11-डीएक्स, सेक्टर-सी स्कीम नंबर-71, गंगोत्री इन्दौर (म.प्र) के स्वत्व, स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि खसरा क्रमांक-203 (एस) रकबा 0.1000 हेक्टेयर भूमि प्लॉट साईज 10890 वर्गफुट है, जो कि ग्राम-गेंहूखेडा, प.ह.नं. 10, तहसील कोलार, जिला भोपाल में नगर निगम भोपाल की सीमाओं के अन्दर वार्ड क्रमांक-83, में स्थित है, जो कि निम्नलिखित चतुर्थसीमाओं में स्थित है, पूरब में खसरा क्रमांक-201, पश्चिम में- खसरा क्रमांक-204, उत्तर में-रोड़, दक्षिण में - खसरा क्रमांक-210, को क्रय करने हेतु अनुबंध कर लिया है। उक्त भूखण्ड के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, फर्म, सरकारी व गैर सरकारी कार्यालय को कोई आपत्ति हो या उक्त भूखण्ड कहीं दान, बंधक, गिरवी, हस्तांतरण, विक्रय, अनुबंध इत्यादि हो तो वह व्यक्ति अथवा संस्था इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें समयावधि समाप्त होने के पश्चात् किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवदीय **राहुल यादव** अधिवक्ता
कार्यालय- एच.नं. 289, गली नंबर 03, काजी कैंप बैरसिया रोड भोपाल (म.प्र.)
मो. 9753435554, 7566122222

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644 9977912473

**नाम परिवर्तन**

मैं फाईजा खान, पिता स्व. मो.निज़ाम अहमद कुरैशी पति श्री मोहम्मद अफ़ाक खान, निवासी ओबैदुल्लागंज जिला रायसेन (म.प्र.) शादी से पहले मेरा नाम फाईज़ा कुरैशी उर्फ शाइस्ता (घर का नाम) था। शादी के बाद मेरा नाम फाईज़ा खान हो गया है। मै इसी नाम से जानी पहचानी जाती हूँ।

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोप्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

Ratnawala
SAMAY SE PAHLE KISMAT SE JYADA
रत्नवाला
141- Malviya Nagar, City Trade Center
Bhopal. 89 89 678-678

आवश्यकता
सुरक्षागार्ड, गनमैन, सुपरवाइजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, फील्ड ऑफिसर कामवाली बाई। वेतन योग्यता अनुसार आवास फ्री। पता- श्रीसांई सिक्युरिटी सर्विस, सांई निवास कॉम्प्लेक्स, जेजे हॉस्पिटल के बाजू मं तोरवा बिलासपुर 9301186703, 8253010291
BSP- 1/02/2026

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार,जाहिर सूचना
@ Rs.1200/- साइज (फिक्स) 12X4cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

## शब्द पहेली - 6112

**बाएँ से दाएँ**
1.यश प्राप्त करना-5
5.चतुर, जहीन-5
9.दया, तरस-3
10.कामदेव-3
11.लीन, तल्लीन-2
13.बोली, आवाज-2
14.राजदुर्वा-2
15.एक प्रकार का बिस्किट-2,3
18.मत, सलाह-2
19.जो लायक न हो-4
20.अधीनस्थ-4
21.कहानी, गाथा-2
22.श्रवणेंद्रिय-2
23.कुएं से पानी भरने का चबूतरा-4
26.दान देने वाला-4
29.वरदान, दूल्हा-2
30.पत्नी का नाना-2,3
33.सूर्य, दिनकर-2
34.भीगा हुआ-2
35.सुर आलाप-2
36.फूलों का रस,अर्क-3
38.तरंग, हिलोर-3
41.जरुरतमंद-5
42.सेंधमार-5

**ऊपर से नीचे**
1.नामकरण-5
2.टैक्स,हाथ-2
3.महीना, मास-2
4.नामवर, प्रसिद्ध-4
5.संधि, सामंजस्य-4
6.सरुर, नशा-2
7.झंकार-2
8.रमण योग्य-5
12.तगारी, नांद-3
13.सुअर-3
15.अभिमान मर्दित होना -2,3
16.समाप्त-2
17.नेकनीयत-5
23.हनुमान-3,2
24.मुलायम-3
25.उम्मीद, आशा-2
27.बहादुरी-3
28.शिव, रविलोचन-2,3
31.नामचीन-4
32.सुसंचालन-4
36.चेहरे का तेज, दर्प-2
37.रिश्तेदार-2
39.अधिकार-2
40.ईश्वर, भगवान-2

**शब्द पहेली- 6111 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सा | ल | | ब | ला | | य | म | | श | र |
| या | | क | ल | | जो | श | | जा | य | ज |
| | कै | द | | श | र | | का | न | न | |
| न | दी | | खे | मा | | का | त | ना | | जा |
| म | | जा | ल | | का | य | र | | ता | ल |
| | मा | न | | र | म | ल | | का | ला | |
| का | या | | बी | न | ना | | रा | म | | सी |
| र | | क | ह | र | | शो | र | | बा | धा |
| | की | च | ड़ | | सा | ला | | री | त | |
| क | म | रा | | ख | र | | सी | ता | | द |
| म | त | | जी | त | | मा | मा | | दा | म |

## सूडोकु नवताल - 6122

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| | | | 2 | | | 7 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6121 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 | 6 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 4 | 5 | 7 | 9 |
| 9 | 3 | 7 | 8 | 1 | 6 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 1 | 7 |
| 1 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 8 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 6 | 3 | 4 | 1 | 2 | 8 | 5 |
| 4 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 |

## राशिफल

**मेष** मन परेशान हो सकता है। कारोबार में अभी कठिनाइयां बनी रहेंगी। सचेत रहें। कोई नया निवेश करने से बचें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में संयत रहें। कारोबार विस्तार के लिए परिवार से आर्थिक सहयोग मिल सकता है।

**मिथुन** मन परेशान हो सकता है। आत्मसंयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**कर्क** किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में विदेश यात्रा पर जा सकते हैं।

**सिंह** आत्मविश्वास में कमी आएगी। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या** मन में निराशा एवं असन्तोष रहेगा। मन अशान्त रहेगा। संयत रहें। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा।

**तुला** मन प्रसन्न रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां तो रहेंगी, लेकिन परिश्रम भी अधिक रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से लाभ के अवसर मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में बदलाव भी हो सकता है।

**धनु** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु अतिउत्साही होने से बचें। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**मकर** क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है।

**कुंभ** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु संयत भी रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**मीन** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। खर्चों की अधिकता से परेशान हो सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### टेक महिंद्रा का 1,892 करोड़ का एबिटडा दर्ज

**मुंबई।** अग्रणी कंपनी टेक महिन्द्रा ने 31 दिसंबर 2025 को समाप्त हुई तिमाही के लिए अंकेक्षित समेकित वित्तीय परिणामों की घोषणा की। कंपनी का एबिटडा 21.1 करोड़ डॉलर रहा, तिमाही दर तिमाही 10 प्रतिशत अधिक, साल दर साल 32.8 प्रतिशत अधिक और कर बाद शुद्ध लाभ 12.5 करोड़ डॉलर दर्ज हुआ। नए सौदे हासिल टीसीवी 109.6 करोड़ डॉलर, साल दर साल 47 प्रतिशत बढ़ा, तिमाही दर तिमाही 34.3 प्रतिशत बढ़ा।

### न्युवोको की आय 2,701 करोड़ रु. पहुंची

**मुंबई।** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए अपने वित्तीय परिणाम घोषित किए। कंपनी ने वित्तवर्ष 26 की तीसरी तिमाही 5 एमएमटी की अब तक की सबसे ज्यादा तीसरी तिमाही की सीमेंट बिक्री वॉल्यूम हासिल की, जिसमें सालाना आधार पर 7 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। ऑपरेशन से कंसोलिडेटेड आय वित्तवर्ष 26 की तीसरी तिमाही में सालाना आधार पर 12 प्रतिशत बढ़कर 2,701 करोड़ रुपए हो गया। कंपनी का कंसोलिडेटेड एबिटडा वित्तवर्ष 26 की तीसरी तिमाही में सालाना आधार पर 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 386 करोड़ रुपए रहा।

### अमेजन के सेल में बल्क खरीदी पर विशेष लाभ

**बेंगलुरु।** अमेजन ग्रेट रिपब्लिक डे सेल 2026 के दौरान अमेजन बिजनेस भारतीय कारोबारों को कई कैटेगरी में बड़ी बचत का मौका दे रहा है। इस सेल में बिजनेस और कॉरपोरेट ग्राहक लैपटॉप, मॉनिटर, ऑफिस फर्नीचर, इंडस्ट्रियल इक्विपमेंट पर आकर्षक डील्स का लाभ उठा सकते हैं। ग्राहकों को एचपी, सैमसंग, हैवेल्स, प्रेस्टीज, बॉश, फिलिप्स, व्हर्लपूल, एलजी, शाओमी जैसे प्रमुख ब्रांड्स के बेस्टसेलिंग प्रोडक्ट्स पर 80 फीसदी तक की छूट मिल रही है।

## तीसरी तिमाही में जियो के एबिटडा में 16.4 फीसदी की ग्रोथ दर्ज

# जियो का डिजिटल ईकोसिस्टम अब भारतीय घरों में और गहराई से अपनी जगह बना रहा है: मुकेश अंबानी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर,मुकेश डी.अंबानी ने कहाकि वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही में रिलायंस का परफॉर्मेंस दिखाता है कि हमारे सभी व्यवसायों में लगातार मजबूत फाइनेंशियल डिलीवरी और ऑपरेशनल मजबूती बनी हुई है।



मुकेश डी. अंबानी

जियो का डिजिटल इकोसिस्टम अब भारतीय घरों में, और गहराई से अपनी जगह बना रहा है। मोबाइल और ब्रॉडबैंड प्रोडक्ट्स के जरिए हम मोबाइल फोन, घरों, उपकरणों और एंटरप्राइजेस को आपस में जोड़ रहे हैं। इस तिमाही में जियो ने अपने सब्सक्राइबर बेस को और बढ़ाया। ख़ास तौर पर भारत के लिए, तैयार किए गए हमारे स्वदेशी टेक्नोलॉजी स्टैक पर आधारित आकर्षक ऑफर्स के चलते ये संभव हुआ। जियो ने इस दौरान एबिटडा में 16.4 फीसदी की शानदार ग्रोथ दर्ज की। अंबानी ने कहाकि हमारे रिटेल बिजनेस के लिए भी यह तिमाही काफ़ी अहम रही। नए ब्रांड्स और प्रोडक्ट रेंज जुड़ने से पोर्टफोलियो और मजबूत हुआ। इसी तिमाही में कंज्यूमर प्रोडक्ट्स बिजनेस का डीमर्जर भी हुआ। ओ2सी बिजनेस में ग्रोथ का नेतृत्व बेहतर फ्यूल मार्जिन और अनुकूल डिमांड-सप्लाई वातावरण ने किया। साथ ही ऑपरेशनल फ्लेक्सिबिलिटी का भी फायदा मिला। जियो-बीपी नेटवर्क के लगातार विस्तार के साथ हमारा फ्यूल रिटेलिंग बिजनेस भी दमदार ग्रोथ दिखा रहा है। रिलायंस के मजबूत कैश-फ्लो और बैलेंस शीट को अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसियों से भी पहचान मिली है। विदेशी मुद्रा में जारी किए गए हमारे डेट को एएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स से 'ए-' की रेटिंग मिली है।

## जियो ने भारत की डिजिटल क्रांति को नई रफ़्तार दी : आकाश

जबकि रिलायंस जियो इंफोकॉम चेयरमैन आकाश एम.अंबानी ने कहाकि जियो ने दुनिया के बेहतरीन टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म्स को भारतीय यूजर्स तक पहुंचाकर भारत की डिजिटल क्रांति को नई रफ्तार दी है। जियो के 50 करोड़ से ज्यादा सब्सक्राइबर्स, ग्राहकों की जरूरतों की गहरी समझ और देशभर में फैले डिस्ट्रिब्यूशन नेटवर्क के जरिए रिलायंस इंटेलिजेंस को वह ताकत मिलेगी जिसके जरिए भारत सिर्फ एआई-एनाबिल ही नहीं, बल्किएआई-सशक्त बनेगा। इससे हर नागरिक और हर एंटरप्राइज एआई टूल्स का इस्तेमाल कर सृजन, नवाचार और विकास कर सकेगा।



आकाश एम अंबानी

### रिलायंस रिटेल ने लाखों ग्राहकों की शॉपिंग जरूरतों को पूरा किया : ईशा

*वहीं रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, ईशाएम अंबानी ने कहाकि रिलायंस रिटेल ने इस तिमाही में दमदार प्रदर्शन करते हुए लाखों ग्राहकों की अलग-अलग शॉपिंग जरूरतों को पूरा करने में सफलता प्राप्त की है। ट्रेंड-फोकस्ड प्रोडक्ट्स और सीमलेस ओम्नी-चैनल एक्सपीरियंस को प्राथमिकता देकर हम लगातार मजबूत कस्टमर एंगेजमेंट और लॉयल्टी बना रहे हैं। बदलते कंज्यूमर ट्रेंड्स के बावजूद हम इनोवेशन और एक्सेलेंस के जरिए भारतीय रिटेल को नए सिरे से परिभाषित करने के अपने विजन पर पूरी मजबूती से आगे बढ़ रहे हैं।*



ईशा एम अंबानी

---

### भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स के चुनाव

# मतदान 1 फरवरी को, गोविंद गोयल ने कहा-यह चुनाव नहीं... एकता का उत्सव

**चुनावी रण में कुल 59 व्यापारी उम्मीदवार**

**12 पदों के लिए 21 और 24 कार्यकारिणी सदस्य के लिए 38 उम्मीदवार चुनावी रण में**

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी के 70 से अधिक व्यापारिक संगठनों में व्यापारियों की शीर्ष संस्था भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (बीसीसीआई) के त्रैवार्षिक (2026-2029) चुनाव के लिए मतदान 1 फरवरी 2026 को मानस भवन, पॉलिटेक्निक चौराहा, श्यामला हिल्स में सुबह 8 बजे से शुरू होगा।

चुनाव के दूसरे चरण यानि नामांकन वापसी के बाद उम्मीदवारों को मतपत्र क्रमांक मिलने के बाद शहर के व्यापारिक जगत में चुनाव की गहमागहमी बढ़ गई है। चुनाव पर्यवेक्षक पीसी कोठारी ने बताया कि चेंबर के इस चुनावी रण में 12 पदाधिकारी पद के लिए 21 और 24 कार्यकारिणी सदस्य के लिए 38 उम्मीदवारों चुनावी मैदान में हैं।

**गोयल का पलड़ा भारी**

शहर की जानी-मानी हस्तियां बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष तेजकुलपाल सिंह पाली और कांग्रेस नेता व वरिष्ठ उद्योगपति गोविंद गोयल बतौर दो दल के रूप में अध्यक्ष पद के लिए चुनावी रण में हैं। व्यापारियों का कहना है कि इस बार गोयल का पलड़ा भारी है।




फाइल फोटो

गोयल का कहना है कि यह चुनाव नहीं, एकता का उत्सव है। पैनल वोट व्यापारी की ताकत है। इस पैनल से सशक्त उम्मीदवार खड़े किए गए हैं।

## ई-कॉमर्स और एमएसएमई को मिलेगा फायदा

# सीबीआईसी का बड़ा फैसला: डाक द्वारा भेजे जाने वाले माल पर इंसेंटिव का दायरा बढ़ा दिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के ई-कॉमर्स और छोटे कारोबारियों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने एक अहम कदम उठाया है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने डाक के माध्यम से भेजे जाने वाले माल पर एक्सपोर्ट इंसेंटिव का दायरा बढ़ा दिया है। अब इलेक्ट्रॉनिक तरीके से डाक के जरिए किए गए निर्यात पर भी ड्यूटी ड्रॉबैक, आरओडीटीईपी और आरओएससीटीएल जैसी योजनाओं का लाभ मिलेगा। सरकार के इस फैसले से खास तौर पर एमएसएमई, छोटे कारोबारी और छोटे शहरों व दूरदराज के इलाकों से निर्यात करने वाले लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। डाक के जरिए कम मात्रा में सामान भेजने वाले निर्यातक अब बड़े निर्यातकों के मुकाबले ज्यादा बेहतर तरीके से प्रतिस्पर्धा कर पाएंगे।

इससे उनकी लागत घटेगी और विदेशी बाजारों तक पहुंच आसान होगी। इन सुविधाओं को लागू करने के लिए सीबीआईसी ने डाक निर्यात (इलेक्ट्रॉनिक घोषणा और प्रसंस्करण) विनियम, 2022 में संशोधन को मंजूरी दी है। इसके तहत डाक के रास्ते निर्यात किए गए माल पर अब आसानी से शुल्क वापसी और अन्य प्रोत्साहन मिल सकेंगे।



रास्ते निर्यात के

### अधिसूचना जारी, नई प्रक्रिया और नियमों की जानकारी दी गई

इस संबंध में गत दिवस 15 जनवरी 2026 को अधिसूचना जारी की गई है, जिसमें नई प्रक्रिया और नियमों की जानकारी दी गई है। पिछले कुछ वर्षों में सरकार ने ई-कॉमर्स निर्यात को मजबूत करने के लिए कई डिजिटल और नीतिगत सुधार किए हैं। विदेश व्यापार नीति 2023 में पहली बार डिजिटल व्यापार और सीमा पार ई-कॉमर्स को बढ़ावा देने के लिए अलग अध्याय जोड़ा गया है। इसमें डाक, कोरियर और ई-कॉमर्स के जरिए निर्यात को आसान बनाने पर जोर दिया गया है। फिलहाल देश में सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के तहत 28 विदेशी डाकघर अधिसूचित हैं। डाक निर्यात से जुड़ी प्रक्रियाओं को पूरी तरह डिजिटल बनाया गया है, ताकि निर्यातकों को कम कागजी काम करना पड़े। इसके अलावा, सितंबर 2024 से डाक निर्यात पर आईजीएसटी रिफंड की प्रक्रिया भी स्वचालित कर दी गई है, जिससे रिफंड जल्दी मिलने लगा है।

### *देशभर में 1 हजार से ज्यादा डाक निर्यात केंद्र बनाए गए*

*ई-कॉमर्स निर्यात को और आसान बनाने के लिए सीबीआईसी और डाक विभाग ने मिलकर 'हब एंड स्पोक' मॉडल शुरू किया है। इसके तहत देशभर में 1,000 से ज्यादा डाक निर्यात केंद्र बनाए गए हैं, जहां से निर्यात पार्सल की बुकिंग और प्रोसेसिंग होती है। इससे छोटे कारोबारियों को सीधे अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंच मिल रही है। डाक के जरिए निर्यात पर इंसेंटिव बढ़ाने का यह फैसला निर्यात को सरल, सस्ता और ज्यादा समावेशी बनाने की दिशा में सरकार का एक और अहम कदम माना जा रहा है।*

---

## बिजनेस न्यूज

### लक्ष्मी नारायण कॉलेज में 6 दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम

**भोपाल।** लक्ष्मी नारायण कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एक्सीलेंस (एलएनसीटीई) के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग द्वारा 15 से 20 दिसंबर 2025 तक एप्लाइड जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर छह दिवसीय एआईसीटीई-अटल अकादमी द्वारा प्रायोजित फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का सफल आयोजन ऑनलाइन माध्यम से किया गया। इस कार्यक्रम में देशभर से 421 चयनित प्रतिभागियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य जनरेटिव एआई की नवीन तकनीकों एवं उनके व्यावहारिक अनुप्रयोगों की समझ विकसित करना था। छह दिनों में कुल 13 तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया, जिनमें शिक्षाविदों एवं उद्योग विशेषज्ञों ने जनरेटिव एआई, लार्ज लैंग्वेज मॉडल्स, प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग एवं एआई नैतिकता जैसे विषयों पर व्याख्यान दिए। इस एफडीपी का सफल संचालन डॉ. नीतेश कुमार गुप्ता (समन्वयक) एवं डॉ. मेघा कांबले (सह-समन्वयक) के कुशल मार्गदर्शन एवं सतत प्रयासों से संभव हुआ। उनके नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन एवं क्रियान्वयन अत्यंत सुव्यवस्थित रहा। इस एफडीपी के सफल संचालन के लिए डॉ. अनिल कुमार सक्सेना, प्राचार्य एलएनसीटीई डॉ. अशोक कुमार राय, निदेशक प्रशासन और प्रबंधन द्वारा बधाई दी।



### बैंक ऑफ बड़ौदा ने किया 'बॉब केंद्रीय सरकार कर्मचारी वेतन खाता' का शुभारंभ

**मुंबई।** बैंक ऑफ बड़ौदा ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए एक विशेष वेतन खाता पैकेज सुविधा प्रदान करने हेतु वित्तीय सेवाएं विभाग (डीएफएस) की पहल के तहत बॉब केंद्रीय सरकार कर्मचारी वेतन खाता की शुरुआत की। वित्तीय सेवाएं विभाग (डीएफएस) के सचिव एम. नागराजू द्वारा शुभारंभ किया। यह वेतन खाता पैकेज केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए एकल-विंडो बैंकिंग समाधान है, जिसमें उन्नत वेतन खाता सुविधाएं, व्यापक बीमा कवरेज तथा प्रीमियम कार्ड लाभ शामिल हैं। इस अवसर पर डॉ. देबदत्त चांद, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने कहाकि बैंक ऑफ़ बड़ौदा को केंद्रीय सरकार के कर्मचारियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से इस समेकित वेतन खाता पैकेज का शुभारंभ करते हुए हर्ष हो रहा है। यह बचत, ऋण और व्यापक सुरक्षा लाभों को सहजता से एकीकृत करता है ताकि केंद्रीय सरकार के कर्मचारियों के सभी वर्गों को बेहतर सुविधा, वित्तीय सुरक्षा और मानसिक शांति प्रदान की जा सके।





### एमपी टूरिज्म का आज गिफलिफ इंडीस्तान म्यूजिकल एक्सपीरियंस होगा पेश

**भोपाल।** राजधानी भोपाल एक बार फिर एक यादगार सांस्कृतिक शाम का साक्षी बनने जा रहा है। जब गिफलिफ इंडीस्तान म्यूजिकल एक्सपीरियंस का आयोजन 18 जनवरी 2026 को एमपीटी डीडीएक्स ड्राइव-इन सिनेमा में शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक किया जाएगा। गिफलिफ फेस्ट ने भोपाल के दर्शकों को नए और अलग पहचान वाले संगीत से परिचित कराया है। बीते वर्षों में इस मंच पर पहली बार भोपाल में प्रस्तुति देने वाले कलाकारों में लकी अली, बल्लीमारान, कबीर कैफे, थाइक्कुड्डम ब्रिज, रघु दीक्षित प्रोजेक्ट, परवाज और अलिफ शामिल हैं। गिफलिफ ने भोपाल तक पहुंचाया और शहर ने हमेशा खुले दिल से उनका स्वागत किया। गिफलिफ फेस्ट के 10 वर्षों के इस विशेष अवसर पर इंडीस्तान म्यूजिकल एक्सपीरियंस एक बार फिर विविधता और खोज से भरी संगीत प्रस्तुत कर रहा है। कार्यक्रम के बैंकिंग पार्टनर एसबीआई, लाइफ़ लिविंग पार्टनर स्टारलाइट टाइटेनिया, एफएंडबी पार्टनर एमपीएसटीडीसी तथा साउंड पार्टनर ध्वनि एंटरटेनमेंट हैं। छात्रों के लिए टिकट की कीमत मात्र 399 रखी गई है।



### भारती एयरटेल ने किया शोध एवं इनोवेशन को सम्मानित

**नई दिल्ली।** भारती एंटरप्राइजेज की फ़िलैंथ्रपी शाखा, भारती एयरटेल फाउंडेशन ने अपनी प्रमुख राष्ट्रीय शिक्षक शोध संगोष्ठी कॉनवोक 2025 का आयोजन नई दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में सफलतापूर्वक किया। इस संगोष्ठी में देश भर से शिक्षक, प्रशिक्षु शिक्षक, नीति-निर्माता, शिक्षा विशेषज्ञ एवं विभिन्न सहयोगी एकत्र हुए। इस वर्ष के संस्करण में शिक्षकों के नेतृत्व में किए गए क्रियात्मक शोध अध्ययनों पर विशेष बल दिया गया। देश के 16 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों से शिक्षकों और प्रशिक्षु शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत 151 शोध पत्रों में से चार राष्ट्रीय स्तर के उत्कृष्ट विजेताओं को सम्मानित किया गया। इन चयनित परियोजनाओं ने कक्षा शिक्षण प्रक्रियाओं और छात्र अधिगम परिणामों में स्पष्ट एवं प्रमाण-आधारित सुधार को प्रभावी रूप से प्रदर्शित किया। इस वर्ष टीएलएम लीग को 26 राज्यों से 1,728 प्रविष्टियां प्राप्त हुईं, जिनमें से कठोर बहु-स्तरीय मूल्यांकन के बाद 14 शिक्षण-अधिगम सामग्रियों को विजेता घोषित किया गया। इन पुरस्कारों से उन शिक्षकों को सम्मान मिला।




### सोने-चांदी के आयात का तरीका बदला

# एक अक्टूबर से लागू होगा आरबीआई का नया आदेश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में सोना-चांदी के कारोबार से जुड़े लोगों के लिए रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने सख्त कदम उठाया है। केंद्रीय बैंक ने बुलियन यानी सोना और चांदी के आयात पर एडवांस रेमिटेंस (पहले भुगतान) की सुविधा पर रोक लगा दी है। इस फैसले से बुलियन इंपोर्टर्स और कारोबारियों में हलचल मच गई है। आरबीआई का यह कदम मनी लॉन्ड्रिंग और विदेशी भुगतान के दुरुपयोग को रोकने की दिशा में अहम माना जा रहा है। भारत में कच्चा तेल और सोना मूल्य के लिहाज से सबसे बड़े आयातित उत्पादों में शामिल हैं। कई मामलों में यह सामने आया है कि आयात के नाम पर विदेश भेजी गई राशि के बदले सामान देश में नहीं पहुंचता, जिससे फंड्स के गलत इस्तेमाल की आशंका बढ़ जाती है।

### *नए फॉरेक्स नियम लागू*

*आरबीआई ने नए फॉरेक्स मैनेजमेंट नियम जारी करते हुए कहा है कि इनका मकसद प्रक्रियाओं को सरल बनाना और एकरूपता लाना है। हालांकि, बुलियन आयात पर एडवांस पेमेंट रोकने के पीछे की वजहें स्पष्ट रूप से नहीं बताई गई हैं। इसके साथ ही आरबीआई ने इंपोर्ट-एक्सपोर्ट में थर्ड पार्टी पेमेंट और रिसीट की अनुमति दी है। अब एक ही विदेशी खरीदार या सप्लायर, या उनकी ग्रुप कंपनियों के बीच देनदारियों का समायोजन बैंकों की अलग मंजूरी के बिना किया जा सकेगा। केंद्रीय बैंक ने साफ किया है कि यदि तय या बढ़ाई गई अवधि में आयात नहीं होता है, तो इंपोर्टर को भेजी गई एडवांस राशि भारत वापस लानी होगी। ऐसा न करने पर भविष्य में एडवांस रेमिटेंस के लिए सख्त शर्तें लागू की जा सकती हैं।*



### 1 अक्टूबर से लागू होंगे नियम

आरबीआई के नए फॉरेक्स नियम 1 अक्टूबर से प्रभावी होंगे। केंद्रीय बैंक का कहना है कि ये बदलाव छोटे इंपोर्टर्स और एक्सपोर्टर्स के लिए ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देंगे, हालांकि बुलियन कारोबार पर इसका सीधा असर देखने को मिलेगा।

### एनएसई-बीएसई ने किया विशेष सत्र का ऐलान

# बजट के दिन रविवार को भी शेयर बाजार में होगा कारोबार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बजट 2026 पेश होने के दिन 1 फरवरी को रविवार है,लेकिन इस दिन देश के प्रमुख शेयर बाजार खुले रहेंगे। प्रमुख स्टॉक एक्सचेंजों- नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई)- ने एलान किया है कि इस साल 1 फरवरी को रविवार होने के बावजूद शेयर बाजार खुले रहेंगे। यह निर्णय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए जाने वाले केंद्रीय बजट के महत्व को देखते हुए लिया गया है।

एक्सचेंजों ने यह निर्णय बजट में होने वाली नीतिगत घोषणाओं पर तत्काल और सुचारू रूप से प्रतिक्रिया मिलने की उम्मीद में लिया है। आमतौर पर शनिवार और रविवार को शेयर बाजार में साप्ताहिक अवकाश होता है। एक्सचेंज रविवार को बाजार खोलकर भारतीय पूंजी बाजार को वैश्विक मानकों के अनुरूप ढालना चाहते हैं।

### एसबीआई ने बढ़ाए एटीएम चार्ज, अब कैश विड्रॉल और बैलेंस चेक हुआ महंगा

**एजेंसी. नई दिल्ली।** अगर आप स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम ट्रांजेक्शन चार्ज में बढ़ोतरी कर दी है। अब फ्री ट्रांजेक्शन लिमिट खत्म होने के बाद दूसरे बैंक के एटीएम से कैश निकालना और बैलेंस चेक करना पहले से महंगा हो गया है। नए नियमों के तहत, कैश विड्रॉल पर प्रति ट्रांजैक्शन 23 रुपए और बैलेंस इन्क्वायरी या मिनी स्टेटमेंट जैसे नॉन-फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन पर 11 रुपए चार्ज देना होगा। फ्री लिमिट के बाद कैश निकालने का चार्ज पहले 21 रुपए था, जो अब बढ़कर 23 रुपए हो गया है। नॉन-फाइनेंशियल ट्रांजैक्शन का चार्ज 11 रुपए तय किया गया है। हालांकि यह बढ़ोतरी बीएसबीडी अकाउंट, एसबीआई एटीएम का इस्तेमाल करने वाले एसबीआई डेबिट कार्ड होल्डर्स और किसान क्रेडिट कार्ड अकाउंट पर लागू नहीं होगी।

**पश्चिम मध्य रेल**

**खुली निविदा**

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत सामान्य) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु आवेदन निर्धारित निविदा फॉर्म पर खुली निविदा आमंत्रित करता है। **(1) निविदा सूचना क्रमांक:** जबल-एल-टी-नं. 44-2025, दिनांक: 08.01.2026 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** तीन विविध कार्य: (i) जबलपुर डिविजन में क्षतिग्रस्त अर्थिंग को बदलने सहित सर्विस बिल्डिंगों की रीवायरिंग (स्टेशन, सर्विस बिल्डिंग, शेड, विश्राम गृह आदि) (ii) जबलपुर डिविजन में स्ट्रीट लाइट सहित अष्टकोणीय पोल और ट्रैक क्रॉसिंग लाइट लगाकर एलसी गेटों पर रोशनी के स्तर में सुधार (iii) बीना-केटीई तीसरी लाइन परियोजना से संबंधित विविध शेष कार्य। **निविदा का अनुमानित मूल्य:** ₹ 55561117.49/- **निविदा फॉर्म की कीमत:** 0.00 **कार्यालय का पता जहाँ टेन्डर फॉर्म खरीदा जा सकता है:** वरि. मंडल विद्युत अभियंता/ सामान्य/ जबलपुर **बयाना राशि:** ₹ 427800/- **समापन अवधि (माह/वर्ष):** 12 माह **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय:** 30/01/2026 (15.00 बजे तक) **निविदा खुलने की तिथि एवं समय:** 30/01/2026 (15.30 बजे तक) **(2) निविदा सूचना क्रमांक:** जबल-एल-टी-नं. 45-2025, दिनांक: 09.01.2026 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** एनकेजे में रिसीविंग यार्ड का पुनर्निर्माण करके वहां की लाइनों की सीएसआर/सीएसएल में वृद्धि करना। **निविदा का अनुमानित मूल्य:** ₹ 6055940.36/- **निविदा फॉर्म की कीमत:** 0.00 **कार्यालय का पता जहाँ टेन्डर फॉर्म खरीदा जा सकता है:** वरि. मंडल विद्युत अभियंता/ सामान्य/ जबलपुर **बयाना राशि:** ₹ 121100/- **समापन अवधि (माह/वर्ष):** 6 माह **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय:** 02/02/2026 (15.00 बजे तक) **निविदा खुलने की तिथि एवं समय:** 02/02/2026 (15.30 बजे तक). निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाइट https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है पूर्ण निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाइट से डाउनलोड की जा सकती है।

(हस्ता.)

वरि.मण्डल विद्युत अभियंता (सामान्य), प.म.रे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, बलौदाबाजार, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

Tel.No.07727-223138 E-mail : cmobalodabazar@rediffmail.com & cmobalodabazar@ymail.com

क्रमांक / 951 / लो.नि.वि./ न.पा.प. / 2026 बलौदाबाजार, दिनांक 16/01/2026

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**

main portal – http://cgeprocurment.gov.in

Sub portal-http://uadd.cgeprocurement.gov.in

Email-cmobalodabazar@rediffmail.com

नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार क्षेत्रांतर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारो से ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम टेंडर के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | सिस्टम टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | लागत राशि (लाख में) | अमानत राशि (एफ. डी. आर. के माध्यम से) | निविदा फार्म शुल्क (डी.डी.) | समयावधि | निविदा दरें प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 183557 | निकाय में अकुशल / अर्द्धकुशल / कुशल / उच्च कुशल प्लेसमेंट श्रमिक एवं स्वच्छता कमाण्डों श्रमिकों की आपूर्ति कार्य (तृतीय निविदा)। | 106.66 | 80000.00 | 3000.00 | 12 माह | 27.01.2026 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की विस्तृत जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से एवं विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in एवं https://eproc.cgstate.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार

**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला भोपाल**

क्रमांक /.../ खनिज / उ.प.-342/2025 भोपाल, दिनांक /.../.../2025

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 (1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए

**द्वितीय सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि श्रीमति आसिया जेहान पत्नी श्री रहमत उल्ला उर्फ राजा निवासी मकान नंबर-02 झापडिया ग्राम बगोनिया तहसील हुजूर जिला भोपाल द्वारा मुरूम उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाइन आवेदन पत्र दिनांक 02.04.2025 को प्रस्तुत किया गया है। इस क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्रथम सूचना क्र. जी-12560/25 दिनांक 10.05.2025 को प्रकाशित की गई थी। इस क्षेत्र पर पुनः प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की कालावधि तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा आवेदन ऑनलाइन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगें।

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा | भूमि का प्रकार शासकीय/ निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भोपाल | हुजूर | शेखपुरा | 251(एस) | 2.000 हे. | शासकीय | मुरूम | कुल रकबा 2.000 हे. |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाइन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 05:30 बजे तक) ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
2 यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक प्रथम सूचना से प्राप्त आवेदन को शामिल करते हुए 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि इस प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यत्ता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4 . यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
(खनिज शाखा)
जिला भोपाल, म.प्र.

जी - 24415/25

स्वच्छता ही सेवा

**इस्लामिक देश ईरान में रिकॉर्ड तोड़ मुद्रास्फीति, खाद्य पदार्थों की कीमतों और मुद्रा के अवमूल्यन को लेकर अराजकता का माहौल है। आमजन में निराशा के चलते विरोध प्रदर्शन जल्द ही एक व्यापक आंदोलन में तब्दील हो चुके हैं, जिसमें मौजूदा शासन को समाप्त करने की मांग की गई है। नागरिक, विशेषकर युवा पीढ़ी, कठोर मजहबी प्रतिबंधों एवं सामाजिक कानूनों के प्रति विद्रोही हैं। लोग अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों से असंतुष्ट हैं। उधर, अमेरिका ईरान में सत्ता परिवर्तन चाहता है। वह अमेरिकी नेतृत्व वाले पश्चिमी हितों के अनुकूल नवशासन स्थापित कर ईरानी परमाणु कार्यक्रमों को पूरी तरह बंद करवाना चाहता है। ट्रंप की अतिवादी नीतियों ने जिस तरह ईरान में सत्ता परिवर्तन और उसे आर्थिक रूप से कमजोर बनाने का खेल शुरू किया है, यह सीधे तौर पर भारत के लिए भी एक और मुसीबत खड़ी कर सकता है। ईरान स्थित चाबहार पोर्ट भारत के लिए अर्थनीतिक रूप में सबसे महत्वपूर्ण परियोजना है। अगर ईरान की स्थिति नियंत्रण से बाहर होती है, तो इससे वैश्विक स्तर पर तेल और वित्तीय बाजारों पर बहुत बड़ा असर पड़ेगा। इसी का विश्लेषण करता *आजकल* का यह खास अंक...**

# ईरान का इस्लामिक दुनिया से जटिल रिश्ता



**विश्लेषण**
विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

**ईरान के इस्लामिक राष्ट्रों के साथ संबंध जटिल और बहुआयामी हैं। 1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद से ईरान ने शिया इस्लाम को अपनी विदेश नीति का आधार बनाया है, जो सुन्नी-बहुल मुस्लिम दुनिया के साथ उसके संबंधों को प्रभावित करता है। ईरान की सरकार खुद को इस्लामिक एकता का समर्थक बताती है, लेकिन वास्तव में वह शिया प्रभाव को बढ़ाने की कोशिश करती रहती है। ईरान की इस्लामिक क्रांति ने उसे मुस्लिम दुनिया में एक वैकल्पिक मॉडल के रूप में स्थापित किया, जहां वह खुद को साम्राज्यवाद-विरोधी और फिलिस्तीन समर्थक के रूप में पेश करता है।**

रमजान के महीने में राजधानी दिल्ली में इस्लामिक देशों के राजनयिक आमतौर पर चाणक्यपुरी में स्थित सूडान एंबेसी में नमाज अदा करते हैं। ईरानी राजनयिक अपनी एंबेसी में ही नमाज अदा करते हैं। ईरान और शेष इस्लामिक संसार में दूरियों को इस उदाहरण से कुछ हद कर समझा जा सकता है। दरअसल, ईरान के इस्लामिक राष्ट्रों के साथ संबंध जटिल और बहुआयामी हैं। 1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद से ईरान ने शिया इस्लाम को अपनी विदेश नीति का आधार बनाया है, जो सुन्नी-बहुल मुस्लिम दुनिया के साथ उसके संबंधों को प्रभावित करता है। ईरान की सरकार खुद को इस्लामिक एकता का समर्थक बताती है, लेकिन वास्तव में वह शिया प्रभाव को बढ़ाने की कोशिश करती रहती है। ईरान की इस्लामिक क्रांति ने उसे मुस्लिम दुनिया में एक वैकल्पिक मॉडल के रूप में स्थापित किया, जहां वह खुद को साम्राज्यवाद-विरोधी और फिलिस्तीन समर्थक के रूप में पेश करता है। हालांकि, शिया-सुन्नी विभाजन के कारण ईरान की सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और अन्य सुन्नी-बहुल देशों के साथ प्रतिद्वंद्विता गहरी है। ईरान को सुन्नी राष्ट्रों द्वारा 'शिया विस्तारवादी' के रूप में देखा जाता है, जबकि ईरान इन देशों को अमेरिका की कठपुतली मानता है।

## विद्रोहियों को रहा समर्थन

1980 के दशक से ईरान ने लेबनान में हिजबुल्लाह, इराक में शिया मिलिशिया, सीरिया में असद शासन और यमन में हूती विद्रोहियों को समर्थन दिया। यह नेटवर्क ईरान को क्षेत्रीय शक्ति प्रदान करता है, लेकिन इसे आतंकवाद का प्रायोजक भी बनाता है, जैसा कि अमेरिका और उसके सहयोगी दावा करते हैं। सऊदी अरब और ईरान में पुरानी अदावत है। दरअसल सऊदी अरब में एक शिया मौलवी को 2016 में फांसी की सजा दी गई थी और इसी मुद्दे पर 2016 में सऊदी अरब और ईरान के कूटनीतिक संबंध खत्म हो गए थे। तब से ये दोनों देश एक-दूसरे के जानी दुश्मन बन गए थे। सऊदी अरब खुद को सारी दुनिया के सुन्नी मुसलमानों का रहनुमा मानता है और ईरान अपने को शिया मुसलमानों का। आप जानते हैं कि दोनों ही देश तेल उत्पादक देश हैं। दोनों ही देश अपने व्यावसायिक दिलचस्पी के वर्चस्व की लड़ाई लड़ते हैं। क्या सऊदी अरब और ईरान कभी चीन से यह पूछने की हिमाकत करेंगे कि चीन में मुसलमानों पर भीषण अत्याचार क्यों हो रहे हैं? वे कब थमेंगे? चीन ने अपने मुस्लिम बहुल शिनजियांग प्रांत में रहने वाले मुसलमानों को पूरी तरह से कसा हुआ है।

## ईरान की अलगाववादी स्थिति

उन्हें खान-पान के स्तर पर वह सब कुछ करना पड़ा रहा है, जो उनके इस्लाम धर्म में पूर्ण रूप से निषेध है। इस बीच, ईरान अफगानिस्तान और पाकिस्तान जैसे सुन्नी बहुल देशों के साथ व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाता है। वह मुस्लिम ब्रदरहुड जैसे सुन्नी समूहों से भी संबंध रखता है, ताकि अमेरिकी प्रभाव का मुकाबला कर सके, लेकिन कुल मिलाकर, ईरान की अलगाववादी स्थिति बनी हुई है, विशेष रूप से सुन्नी अरब देशों के साथ। हालांकि यह बताना जरूरी है कि उसकी पाकिस्तान से तनातनी भी चलती रहती है। ईरान ने पाकिस्तान में 2021 में सर्जिकल स्ट्राइक किया था। इस हमले का नतीजा यह हुआ कि ईरान ने अपने कुछ अपहृत कर लिए गए नागरिकों को 'जैश उल अदल' नाम के आतंकी संगठन के कब्जे से छुड़वा लिया। जैश अल-अदल के आतंकी पाकिस्तान की ईरान से लगती सरहद पर लगातार हमले बोल रहे हैं। उनके 2019 के हमले में 27 ईरानी नागरिक मारे गए थे। ओआईसी में ईरान की स्थिति ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोऑपरेशन (ओआईसी) 1969 में स्थापित विश्व का दूसरा सबसे बड़ा अंतर-सरकारी संगठन है, जिसमें 57 मुस्लिम बहुल देश शामिल हैं।

## ओआईसी में भूमिका प्रभावित

ईरान इस संगठन का संस्थापक सदस्य होने के साथ-साथ शुरू से ही एक महत्वपूर्ण और प्रभावशाली देश रहा है। हालांकि, ईरान की स्थिति हमेशा विवादास्पद और उतार-चढ़ाव वाली रही है। सऊदी अरब के साथ क्षेत्रीय प्रतिद्वंद्विता ने ओआईसी में ईरान की भूमिका को बार-बार प्रभावित किया।

उसे 1980 के दशक में ईरान-इराक युद्ध के दौरान ओआईसी में अलग-थलग करने की कोशिशें हुईं। फिर भी, ईरान ने इस संगठन में अपनी सक्रियता कभी कम नहीं होने दी। वह फिलिस्तीन के समर्थन, कश्मीर मुद्दे और इस्लामोफोबिया के खिलाफ लगातार मुखर रहा। हाल के वर्षों में, खासकर 2024-2025 में इजराइल के साथ बढ़ते तनाव और ईरान पर हुए हमलों के बाद उसने ईरान ओआईसी से मजबूत एकजुटता की मांग की। कतर, मलेशिया, इंडोनेशिया और तुर्की जैसे देशों ने कई बार ईरान के पक्ष में आवाज उठाई, लेकिन सऊदी अरब और उसके सहयोगियों के प्रभाव के कारण संगठन अक्सर निर्णायक कार्रवाई करने में असमर्थ रहा।

## सुन्नी देशों के साथ तनाव

ईरान ओआईसी को मुस्लिम दुनिया की एकता का मंच मानता है, लेकिन ईरान की स्थिति प्रभावशाली तो है, परंतु पूर्ण नेतृत्व वाली नहीं है। आज ईरान के प्रमुख सहयोगी हैंः लेबनान में हिजबुल्लाह, गाजा में हमास और फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद, यमन में हूती, इराक में पॉपुलर मोबिलाइजेशन फोर्सेज। ये समूह ईरान को इजराइल और अमेरिका के खिलाफ 'प्रतिरोध' प्रदान करते हैं। ईरान रूस और चीन के भी करीब है, जो उसे प्रतिबंधों से बचाने में मदद करते हैं। दूसरी ओर, उसका सुन्नी देशों के साथ तनाव जारी है। सऊदी अरब के साथ यमन युद्ध और इराक में प्रभाव की लड़ाई ने संबंधों को बिगाड़ा है। हालांकि, 2023 में चीन की मध्यस्थता से कुछ सामान्यीकरण हुआ, लेकिन इजराइल-हमास युद्ध ने फिर तनाव बढ़ाया। ईरान खुद को मुस्लिम दुनिया का रक्षक बताता है, लेकिन कई राष्ट्र उसे संदेह की नजर से देखते हैं।

## देश में विरोध प्रदर्शन

उनका मानना है कि वह क्षेत्रीय अस्थिरता फैलाता है। ईरान में आजकल चल रही उथल-पुथल इस्लामिक दुनिया के साथ उसके संबंधों को और जटिल बना रही है। दिसंबर से तेहरान के ग्रैंड बाजार में दुकानदारों की हड़ताल से शुरू हुए विरोध प्रदर्शन तेजी से देशव्यापी हो गए, सभी 31 प्रांतों में फैल गए। शुरुआत में मुद्रा (रियाल) के पतन और 40% महंगाई के खिलाफ थे, लेकिन जल्दी ही राजनीतिक हो गए। प्रदर्शनकारी देश के शिखर नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के खिलाफ नारे लगा रहे हैं, रेजा पहलवी (पूर्व शाह के पुत्र) के पक्ष में चिल्ला रहे हैं, और शासन के अंत की मांग कर रहे हैं।



# रूस-चीन की दिलचस्पी सैनिक कार्रवाई में नहीं



**मुद्दा**
उमेश चतुर्वेदी
वरिष्ठ

साल 2026 के तीसरे ही दिन अमेरिका ने जिस तरह वेनेजुएला के खिलाफ सैन्य कार्रवाई की, उसके बाद से विशेषकर सैनिक रूप से कमजोर देशों में चिंता की लहर है। अमेरिका के सर्वोच्च पद पर डोनॉल्ड ट्रंप के रहते ऐसी चिंताएं स्वाभाविक भी हैं। जिस तरह अपने ही खेमे के देश डेनमार्क के ग्रीनलैंड द्वीप पर ट्रंप ने अपनी नजर टिका रखी है, उससे दुनिया को चिंतित होना ही चाहिए। ऐसे में विश्व की निगाह दुनिया के सैनिक रूप से दूसरे शक्तिशाली देश रूस और आर्थिक रूप से दूसरे और सैनिक रूप से तीसरे ताकतवर देश चीन पर लगना स्वाभाविक है। दोनों ही देशों ने वेनेजुएला पर जिस तरह रस्मी प्रतिक्रिया जताई है, उससे लगता नहीं कि वे भविष्य में ऐसी अमेरिकी कार्रवाइयों के खिलाफ अपने मित्र देशों के पक्ष में खड़े होंगे।

जब तक सोवियत संघ अस्तित्व में रहा, कम से कम दुनिया के कमजोर और साधनहीन देशों को उम्मीद रहती थी कि अगर अमेरिका ने उनकी ओर आंख तरेरी तो सोवियत संघ का साथ मिलेगा और अगर सोवियत संघ ने निगाहें तीखी कीं तो अमेरिका उसकी मदद करने पहुंचेगा। सोवियत संघ के विघटन के बाद उसका सबसे बड़ा हिस्सा रूस शक्तिशाली तो बना रहा है, लेकिन मौजूदा अमेरिका-ब्रिटेन प्रेरित-पोषित आर्थिक दुनिया में सोवियत संघ जैसी ताकत बना नहीं रह सका। बेशक डॉलर, सोवियत और आज के रूस की मुद्रा रूबल की तुलना में ताकतवर था, लेकिन ऐसा भी नहीं था कि आर्थिक रूप से पूरी दुनिया को नियंत्रित कर सके। आज आर्थिक क्षेत्र में डॉलर को कोई चुनौती नहीं है। ब्रिक्स देशों ने अपनी-अपनी मुद्राओं को आपसी आर्थिक व्यवहार में आगे बढ़ाने की कोशिश तो की है, हालांकि वह डॉलर को चुनौती देने की स्थिति में नहीं आ पाई हैं। अमेरिका जानता है कि उसकी आर्थिक ताकत को बड़े स्तर पर चुनौती देने की हालत में दुनिया की दूसरी यानी चीन की अर्थव्यवस्था नहीं है, इसलिए ट्रंप बेफिक्र होकर कभी मैक्सिको को अपना उपनिवेश बनाने की वकालत करते हैं तो कभी कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने का ऐलान करते हैं। ग्रीनलैंड पर निगाह और वेनेजुएला पर सैन्य कार्रवाई उनकी इसी सोच का विस्तार है। वेनेजुएला पर कार्रवाई को लेकर रूस और चीन ने चिंताएं तो जाहिर कीं, लेकिन वे वेनेजुएला को सैनिक सहयोग करने के लिए इच्छुक नहीं दिखे। इसकी मोटे तौर पर दो वजहें सामने आती हैं। वेनेजुएला से रूस ने 2010 में समझौता तो किया, लेकिन वह रणनीतिक, तकनीकी और आर्थिक मामलों पर केंद्रित है। सैनिक सहयोग की बात उसमें नहीं है। दिलचस्प यह है कि वेनेजुएला के विशाल तेल भंडार का सबसे ज्यादा फायदा उठाने वाला चीन भी इस मामले में उसको सैनिक सहयोग करने से दूर है। वेनेजुएला के तेल निर्यात का 50 से 89 प्रतिशत तक हिस्सा सिर्फ चीन जाता था। इसके बावजूद वह वेनेजुएला को सैनिक सहायता देने से हिचक रहा है। इसकी वजह यह है कि चीन की नीतियां कम से कम एशिया से बाहर सिर्फ और सिर्फ आर्थिक मुद्दों पर ही टिकी हैं। ट्रंप काल में अमेरिका से कारोबारी मुद्दे पर उसकी ठनी हुई है। जिसे वह सहज करने की कोशिश में है, इसलिए वह कोई ऐसा कदम नहीं उठाना चाहता, जिससे अमेरिका से उसके कारोबारी रिश्तों पर असर पड़े। चीन की पूरी कोशिश है कि अमेरिका से जारी व्यापार युद्ध को खत्म करे। उसकी कोशिश किसी तरह अमेरिका को खुश करने की भी होगी, ताकि वेनेजुएला से वह पहले की तरह तेल का भारी आयात कर सके। वेनेजुएला के मसले पर रूस की भी स्थिति बहुत बेहतर नहीं है। रूस यूक्रेन में फंसा हुआ है। वेनेजुएला से रूस की रणनीतिक संधि तो है, लेकिन उसमें साझा रक्षा का जिक्र नहीं है। फिर रूस के संसाधन, सेना, सैन्य उपकरण आदि यूक्रेन युद्ध में लगे हुए हैं। ऐसे में अगर वह वेनेजुएला का सैन्य सहयोग करता है तो एक तरह से अमेरिका के खिलाफ नया मोर्चा खोलना होगा। रूस इस वजह से बचना चाहता है, इसीलिए जब रूसी झंडा लगे पोत को अमेरिकी सेना ने रोका तो रूस ने सिर्फ अमेरिका से रूसी नागरिकों की हिफाजत और उन्हें छोड़ने की अपील ही की। जाहिर है कि लगातार अर्थकेंद्रित होती दुनिया में देशों की प्राथमिकताएं बदल गई हैं। रूस और चीन इसी मानस से ग्रस्त हैं, इसीलिए वेनेजुएला ही नहीं, ऐसे अपने किसी और साथी के सहयोग के लिए सक्रिय रूप से सामने आने में अब उनकी दिलचस्पी नहीं है। ऐसे में दुनिया, विशेषकर अमेरिकी कोप से आशंकित देशों को चिंतित होने की जरूरत है।

*वेनेजुएला के तेल निर्यात का 50 से 89 प्रतिशत तक हिस्सा सिर्फ चीन जाता था। इसके बावजूद वह वेनेजुएला को सैनिक सहायता देने से हिचक रहा है। इसकी वजह यह है कि चीन की नीतियां कम से कम एशिया से बाहर सिर्फ और सिर्फ आर्थिक मुद्दों पर ही टिकी हैं।*

# पर्शिया से ईरान बनने तक : सत्ता संस्कृति और संघर्ष की




**सफरनामा**
सेंट्रल डेस्क

आज जिसे दुनिया ईरान के नाम से जानती है, वह सदियों तक पर्शिया या फारस कहलाता रहा। दिलचस्प तथ्य यह है कि देश के भीतर इसे हमेशा ईरान ही कहा गया, नाम बदला तो केवल बाहरी दुनिया की दृष्टि में। इसका नाम चाहे जो रहा हो, इस भूभाग की शक्ति, संस्कृति और महत्व कभी कम नहीं हुए। इतिहास के पन्ने पलटकर देखें तो ईरान की सभ्यता लगभग चार हजार वर्ष पुरानी है। इलेमाइट, अस्सीरियन और मेडियन सभ्यताओं के बाद हमदान राजधानी बना और यहीं से संगठित राजशाही की नींव पड़ी। इसी परंपरा को वैश्विक पहचान दिलाई सायरस द ग्रेट ने, जिन्होंने एकेमेनिड साम्राज्य खड़ा किया। उनका साम्राज्य पूर्वी यूरोप से लेकर सिंधु नदी तक फैला था। सायरस केवल विजेता नहीं थे, वे कुशल प्रशासक भी थे। क्षत्रप प्रणाली, धार्मिक सहिष्णुता और यहूदियों की मुक्ति जैसे फैसलों ने उन्हें इतिहास में विशिष्ट स्थान दिलाया। भारत और फारस के भाषाई और सांस्कृतिक रिश्ते भी इसी दौर में मजबूत हुए।

सायरस के उत्तराधिकारी डेरियस द ग्रेट के समय फारस दुनिया की लगभग आधी आबादी पर शासन करता था। भारत को 'हिंदुस्तान' नाम देने का श्रेय भी इसी काल को जाता है। हालांकि ग्रीस पर आक्रमण फारस की वह रणनीतिक भूल साबित हुई, जिसने साम्राज्य की नींव हिला दी। 331 ईसा पूर्व में सिकंदर ने डेरियस तृतीय को हराकर पर्शिया पर अधिकार कर लिया। यह जीत केवल सत्ता परिवर्तन नहीं थी, बल्कि एक युग के अंत का संकेत थी। सिकंदर के बाद सेल्युकिड और पार्थियन आए, लेकिन फारसी गौरव का पुनरुत्थान सासानी वंश में हुआ। शापुर प्रथम ने रोमन सम्राट वैलेरियन को बंदी बनाकर रोम की अजेयता के मिथक को तोड़ा। इसके बाद सातवीं सदी में इस्लाम का आगमन हुआ। अरब विजय के साथ जोरोस्ट्रियन धर्म पर दबाव बढ़ा और यही समुदाय आगे चलकर पारसी कहलाया। जीवन रक्षा के लिए इन लोगों का भारत आगमन हुआ, जिसने भारत की सामाजिक-सांस्कृतिक विविधता को नई पहचान दी।

मध्यकाल में फारसी भाषा और संस्कृति ने फिर उन्नति की। फिरदौसी की शाहनामा ने ईरान को उसकी ऐतिहासिक स्मृति लौटाई, लेकिन मंगोल आक्रमणों ने इस समृद्धि को तहस-नहस कर दिया। चंगेज खान और बाद में तैमूर के हमलों ने फारस और भारत दोनों को गहरे घाव दिए, जिनकी छाप सदियों तक बनी रही। आधुनिक ईरान की पहचान सफवी वंश के शिया धर्म को राज्य धर्म बनाने से बनी। यही कारण है कि आज ईरान शिया इस्लाम का केंद्र है। नादिर शाह के दिल्ली आक्रमण ने मुगल साम्राज्य के पतन को तेज किया और भारतीय इतिहास की दिशा बदल दी। उन्नीसवीं सदी में पर्शिया ब्रिटेन और रूस की साम्राज्यवादी राजनीति में उलझ गया। 1935 में रेजा शाह पहलवी ने देश का आधिकारिक नाम ईरान किया। तेल के राष्ट्रीयकरण और 1953 के अमेरिकी-समर्थित तख्तापलट ने ईरान की राजनीति को निर्णायक रूप से प्रभावित किया। शाह की भव्यता और जनता की बदहाली के बीच खाई बढ़ती गई। 1979 की इस्लामी क्रांति ने राजशाही का अंत कर दिया, लेकिन स्थायी स्थिरता नहीं दे सकी। आज ईरान एक बार फिर अपने अतीत और वर्तमान के बीच झूल रहा है। इतिहास गवाह है कि यह देश जितनी बार आगे बढ़ा, उतनी बार उसका अतीत उसके सामने खड़ा हो गया। शायद यही कारण है कि सिकंदर की अंगूठी, शाहनामा की गाथाएं और शाह की ताजपोशी आज भी ईरान की राजनीति और चेतना में एक साथ जीवित हैं। गौरतलब है कि ईरान में पिछले दो हफ्तों से विरोध प्रदर्शनो जारी हैं। इनकी वजह से वहां की स्थिति अब भी तनावपूर्ण बनी हुई है। बताया जा रहा है कि इन विरोध प्रदर्शनों में अब तक करीब 114 सरकारी अधिकारी व कर्मचारी भी मारे गए हैं। हालांकि, सही संख्या का जानना मुश्किल है क्योंकि देश में अंतरराष्ट्रीय समाचार एजेंसियों पर पाबंदियां हैं।

*सिकंदर की अंगूठी, शाहनामा की गाथाएं और शाह की ताजपोशी आज भी ईरान की राजनीति और चेतना में एक साथ जीवित हैं।*

# तेल बाजारों के लिए कितने मायने रखता है ईरान का भविष्य



**अराजकता**
रवि शंकर
वरिष्ठ पत्रकार

ईरान में चल रही राजनीतिक उथल-पुथल भारत के लिए सिर्फ एक विदेशी संकट नहीं है, बल्कि यह भारत की सुरक्षा, व्यापार और रणनीति से सीधे जुड़ा मामला बनता जा रहा है। ईरान और भारत के रिश्ते दशकों पुराने हैं।

ये रिश्ते सिर्फ कूटनीति तक सीमित नहीं, बल्कि भूगोल, रणनीतिक संतुलन और क्षेत्रीय पहुंच से जुड़े हैं। अगर ईरान कमजोर हुआ या वहां सत्ता परिवर्तन हुआ, तो इसका सबसे बड़ा नुकसान भारत को हो सकता है। भारत के लिए ईरान सिर्फ एक देश नहीं, बल्कि पश्चिम की ओर खुलने वाला एकमात्र भरोसेमंद दरवाजा है। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान और मध्य एशिया के लिए भारत के जमीनी रास्ते बंद कर रखे हैं। ऐसे में ईरान ही भारत को उस क्षेत्र से जोड़ता है, जहां से ऊर्जा, व्यापार और रणनीतिक पहुंच मिलती है। ट्रंप की अतिवादी नीतियों ने जिस तरह ईरान में सत्ता परिवर्तन और उसे आर्थिक रूप से कमजोर बनाने का खेल शुरू किया है, यह सीधे तौर पर भारत के लिए भी एक और मुसीबत खड़ी कर सकता है। अगर ईरान की स्थिति नियंत्रण से बाहर होती है, तो इससे वैश्विक स्तर पर तेल और वित्तीय बाजारों पर बहुत बड़ा असर पड़ेगा। वेनेजुएला में निकोलस मादुरो को हटाए जाने के बाद ऐसा नहीं हुआ था, लेकिन ईरान के मामले ने सभी को चिंता में डाल दिया है क्योंकि ईरान, वेनेजुएला की तुलना में चार गुना अधिक तेल का उत्पादन करता है। ओपेक देशों में ईरान तीसरा सबसे बड़ा तेल उत्पादक है। दुनिया की कुल तेल मांग का लगभग चार फीसदी हिस्सा ईरान से आता है, जबकि वेनेजुएला सिर्फ एक फीसदी ही उत्पादन करता है। संघर्ष के समय में इतिहास इसका गवाह रहा है। फिलहाल, बाजार 'इंतजार करो और देखो' की स्थिति में है। क्रूड की कीमतों में उथल-पुथल का असर भारत पर सीधे पड़ता है। भारत अपनी जरूरत का 85% से ज्यादा आयात से पूरा करता है। इस भारी निर्भरता के कारण उसे अपने विदेशी मुद्रा भंडार का काफी बड़ा खर्च इस पर करना पड़ता है। इससे भारत का इंपोर्ट बिल बढ़ता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में जरा भी तेजी भारत में पेट्रोल, डीजल और माल ढुलाई की लागत बढ़ा देती है। दूसरी तरफ, हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान के साथ व्यापार करने वाले देशों पर 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाने की चेतावनी दी है। सत्ता परिवर्तन के संक्रमण काल में भारत को अमेरिका और ईरान के बीच संतुलन बनाना बहुत कठिन हो सकता है। भारत के लिए चिंता की बात यह है कि होर्मुज जलडमरूमध्य एक महत्वपूर्ण चोक प्वाइंट बना हुआ है। यहां से वैश्विक एलएनजी व्यापार का लगभग 20 प्रतिशत और कच्चे तेल के निर्यात का एक महत्वपूर्ण हिस्सा गुजरता है। ईरान इस रास्ते को बंद कर सकता है। विश्लेषकों का कहना है कि होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास किसी भी तरह की बाधा से इराक, सऊदी अरब और यूएई से तेल की खेप प्रभावित हो सकती है। इस रास्ते में बाधा आने से तेल लाने की लागत बढ़ जाएगी। इससे समय के साथ-साथ लागत के मामले में भारत के निर्यात को नुकसान हो सकता है।

साफ है, यदि सत्ता परिवर्तन हिंसक होता है तो ईरान में लंबे समय तक अस्थिरता रह सकती है। इससे भारत के करोड़ों डॉलर के निवेश अधर में लटक सकते हैं। वर्तमान में अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण भारत ईरान से तेल नहीं खरीद पा रहा है। यदि नई सरकार आती है और अमेरिका के साथ उसके संबंध सुधरते हैं, तो भारत को फिर से ईरान से सस्ता और गुणवत्तापूर्ण कच्चा तेल मिल सकेगा। इसमें कोई संदेह नहीं स्थिर ईरान भारत के लिए बहुत मायने रखता है। ईरान में सत्ता परिवर्तन यदि लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से होता है तो यह भारत के लिए दीर्घकालिक लाभ लेकर आएगा।



**भारत अपनी जरूरत का 85% से ज्यादा तेल आयात से पूरा करता है। इस भारी निर्भरता के कारण उसे अपने विदेशी मुद्रा भंडार का काफी बड़ा खर्च इस पर करना पड़ता है।**

# आंतरिक और बाह्य संकटों में उलझा ईरान



**विरोध**
विकेश कुमार बडोला
स्वतंत्र पत्रकार

इस समय ईरान गहन आंतरिक तथा बाह्य संकटों में उलझा हुआ है। गत वर्ष जून में अमेरिका के साथ प्रक्षेपास्त्रीय युद्ध में अपनी सामरिक शक्तियों के ध्वस्त होने के बाद इस देश में अर्थव्यवस्था का भी तीव्र पतन हुआ। ईरान की सबसे बड़ी समस्या आर्थिक बदहाली और राजनीतिक कठोरता का मिश्रण है। दशकों से लगे अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण ईरान की अर्थव्यवस्था चरमरा गई है। यहां मुद्रास्फीति उच्च स्तर पर है। बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है। ईरानी रियाल का मूल्य निरंतर कम हो रहा है। सबसे बड़ी समस्या जो इस देश में है, वो 'इस्लामिक रिपब्लिक' शासन व्यवस्था है। यह शासन लोकोपकारी भूमिका में है ही नहीं। शासकीय कुव्यवस्था ने नागरिकों की स्वतंत्रता छीन ली है।

नागरिक, विशेषकर युवा पीढ़ी, कठोर मजहबी प्रतिबंधों एवं सामाजिक कानूनों के प्रति विद्रोही हैं। लोग अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों से अति असंतुष्ट हैं। ईरान के नवीन आंदोलनों की सबसे बड़ी लहर 2022 में महसा अमीनी की मौत के बाद शुरू हुई थी, जिसे ठीक से 'हिजाब' न पहनने के कारण नैतिकता प्रबंधन पुलिस ने अभिरक्षा में लिया था। हालांकि, इन दिनों के जनप्रदर्शन केवल हिजाब-प्रकरण तक सीमित नहीं रहे, बल्कि इनके होने के पीछे अनेक कारण हैं। व्यक्तिगत स्वतंत्रता इनमें प्रमुख है।

स्त्रियां एवं युवा 'स्त्री, जीवन, स्वतंत्रता' नारे के साथ व्यक्तिगत अधिकारों की मांग कर रहे हैं। भ्रष्टाचार व शासकीय कुप्रबंधन ने भी जन विद्रोह में वृद्धि की है। जनता पूर्णतः आश्वस्त है कि देश के संसाधन आम लोगों के कल्याण की तुलना में विदेशी संघर्षों तथा सत्ता संरक्षण में निर्धारित हैं। यही कारण है कि प्रदर्शनकारी अब केवल शासन पद्धति में सुधार नहीं, बल्कि धार्मिक नेतृत्व के अंत की कठोर मांग भी कर रहे हैं। अमेरिका तो ईरान के पीछे तब ही से पड़ा हुआ है, जब से उसे ईरान में परमाणु अस्त्रों के प्रथम परीक्षण की भनक लगी थी। जहां ईरान स्वभूमि पर विद्यमान प्राकृतिक तेल भंडारों की सुरक्षा के लिए सामरिक शक्तियों से संचित होने की कामना से भरा रहा है, वहीं अमेरिका की मंशा आरंभ से ही इस कोण पर केंद्रित रही है कि ईरान को स्वतंत्र रूप में परमाणु अस्त्र की शक्ति से संपन्न नहीं होने देना है, क्योंकि ऐसा हो जाने पर अमेरिका उसके तेल संसाधनों का मनमाना दोहन नहीं कर सकेगा। अपने इस दृष्टिकोण को विश्व में स्वीकार्यता देने के उद्देश्य से वह ईरान के इन आंदोलनों को अपने स्तर पर तीव्र कर रहा है। वह इन्हें 'लोकतंत्र के समर्थन' के रूप में प्रचारित कर रहा है। अमेरिका ईरान में सत्ता परिवर्तन चाहता है। वह अमेरिकी नेतृत्व वाले पश्चिमी हितों के अनुकूल नवशासन स्थापित कर ऐसे शासन के माध्यम से ईरानी परमाणु कार्यक्रमों को पूरी तरह बंद करवाना चाहता है।

अमेरिकी कामना ईरान के क्षेत्रीय प्रभाव को कम करने की भी है। चूंकि ईरान मध्य पूर्व में इजरायल और सऊदी अरब का कट्टर प्रतिद्वंद्वी है। अमेरिका इस स्थिति का सामरिक, आर्थिक व राजनीतिक लाभार्जन चाहता है। वह आंदोलनों व जनप्रदर्शनों के माध्यम से ईरान के प्रभाव को सीमित करना चाहता है। अमेरिका आंदोलनों की आड़ में अत्यधिक कठोर प्रतिबंध लगाकर ईरानी शासन पर दबाव बनाना चाहता है ताकि वह परमाणु समझौते पर सीधे-सीधे उसकी शर्तों को मान ले। प्रत्यक्ष रूप में भारत भले ही ईरान-प्रकरण पर तटस्थ प्रतीत हो, किंतु अनेक स्तर पर स्वहितों की रक्षा हेतु भारत, आंदोलनकारी स्थितियों को नियंत्रित करने की दिशा में ईरान के साथ कूटनीतिक विमर्श में सम्मिलित है। यदि हमारे व ईरान के संबंधों को देखें तो इनका सबसे बड़ा आधार आर्थिक व व्यापारिक है। वैसे दोनों देशों के संबंध ऐतिहासिक और रणनीतिक रूप में भी अत्यंत महत्त्वपूर्ण रहे हैं। ऊर्जा सुरक्षा दोनों के संबंधों का एक विशाल सेतु रही है। एक समय में ईरान, भारत का दूसरा सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता था।

हालांकि, अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण भारत का ईरान से तेल आयात कम हो गया है, परंतु तब भी दोनों ओर से ऊर्जा सहयोग की संभावनाएं बनी हुई हैं। ईरान स्थित चाबहार पोर्ट भारत के लिए अर्थनीतिक रूप में सबसे महत्वपूर्ण परियोजना है। इसके माध्यम से भारत पाकिस्तान के पारगमन मार्ग को अनस्तित्व कर अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक सीधी पहुंच बनाता है। इंटरनेशनल नॉर्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर अर्थात व्यापार मार्ग रूस और यूरोप तक पहुंचने के लिए भारत और ईरान के बीच एक प्रमुख कड़ी है।

भारत व पारंपरिक ईरान के बीच सांस्कृतिक सह-संबंध भी था। दोनों देशों में प्राचीन भाषायी एवं सांस्कृतिक समानताएं हैं, जो द्विपक्षीय आधुनिक कूटनीति को शक्तिसंपन्न करती है। इस आधार पर भारत आंदोलन के कारण हिंसक, अस्थिर तथा अस्त-व्यस्त ईरान के हितों की रक्षा हेतु कूटनीतिक पहल कर सकता है।




**अमेरिका की मंशा यह रही कि ईरान को स्वतंत्र रूप में परमाणु अस्त्र की शक्ति से संपन्न नहीं होने देना है, क्योंकि वह उसके तेल संसाधनों का मनमाना दोहन नहीं कर सकेगा।**



## बीएमसी में मेयर चुनाव से पहले 'रिजॉर्ट पॉलिटिक्स' शुरू

# कैबिनेट मीटिंग से गायब रहे राज्य के दोनों उपमुख्यमंत्री

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में सभी 29 महानगरपालिका के चुनाव संपन्न हो गए हैं। बीएमसी में अभी भी मेयर नहीं चुना जा सका है। अब मेयर का चुनाव होने से पहले ही मुंबई में होटल पॉलिटिक्स शुरू हो गई है। महाराष्ट्र सरकार की कैबिनेट बैठक में दोनों उपमुख्यमंत्री नहीं पहुंचे, जिसके बाद सियासी चर्चाएं और तेज हो गई हैं। चुनाव से पहले ही अजित पवार ने अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया था। कैबिनेट बैठक से पहले शिवसेना की ओर से कहा गया है कि एकनाथ शिंदे बीमार हैं। मेयर के लिए 114 का जादुई आंकड़ा पार करना जरूरी है। भाजपा को यहां 89 वार्डों में जीत हासिल हुई है। शिवसेना (यूबीटी) 65 वार्डों में जीती है। शिवसेना (शिंदे) 29 , कांग्रेस 24 , एआईएमआईएम 8, मनसे 6 औरएनसीपी 3 वार्डों में जीती है। भाजपा को मेयर पद के लिए शिवसेना का सहयोग जरूरी है।

### शिवसेना के नगर सेवकों को होटल जाने के आदेश



बांद्रा स्थित ताज लैंड्स एंड होटल

मेयर चुनाव से पहले शिवसेना के सभी नगरसेवकों को दोपहर 3 बजे बांद्रा स्थित ताज लैंड्स एंड होटल पहुंचने के आदेश दिए गए हैं। एकनाथ शिंदे की शिवसेना के सभी निर्वाचित नगरसेवकों को बांद्रा के ताज लैंड्स एंड होटल में ले जाया जाएगा। शिवसेना ऐसा इसलिए कर रही है कि उसके नगर सेवकों को खरीदा या तोड़ा न जा सके।

### अजित ने बदले सुर दी बधाई



उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने भाजपा को जीत की बधाई दी। पुणे और पिंपरी-चिंचवड़ ननिचुनावों में भाजपा ने अजित की एनसीपी और एनसीपी (एसपी) गठबंधन को हरा दिया है। शनिवार को मीडिया से बात करते हुए पवार के सुर बदले हुए थे।

### महाराष्ट्र की राजनीति के जयचंद हैं उद्धव निरुपम बोले

शिवसेना नेता संजय निरुपम ने चुनाव में शिवसेना (यूबीटी) की हार पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र की राजनीति का अगर कोई जयचंद है तो वह यूबीटी के प्रमुख उद्धव ठाकरे हैं। उन्होंने 2019 में भाजपा के साथ चुनाव लड़कर जिस तरीके से शिवसेना प्रमुख बाला साहेब ठाकरे के हिंदुत्व की विचारधारा के गद्दारी की।

हार के बाद ठाकरे बंधु बोले

### महाराष्ट्र-मराठी पहचान के लिए संघर्ष खत्म नहीं

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के प्रमुख राज ठाकरे ने बीएमसी चुनाव के बाद मराठी समाज और मराठी पहचान के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। उन्होंने कहा कि चाहे चुनाव में उम्मीद के मुताबिक सफलता न मिले, उनका संघर्ष मराठी भाषा, मराठी लोगों और समृद्ध महाराष्ट्र के लिए हमेशा जारी रहेगा। हमारे कार्यकर्ताओं ने बेहतरीन संघर्ष किया।



**शिवसेना को बताया शाह-सेना**

'सामना' ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनकी शिवसेना पर करारा हमला बोला है। संपादकीय में शिंदे गुट को शाह-सेना करार देते हुए उस पर अवसरवाद और विचारधारा विहीन राजनीति करने का आरोप लगाया गया है। अब महापौर बनना सपना है।

**मराठी भाषा के लिए लड़ेंगे**

राज ने कहा हमारा संघर्ष मराठी लोगों, मराठी भाषा, मराठी पहचान और समृद्ध महाराष्ट्र के लिए है। यह संघर्ष ही हमारी असल पहचान है। जो भी गलत हुआ, जो अधूरा रह गया, उसे मिलकर हम सुधारेंगे और आगे की रणनीति बनाएंगे।

### किसी के साथ नहीं लोगों की आवाज बनेंगेः ओवैसी

एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने प्रदर्शन पर खु शी जाहिर की है। 13 नगर निगमों में 125 पार्षदों की जीत को



ऐतिहासिक बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी का भाजपा या विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के साथ जाने का कोई इरादा नहीं है।

---

## खबर संक्षेप

### पीएम ने एमजीआर को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री और प्रसिद्ध अभिनेता एम.जी. रामचंद्रन



(एमजीआर) की जयंती पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की है और उनके द्वारा समाज के लिए किए गए कार्यों को भी याद किया है। पीएम मोदी ने एमजीआर के जीवन पर आधारित वीडियो पोस्ट कर तमिलनाडु की प्रगति में उनके अमूल्य योगदान को याद किया।

### भारती को झटका लगा भाजपा विधायक की जीत

**नई दिल्ली।** मालवीय नगर सीट पर फरवरी 2025 में हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा के



सतीश उपाध्याय ने आप के सोमनाथ भारती को हराया था। उपाध्याय ने 39,564 मत हासिल कर जीत दर्ज की थी, जबकि भारती निकटतम प्रतिद्वंद्वी थे। भारती ने दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। 'भ्रष्ट आचरण' का आरोप लगाया था।

### समय पर डिलीवर नहीं तो लगा 40 हजार जुर्माना

**अल्मोड़ा।** जिला उपभोक्ता आयोग ने ऑनलाइन खरीद के एक मामले में अहम फैसला सुनाया है।



आयोग ने मीशो और रविंद्र इंडस्ट्रीज को 313 रुपए के जूते समय पर डिलीवर न करने और नोटिसों की अनदेखी करने के लिए अनुचित व्यापार व्यवहार का दोषी पाया। कंपनी को अर्थदंड समेत कुल मिलाकर लगभग 40,000 का जुर्माना लगाया।

### फरीदाबाद के होटल में मैनेजर समेत 8 पर केस

**फरीदाबाद।** गणतंत्र दिवस के मद्देनजर फरीदाबाद के एनआईटी तीन स्थित होटल पैराडाइज में



पुलिस ने रूटीन चेकिंग की। होटल में बिना अनुमति शराब परोसी जा रही थी और देर रात तेज संगीत पर डांस पार्टी चल रही थी। पुलिस के पहुंचते ही भगदड़ मच गई। पुलिस ने मैनेजर सहित आठ लोगों को पकड़ा और उनके खिलाफ मामला दर्ज किया।

### चर्चित कथावाचक श्रवण दास गिरफ्तार

**दरभंगा।** धर्म और आस्था की आड़ में महिलाओं की अस्मत से खिलवाड़ करने का एक



सनसनीखेज मामला सामने आया है। चर्चित कथावाचक श्रवण दास जी महाराज को महिला थाना की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। महाराज पर महिला के साथ शादी का झांसा देकर एक साल तक यौन शोषण करने और फिर जबरन गर्भपात कराने का आरोप लगा है।

---

## मालदा की रैली में तृणमूल कांग्रेस पर बरसे प्रधानमंत्री मोदी

भाजपा सरकार बनते ही होगी 'बाहरियों' पर कार्रवाई

# यहां घुसपैठिए लोगों का हक छीन रहे निर्दयी-भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकें

### ममता सरकार केंद्र की योजनाओं से लोगों को कर रही वंचित



एजेंसी ▶▶ मालदा

पश्चिम बंगाल के मालदा में रैली में प्रधानमंत्री मोदी ने केंद्र सरकार की योजनाओं, भाजपा के विस्तार और तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तीखे हमलों के साथ बड़ा राजनीतिक संदेश दिया। पीएम मोदी ने कहा कि वह चाहते हैं कि बंगाल के हर गरीब परिवार के पास पक्का घर हो, हर जरूरतमंद को मुफ्त राशन मिले और केंद्र सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का पूरा लाभ गरीबों तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से बंगाल में ऐसा नहीं हो पा रहा है।

- केंद्र का पैसा टीएमसी के नेता लूट रहे

उन्होंने घुसपैठ के मुद्दे को उठाते हुए टीएमसी सरकार पर बड़ा हमला बोला। रैली में उन्होंने कहा कि आप सभी लोगों का हक घुसपैठिए छीन रहे हैं। भाजपा सरकार बनते ही सभी घुसपैठिओं पर कार्रवाई करेंगे और बंगाल के लोगों का हक और उनके अधिकार सुरक्षित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल की टीएमसी सरकार बेहद असंवेदनशील और निर्दयी रवैया अपना रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार गरीबों के लिए जो पैसा भेजती है, उसे टीएमसी के नेता लूट लेते हैं। पीएम मोदी ने साफ कहा कि गरीबों के हक का पैसा गरीबों तक नहीं पहुंच रहा है।

#### लोगों का विकास और सुशासन की राजनीति में विश्वास

पीएम मोदी ने कहा कि जिन इलाकों में वर्षों तक भाजपा के खिलाफ झूठ फैलाया गया और अफवाहें उड़ाई गईं, वहां भी अब मतदाता भाजपा को आशीर्वाद दे रहे हैं। उन्होंने पूरे भरोसे के साथ कहा कि इस बार बंगाल की जनता भाजपा को विजयी बनाएगी। पीएम मोदी ने कहा कि देश का माहौल बदल चुका है और लोग विकास और सुशासन की राजनीति को प्राथमिकता दे रहे हैं।



मालदा जिले में सभा में प्रधानमंत्री को सम्मानित किया गया।

#### भाजपा विकसित राष्ट्र के लक्ष्य पर काम कर रही

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य पर काम कर रहा है और इसके लिए पूर्वी भारत का विकास बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि दशकों तक पूर्वी भारत को नफरत की राजनीति ने जकड़ कर रखा, जिससे विकास रुक गया। पीएम ने दावा किया कि भाजपा ने पूर्वी राज्यों को इस राजनीति के चंगुल से बाहर निकाला है।

#### हक छीनने वाली सरकार हटाएं

पीएम मोदी ने कहा कि बंगाल देश का इकलौता राज्य है, जहां आयुष्मान भारत योजना लागू नहीं हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी सरकार जान-बूझकर बंगाल के लोगों को इस योजना का लाभ नहीं लेने दे रही। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से देश के लाखों परिवारों का बिजली बिल जीरो हो गया है, लेकिन बंगाल में यह योजना बंद है। पीएम ने जनता से अपील की ऐसी निर्दयी सरकार को विदा करें।

#### टीएमसी सरकार भ्रष्टाचार में डूबी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं चाहता हूं कि बंगाल के हर बेघर के पास अपना पक्का घर हो, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा। यहां की टीएमसी सरकार बहुत ही निर्दयी है। केंद्र सरकार गरीबों के लिए जो पैसा भेजती है उसे यहां टीएमसी के लोग लूट लेते हैं। टीएमसी के लोग बंगाल के गरीबों के दुश्मन हैं, उन्हें आपकी तकलीफों की चिंता नहीं है, वे अपनी तिजोरी भरने में जुटे हैं। ऐसी निर्मम सरकार को बंगाल से उखाड़ फेंकिए।

#### बंगाल की प्रगति को और तेज करने का अभियान शुरू

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज से बंगाल की प्रगति को और तेज करने का अभियान शुरू हो गया है। पीएम मोदी ने बताया कि इन परियोजनाओं से न केवल लोगों की यात्राएं आसान होंगी, बल्कि व्यापार और कारोबार को भी बड़ा फायदा मिलेगा।

#### बाढ़ पीड़ितों को नहीं मिलता उनका हक

पीएम मोदी ने मालदा की बाढ़ राहत से जुड़ी कैग रिपोर्ट का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि टीएमसी के चहेतों के खातों में 40-40 बार बाढ़ राहत का पैसा भेजा गया, जबकि जो इसके हकदार थे उन्हें कुछ नहीं मिला। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भाजपा की सरकार बनते ही टीएमसी के ऐसे सभी काले कारनामों पर रोक लगेगी।

#### 'अब बंगाल की बारी है'

पीएम मोदी ने कहा कि हाल ही में बिहार में भाजपा -एनडीए की सरकार बनी है, जिससे बंगाल की हर दिशा में सुशासन वाली सरकारें हैं। उन्होंने कहा कि 'अब बंगाल की बारी है'।

---

## असम की रैली में बोले प्रधानमंत्री

# घुसपैठिए कांग्रेस के कट्टर वोट बैंक, केवल करते रहे 'कब्जा'



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ गुवाहाटी

बंगाल के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने असम में भी एक जनसभा को संबोधित किया। यहां पर भी उन्होंने घुसपैठ का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया। पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार के प्रयासों का नतीजा आज सबके सामने है। उन्होंने कहा कि असम में शांति, विकास और आत्मविश्वास लौट रहा है। खासकर बोडो समाज के युवाओं में नई ऊर्जा दिखाई दे रही है, जो अब सिर्फ अपने लिए नहीं, बल्कि पूरे असम के विकास के लिए काम कर रहे हैं।पीएम मोदी ने कहा कि आज बोडो समाज के युवा असम के सांस्कृतिक दूत बन रहे हैं। खेल के मैदान से लेकर कला और संस्कृति तक, बोडो समाज के बेटे-बेटियां देश का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये युवा नए विश्वास के साथ बड़े सपने देख रहे हैं और उन्हें पूरा भी कर रहे हैं। पीएम मोदी के मुताबिक, बोडो समाज की यह प्रगति असम को आगे बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभा रही है।

#### असम की संस्कृति पर कांग्रेस को आपत्ति क्यों?

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि जब भी असम की कला, संस्कृति और पहचान का सम्मान किया जाता है, कांग्रेस को तकलीफ होती है। उन्होंने सवाल किया कि भूपेन हजारिका को भारत रत्न देने का विरोध किसने किया था। जवाब खुद कांग्रेस है। पीएम मोदी ने कहा कि जब वे असम की संस्कृति से जुड़ी कोई चीज पहनते हैं, जैसे गमोछा, तो कांग्रेस उसका मजाक उड़ाती है। यह दिखाता है कि कांग्रेस को असम की पहचान कभी स्वीकार नहीं रही। वह सरकार चलाती रही।

#### कांग्रेस पर घुसपैठ और अस्थिरता का आरोप जड़ा

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने सियासी फायदे के लिए असम में अस्थिरता पैदा की। कांग्रेस को विदेशी घुसपैठिए पसंद हैं, क्योंकि वे उनका कट्टर वोट बैंक हैं। कांग्रेस के शासन में घुसपैठिए आते रहे व लाखों बीघा भूमि पर कब्जा किए।

#### सेमीकंडक्टर यूनिट लगने का भी विरोध किया

पीएम मोदी ने कहा कि असम में सेमीकंडक्टर यूनिट लगने का विरोध भी कांग्रेस ने किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस की कर्नाटक सरकार के एक मंत्री, जो कांग्रेस अध्यक्ष के बेटे हैं, ने सवाल उठाया कि यह यूनिट असम में क्यों लग रही है। कांग्रेस को पूर्वोत्तर का विकास कभी रास नहीं आया।वह हर बड़े प्रोजेक्ट का विरोध करती रही है।

---

## भाजपा अध्यक्ष चुनाव की प्रक्रिया, प्रधानमंत्री बनेंगे प्रस्तावक

# तीन सेटों में फॉर्म भरेंगे नितिन नबीन, इनका चुना जाना तय

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी में शीर्ष संगठनात्मक पद को लेकर हलचल तेज हो गई है। भाजपा ने अपने अगले राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की औपचारिक प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह चुनाव पार्टी के देशव्यापी संगठनात्मक अभियान 'संगठन पर्व-2024' के तहत कराया जा रहा है। राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी डॉ. के.लक्ष्मण ने पूरे चुनाव कार्यक्रम को अधिसूचित कर दिया। 19 जनवरी को अध्यक्ष के चुनाव के लिए नामांकन होगा और 20 को नए अध्यक्ष की घोषणा की जाएगी। संभावना है कि नितिन नबीन को ही भाजपा का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जाएगा, वे अकेले ही भाजपा अध्यक्ष के लिए नामांकन कर सकते हैं।



#### चुनाव पारदर्शी प्रक्रिया से होगा

*भाजपा के संविधान के मुताबिक राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव एक तय और पारदर्शी प्रक्रिया से होता है। इसमें इलेक्टोरल कॉलेज की घोषणा, नामांकन, जांच, नाम वापसी और जरूरत पड़ने पर मतदान शामिल होता है। इस बार यह प्रक्रिया 16 जनवरी 2026 से औपचारिक रूप से शुरू हो चुकी है।*

#### ये हैं पार्टी के नियम

- उम्मीदवार को कम से कम 15 साल का सक्रिय सदस्य होना जरूरी है
- संगठन में चार कार्यकाल पूरे किए हों।
- नामांकन के लिए इलेक्टोरल कॉलेज के कम से कम 20 सदस्यों का प्रस्ताव जरूरी है
- ये प्रस्ताव कम से कम 5 राज्यों से आने चाहिए, जहां चुनाव पूरे हो चुके हों।

#### संभावित उम्मीदवार और प्रस्तावक

- भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन तीन अलग-अलग सेट में नामांकन दाखिल कर सकते हैं।
- एक सेट में प्रधानमंत्री, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और जेपी नड्डा प्रस्तावक हो सकते हैं।

---

## 'माघ मेले' में उमड़े श्रद्धालु



**प्रयागराज।** शनिवार को प्रयागराज में चल रहे 'माघ मेला' उत्सव के दौरान लोग 'मौनी अमावस्या' से पहले संगम में पवित्र डुबकी लगाते लोग। इस दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही।

---

## कैथवलिया में विराट रामायण मंदिर परिसर में उमड़ी भीड़

# विश्व के सबसे बड़े शिवलिंग पर हेलिकॉप्टर से बरसे फूल

एजेंसी ▶▶ मोतिहारी

पूर्वी चंपारण जिले के मोतिहारी स्थित कैथवलिया में निर्माणाधीन विराट रामायण मंदिर परिसर में विश्व के सबसे बड़े शिवलिंग की स्थापना को लेकर पीठ पूजन का कार्य हुआ। इस दौरान परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी श्रद्धालु हर-हर महादेव और जय श्री राम का नारा लगा रहे हैं। शिवलिंग पर हेलिकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई। इस ऐतिहासिक अनुष्ठान में महावीर मंदिर न्यास के सचिव शायन कुणाल और उनकी पत्नी, सांसद शांभवी चौधरी, जजमान की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सीएम नीतीश कुमार, डिप्टी सीएम विजय सिन्हा के साथ पहुंचे।

**खास बातें**

- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी पहुंचे
- हर-हर महादेव, जय श्री राम की रही गूंज
- महावीर मंदिर न्यास के सचिव व सांसद बने जजमान



लोगों की भीड़

#### मंगल गीतों से गूंज उठा परिसर

पीठ पूजन को लेकर मंदिर परिसर और आसपास का इलाका भक्तिमय माहौल में डूबा रहा। हजारों श्रद्धालु कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। महिलाएं मंगल गीत गा रही थीं। वहीं हर कोई इस दुर्लभ और ऐतिहासिक क्षण का गवाह बनकर पुण्य का भागी बनने की कामना करता रहा।

#### मोतिहारी से आने वाले श्रद्धालुओं को मार्ग बदला

मोतिहारी से पिपराकोठी–कोटवा–भोपतपुर होते हुए राजपुर के रास्ते कैथवलिया मंदिर पहुंचा जा सकता है। इस मार्ग की दूरी लगभग 40 किलोमीटर है।

#### पुलिस ने किए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम

जाम की स्थिति से बचने और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए व्यापक इंतजाम किए थे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर क्षेत्र और मुख्य मार्गों पर सात प्रमुख ड्रॉप गेट बनाए गए। साथ ही विभिन्न स्थानों पर बैरिकेडिंग की गई। कार्यक्रम स्थल तक सुचारु आवागमन सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक पॉइंट पर ट्रैफिक पुलिस और प्रशासनिक टीमों की तैनाती रही। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि वे यातायात नियमों का पालन करें।

---

## हरियाणा पुलिस की डिजिटल स्ट्राइक

# 1,018 आपत्तिजनक लिंक रिपोर्ट 583 हटाए और 435 रडार पर

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा पुलिस ने सोशल मीडिया पर बढ़ती अवैध और आपत्तिजनक गतिविधियों के खिलाफ कड़ा रुख



अपनाते हुए एक बड़ा डिजिटल अभियान शुरू किया है।

यह पहल इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सहयोग से की जा रही है। सोशल मीडिया पर अक्सर आपत्तिजनक, राष्ट्र-विरोधी, धर्म-विरोधी और भ्रामक कंटेंट पोस्ट किया जा रहा था, जिससे तनाव और भ्रम फैल रहा था, इसलिए एक समन्वित कार्रवाई जरूरी हो गई थी। इसी उद्देश्य से साइबर हरियाणा टीम ने लगभग एक महीने पहले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की लगातार निगरानी शुरू की, और यह अभियान अभी भी जारी है। इस अभियान के तहत, अब तक कुल 1,018 आपत्तिजनक लिंक और प्रोफाइल की रिपोर्ट की गई है, जिनमें से 583 को कंपनियों द्वारा पहले ही हटा दिया गया है या ब्लॉक कर दिया गया है। बाकी 435 समीक्षा के विभिन्न चरणों में हैं और जल्द ही हटा दिए जाएंगे।

सुरक्षित वापसी ने लौटा दी सभी के चेहरे पर मुस्कान

# कई भारतीय नागरिक वाणिज्यिक उड़ानों के जरिए ईरान से लौटे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ईरान में महंगाई और मुद्रा अवमूल्यन को लेकर जारी व्यापक विरोध-प्रदर्शनों के बीच कई भारतीय नागरिक वाणिज्यिक उड़ानों के जरिये स्वदेश लौट आए हैं। अधिकारियों के मुताबिक, भारतीय नागरिकों को लेकर आने वाली कई वाणिज्यिक उड़ानें शुक्रवार रात दिल्ली हवाईअड्डे पर उतरीं।

अपनों की सुरक्षित वापसी ने सभी के चेहरे पर मुस्कान लौटा दी। हवाईअड्डे पर कुछ अभिभावकों ने ईरान से लौटे अपने बच्चों का फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया।

सुरक्षित वतन वापसी पर लोगों ने भारत सरकार और ईरान में भारतीय दूतावास द्वारा मुहैया कराई गई सेवाओं के लिए आभार व्यक्त किया और धन्यवाद दिया।

> हवाईअड्डे पर कुछ अभिभावकों ने ईरान से लौटे अपने बच्चों का फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया। सुरक्षित वतन वापसी पर लोगों ने भारत सरकार और ईरान में भारतीय दूतावास द्वारा मुहैया कराई गई सेवाओं के लिए आभार व्यक्त किया और धन्यवाद दिया

आंखों से खुशी और राहत के आंसू छलक गए

भारत लौटकर परिजनों से मिलकर अच्छा लगा

### सुरक्षित वापसी पर पिता भावुक



एक पिता ने अपनी बेटी को सीने से लगा लिया। इस दौरान उसकी आंखों से खुशी और राहत के आंसू छलक पड़े। तेहरान से लौटी एक छात्रा ने बताया कि काफी मुश्किल दौर था। सड़कों पर हालात तनावपूर्ण थे और इंटरनेट सेवा बंद होने की वजह से हमें लग रहा था कि हम दुनिया से कट गए हैं। अब भारत लौटकर और अपने परिजनों से मिलकर हमें बड़ी राहत मिली है।

### राहत नसीब हुई: शाजिद

*ईरान से वापस आए एक अन्य छात्र शाजिद ने बताया कि स्थिति अनिश्चित थी और संचार माध्यम के ठप होने से डर का एहसास बढ़ गया था। यात्रा की व्यवस्था के बारे में जानकारी मिलते ही राहत नसीब हुई। घर पहुंचकर अपने परिवार के सदस्यों से मिलना और उन्हें राहत की सांस लेते देखना वाकई बहुत सुखद था।*

### सरकार ने अच्छा काम किया

एक परिवार दिल्ली एयरपोर्ट पर अपने पिता और बहन को लेने आया था। उन्होंने कहा कि सरकार ने बहुत अच्छा काम किया है। हम इसके लिए धन्यवाद देते हैं। हमें खुशी है कि हमारे अपने सुरक्षित वापस आ रहे हैं।

### सब सुचारु रुप से हुआ हम खुश हैं: काजमी

*ईरान से लौटी अपनी मां और चाची को लेने पहुंचे अब्बास काजमी ने कहा कि जैसे ही संचार व्यवस्था बहाल हुई, हमें एहसास हुआ कि स्थिति नियंत्रण में है। हमें तसल्ली मिली कि सब ठीक है। परामर्श जारी होते ही हमने दूतावास में पंजीकरण करा लिया और आगे के निर्देशों का इंतजार करने लगे। मेरी मां की उड़ान पहले से ही निर्धारित थी, इसलिए सब कुछ सुचारु रूप से हो गया और हम खुश हैं।*

### फांसी रद्द होने पर ट्रंप ने जताया आभार



*ईरान को सैन्य कार्रवाई की धमकी देते नजर आ रहे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के तेवर में नरमी आई है। ट्रंप ने शुक्रवार को ईरानी सरकार को धन्यवाद दिया कि उसने सैकड़ों प्रदर्शकारी कैदियों को फांसी नहीं दी, जैसा कि उन्होंने कहा था कि ऐसा होने वाला था। ट्रंप ने इसे एक महत्वपूर्ण और सम्मानजनक कदम बताया।*

### भारत-ईरान के संबंध दशकों पुराने: पहलवी



ईरान के निर्वासित युवराज रेजा पहलवी एक बयान में भारत-ईरान संबंधों की तारीफ की और साथ ही कहा कि दोनों देश नए अध्याय की शुरुआत कर सकते हैं। उन्होंने ईरान में इंदिरा गांधी के दौरे को याद किया।

### भारत सरकार के हम आभारी

*एक यात्री ने कहा कि फिलहाल हालात स्थिर हैं। इंटरनेट बंद था और अंतरराष्ट्रीय कॉल भी काम नहीं कर रहे थे, जिससे हम डर गए थे। बाद में कॉल की सुविधा बहाल हुई। भारतीय दूतावास और सरकार ने हमारी बहुत मदद की, इसके लिए हम आभारी हैं।*

---


## खबर संक्षेप

### बांग्लादेश में हिंदू मिठाई व्यवसायी की हत्या



**ढाका।** बांग्लादेश के गाजीपुर जिले में एक हिंदू मिठाई व्यवसायी की फावड़े से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। 55 वर्षीय लिटन चंद्र घोष, अपनी दुकान के एक युवा कर्मचारी को हमले से बचाने की कोशिश कर रहे थे, तभी उन पर घातक हमला हुआ। यह घटना शनिवार सुबह करीब 11 बजे बारानगर रोड स्थित लिटन घोष की मिठाई की दुकान 'बैशाखी स्वीटमीट एंड होटल' में हुई। विवाद की शुरुआत तब हुई जब 28 वर्षीय मासूम मियां नामक युवक दुकान पर आया और उसकी 17 वर्षीय कर्मचारी अनंत दास के साथ किसी मामूली बात पर बहस हो गई।

### जम्मू कश्मीर के सांबा में फिर दिखा पाक ड्रोन



**जम्मू कश्मीर।** जम्मू-कश्मीर में एलओसी के पास सांबा जिले के रामगढ़ सेक्टर में ड्रोन गतिविधि देखी गई है। यह ड्रोन पाकिस्तान की तरफ से आता हुआ देखा गया है..सीमा क्षेत्र में पिछले कई दिनों से लगातार दिखाई दे रहीं ड्रोन गतिविधियों के बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। पाकिस्तान की ओर से लगातार रात के समय ये ड्रोन आते दिखाई दे रहे हैं। इसे लेकर सीमा पर हाई अलर्ट जारी किया गया है। पिछले कई दिनों से ड्रोन घुसपैठ के बाद सेना ने इन ड्रोनों को मार गिराने के लिए इन पर गोलीबारी की है।

### मुंबई एयरपोर्ट पर पकड़ा गया 27 करोड़ का गाजा



**मुंबई।** मुंबई एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग के अधिकारियों ने जांच के दौरान करोड़ों रुपए का सामान पकड़ा है। 9 से 16 जनवरी के बीच लगभग 32 करोड़ रुपए की कीमत का सामान पकड़ गया है। गांजे के अलावा तस्करी कर लाया जा रहा सोना और हीरा भी पकड़ा गया है। एयरपोर्ट कमिश्नरेट, मुंबई कस्टम्स जोन-3 के अधिकारियों ने एक हाइड्रोपोनिक वीड मामला दर्ज किया है, जिसमें कुल 3.997 किलो संदिग्ध एनडीपीएस (हाइड्रोपोनिक वीड) बरामद किया गया, जिसकी अवैध बाजार में कीमत लगभग 3.997 करोड़ रुपए है।

---

भारत-पाक सैन्य अभ्यास पर भड़की कांग्रेस

## जयराम बोले- विश्वगुरु बताने वालों की कूटनीति को एक और 'झटका'



कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने शनिवार को अमेरिकी और पाकिस्तानी सेनाओं के संयुक्त सैन्य अभ्यास किए जाने के बाद केंद्र सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि इस अभ्यास ने भारत की विदेश नीति की विफलता को उजागर किया है। पाकिस्तान और अमेरिकी सेनाओं ने 'इंस्पायर्ड गैम्बिट-2026' नामक संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू किया था।

कांग्रेस के महासचिव और संचार मामलों के प्रभारी जयराम रमेश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा कि स्वयं को विश्वगुरु कहने वाले भारत की आत्मप्रशंसापूर्ण कूटनीति को एक और झटका देते हुए अमेरिकी केंद्रीय कमान ने अभी-अभी एक बयान जारी किया है जिसमें कहा गया है कि अमेरिकी और पाकिस्तानी सेना के सैनिकों ने 'इंस्पायर्ड गैम्बिट' नामक संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास पूरा कर लिया है।

### पाक का प्रशंसक बन रहा यूएस

कांग्रेस सांसद ने अपनी पोस्ट में लिखा कि अमेरिका लगातार पाकिस्तान की प्रशंसा करता आ रहा है। उन्होंने लिखा कि जून 2025 में तत्कालीन अमेरिकी केंद्रीय कमान प्रमुख जनरल माइकल कुनिला ने आतंकवाद विरोधी अभियानों में पाकिस्तान को एक शानदार सहयोगी बताया था। राष्ट्रपति ट्रंप ने खुद फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के लिए अपनी गहरी प्रशंसा बार-बार जताई, जिनकी भड़काऊ और सांप्रदायिक रूप से उत्तेजक टिप्पणियों ने 22 अप्रैल, 2025 को पहलगाम में पाकिस्तान की ओर से रचित आतंकी हमलों की पृष्ठभूमि तैयार की थी। कल ही, राष्ट्रपति ट्रंप ने दोहराया कि उन्होंने 10 मई, 2025 को ऑपरेशन सिंदूर को रुकवाने के लिए हस्तक्षेप किया था।

### ट्रंप ने किया था युद्ध रुकवाने का दावा

बता दें, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक दिन पहले ही भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रोकने के अपने दावे को दोहराया। इसके साथ ही यह भी कहा कि पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने कम से कम 1 करोड़ लोगों की जान बचाने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया था। ट्रंप ने कहा था कि एक साल में हमने आठ शांति समझौते किए और गाजा युद्ध खत्म किया। मध्य पूर्व में शांति कायम है।

---

भारत-अमेरिका व्यापार समझौते में अब दाल पर मचा बवाल

## यूएस सीनेटरों ने लिखी ट्रंप को चिट्ठी, अमेरिकी दालों पर भारत से आयात शुल्क घटाने की मांग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के बाद जवाबी कदम उठाते हुए भारत ने अमेरिका से आयात होने वाली दालों और फलियों पर 30 प्रतिशत शुल्क लगा दिया है। यह टैरिफ पिछले वर्ष 30 अक्टूबर से प्रभावी है, हालांकि भारत ने उकसावे से बचने के लिए इसे सार्वजनिक रूप से अधिक प्रचारित नहीं किया।

अमेरिका के रिपब्लिकन पार्टी के दो सीनेटरों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से भारत के साथ किसी भी संभावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते में दालों के लिए अनुकूल प्रावधान सुनिश्चित करने की अपील की है।

सीनेटर केविन क्रेमर और स्टीव डेंस ने राष्ट्रपति ट्रंप को लिखे पत्र में कहा कि जैसे-जैसे भारत के साथ व्यापार वार्ताएं आगे बढ़ें, अमेरिकी कृषि उत्पादकों खासकर नॉर्थ डकोटा और मोंटाना के किसानों के हितों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। इन दोनों राज्यों को अमेरिका में दालों का सबसे बड़ा उत्पादक बताया गया है, जिनमें मटर भी शामिल हैं। इसलिए दोनों ने यह टैरिफ हटाने की अपील की है।

> सीनेटर केविन क्रेमर और स्टीव डेंस ने राष्ट्रपति ट्रंप को लिखे पत्र में कहा कि जैसे-जैसे भारत के साथ व्यापार वार्ताएं आगे बढ़ें, अमेरिकी कृषि उत्पादकों खासकर नॉर्थ डकोटा और मोंटाना के किसानों के हितों को प्राथमिकता दी

**» भारत ने बिना शोर के पिछले साल नवंबर से 30% टैरिफ बढ़ाया था**

**» दोनों देशों के बीच कृषि को लेकर मतभेद बना हुआ**





केविन क्रेमर स्टीव डेंस

### भारत ने पीली मटर पर 30% शुल्क लगाया

पत्र में सीनेटरों ने उल्लेख किया कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा दाल उपभोक्ता है और वैश्विक खपत में उसकी हिस्सेदारी करीब 27 प्रतिशत है। इसके बावजूद, भारत ने अमेरिकी दालों पर भारी आयात शुल्क लगा रखे हैं। पत्र के अनुसार, भारत में सबसे अधिक खपत वाली दालों में मसूर, चना, सूखी बीन्स और मटर शामिल हैं, लेकिन इन पर अमेरिका से आयात के लिए ऊंचे टैरिफ लागू हैं। सीनेटरों ने 30 अक्तूबर 2025 को भारत द्वारा पीली मटर पर 30 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने के फैसले का भी हवाला दिया, जो 1 नवंबर 2025 से प्रभावी हुआ।

### आयात शुल्क कम करने से दोनों देशों को फायदा

सीनेटरों के मुताबिक, अगर दालों पर टैरिफ को लेकर भारत से बातचीत होती है तो इससे दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग को मजबूती मिलेगी और अमेरिकी उत्पादकों के साथ-साथ भारतीय उपभोक्ताओं को भी लाभ होगा। अप्रैल 2025 में, संयुक्त राज्य व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय ने पाया था कि कृषि उत्पादों पर भारत की औसत लागू शुल्क दर 39% थी, जबकि अमेरिका ने कृषि वस्तुओं पर सिर्फ 5% का औसत शुल्क लगाया था।

### भारतीय बाजार में नुकसान उठा रहे

सीनेटरों ने कहा कि इन अनुचित टैरिफ के कारण अमेरिकी दाल उत्पादकों को भारतीय बाजार में गंभीर प्रतिस्पर्धात्मक नुकसान उठाना पड़ रहा है। पत्र में ट्रंप के पहले कार्यकाल का जिक्र करते हुए सीनेटरों ने कहा कि वर्ष 2020 में व्यापार वार्ताओं के दौरान राष्ट्रपति ट्रंप ने इस मुद्दे पर उनका पत्र स्वयं पीएम नरेंद्र मोदी को सौंपा था।

### कृषि क्षेत्र को लेकर भारत सतर्क

बता दें, भारत-अमेरिकी व्यापार समझौते के बीच कृषि क्षेत्र मतभेद का एक प्रमुख बिंदु बना हुआ है। अमेरिका भारत के कृषि बाजार में अधिक पहुंच की मांग करता रहा है, जबकि भारत इसे लेकर सतर्क रुख अपनाए हुए है। भारत में करीब 40-45 प्रतिशत आबादी की आजीविका कृषि पर निर्भर है, जहां अधिकांश किसान दो हेक्टेयर से कम भूमि पर खेती करते हैं। ऐसे में अमेरिकी कृषि उत्पादों के लिए बाजार खोलने से छोटे और सीमांत किसानों पर गंभीर असर पड़ने की आशंका जताई जाती है।

**50 प्रतिशत टैरिफ का दबाव**

*बता दें, 2025 में राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत तक टैरिफ लगाए जाने के बाद भारत-अमेरिका संबंधों में नया तनाव देखने को मिला। इनमें रूस से तेल खरीद से जुड़ा 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क भी शामिल है। कई दौर की बातचीत के बावजूद दोनों देश अब तक द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप नहीं दे पाए हैं।*

---

## डेयरडेविल्स के हैरतअंगेज करतब



**नई दिल्ली।** दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड की तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं। प्रतिदिन सुबह 10:15 बजे से लेकर दोपहर 12:30 बजे तक कर्तव्य पथ पर रिहर्सल हो रही है। भारतीय सशस्त्र सेनाओं की डेयरडेविल्स टीम कर्तव्य पथ पर हैरतअंगेज करतबों का रिहर्सल करती हुई। इस वर्ष परेड समारोह की मुख्य थीम वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर केंद्रित रहेगी। आयोजन स्थल पर कुल करीब 77 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था है। जबकि अभी तक इसे लेकर 32 हजार टिकटों की बिक्री हो चुकी है।

---

कुपवाड़ा में नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

## 2.3 किलो मादक पदार्थ के साथ महिला ड्रग पैडलर की गई अरेस्ट

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर के अलग-अलग जिलों में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को कुपवाड़ा पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की। 'वार ऑन ड्रग्स' अभियान के तहत पुलिस ने 2.3 किलोग्राम हेरोइन जैसे मादक पदार्थ के साथ एक महिला ड्रग पैडलर को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, कुपवाड़ा पुलिस की टीम ने गुलगाम क्षेत्र के मगराय मोहल्ला के पास चेकिंग अभियान के दौरान वाहन संख्या



पुलिस की गिरफ्त में महिला

जेके09सी-1178 को जांच के लिए रोका। इस दौरान वाहन सवार एक महिला यात्री के हाव-भाव संदिग्ध पाए गए। इसी बीच, वाहन चालक सहित दो अन्य सवार मौके से वाहन लेकर फरार हो गए, जबकि महिला को पुलिस ने मौके पर ही पकड़ लिया।

---

ग्रीनलैंड को लेकर राष्ट्रपति ट्रंप का बड़ा ऐलान

## 8 यूरोपीय देशों पर 10% टैरिफ लगाया, 1 फरवरी से होगा लागू

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूरोप के 8 देशों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। ये देश ग्रीनलैंड पर अमेरिका के कब्जे की धमकी का विरोध कर रहे थे। ट्रंप ने शनिवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि डेनमार्क, नॉर्वे, स्वीडन, फ्रांस, जर्मनी, यूनाइटेड किंगडम, नीदरलैंड और फिनलैंड टैरिफ के दायरे में आएंगे। इन पर 1 फरवरी से टैरिफ लागू होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ग्रीनलैंड को लेकर अमेरिका के साथ कोई समझौता नहीं होता है,



तो 1 जून से यह टैरिफ बढ़ाकर 25 प्रतिशत कर दिया जाएगा। इससे पहले ट्रंप ने शुक्रवार को व्हाइट हाउस में एक बैठक के दौरान इन देशों पर टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। ट्रंप ने 'ग्रीनलैंड की पूर्ण और पूरी खरीद' के लिए डील की बात कही और साफ किया है कि तय समय तक समझौता नहीं होने पर टैरिफ बढ़ाया जाएगा।

---

लंदन की रिफॉर्म यूके की मेयर उम्मीदवार लैला कनिंघम का विवादित बयान

## मुस्लिम शहर जैसे लगते हैं लंदन के कुछ हिस्से

एजेंसी ▶▶ लंदन

यूनाइटेड किंगडम में लंदन के लिए मेयर पद की उम्मीदवार लैला कनिंघम ने बुर्के पर सुझाव देकर नए विवाद को जन्म दे दिया है। रिफॉर्म यूके की ओर से उम्मीदवार लैला ने कहा कि बुर्का पहनने वाली महिलाओं की पुलिस द्वारा रोक कर तलाशी ली जानी चाहिए। साल 2018 में होने वाले लंदन मेयर चुनाव के लिए लैला को उम्मीदवार बनाया गया है। उन्होंने कहा कि खुले समाज में चेहरा ढंकने की कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि लंदन के कुछ हिस्से मुस्लिम शहर जैसे लगते हैं।

### ये भी बोलीं

- खुले समाज में चेहरा ढंकने की कोई जगह नहीं
- बुर्का पहनने वालों की तलाशी ले पुलिस



लैला कनिंघम व बुर्के में महिलाएं

**कई मुस्लिम देशों में बुर्का बैन**

*कनिंघम ने कहा कि वह लंदन में यहूदी-ईसाई संस्कृति और ब्रिटिश संस्कृति को और ज्यादा मनाते हुए देखना चाहेंगी, खासकर ईस्टर पर, जिसे उन्होंने सुझाव दिया कि पूरे शहर में ईस्टर एग हंट के साथ मनाया जा सकता है। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि बुर्का पहनने से पुलिस को रोकने और तलाशी लेने का सही कारण मिलता है, तो उन्होंने कहा हां, कई मुस्लिम देशों में बुर्का बैन है। वे धार्मिक नहीं हैं।*

### चेहरे को ढंकने पर बैन लगाना चाहती हैं

*एक पॉडकास्ट में बात करते हुए लैला ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि एक खुले समाज में आपको अपना चेहरा ढंकने की जरूरत है। मैंने एक बुर्का पहनी हुई महिला पर केस चलाया है। अगर कोई अपना चेहरा छिपा रहा है तो यह मान लेना चाहिए कि वह ऐसा किसी आपराधिक कारण से कर रहा है। उन्होंने बताया कि लंदन के कुछ हिस्से मुस्लिम शहर जैसे लगते हैं और वह चेहरे को ढकने पर बैन लगाना चाहती हैं। द स्टैंडर्ड पॉडकास्ट के लिए एक इंटरव्यू में, लैला ने कहा कि अगर मैं कर पाती, तो मैं चेहरा ढंकने पर बैन लगा देती, लेकिन मैं इसे स्टॉप एंड सर्च का एक कारण बनाना चाहूंगी।*

### मुस्लिम शहर नहीं है लंदन

*लैला कनिंघम ने पिछले जून में सीपीएस प्रॉसिक्यूटर के पद से इस्तीफा दे दिया था, जब उन्होंने टोरीज पार्टी छोड़कर नाइजल फराज की रिफॉर्म यूके पार्टी में शामिल होने के बाद भड़काऊ राजनीतिक बयान दिए थे। पिछले हफ्ते उन्हें 2028 के चुनावों के लिए पार्टी की लंदन मेयर उम्मीदवार के तौर पर पेश किया गया। वह इस मई में शहर भर में होने वाले चुनावों में रिफॉर्म पार्टी को पहली लंदन काउंसिल का कंट्रोल दिलाने की कोशिश का नेतृत्व भी करेंगी। कनिंघम ने कहा कि लंदन को ब्रिटिश ही रहना चाहिए और यह मुस्लिम शहर नहीं है।*

---


ई-सेफ्टी कमिश्नर ने जारी किया डेटा

## ऑस्ट्रेलिया में 47 लाख बच्चों के सोशल मीडिया प्लेटफार्म तक पहुंच 'प्रतिबंधित'

एजेंसी ▶▶ कैनबरा

ऑस्ट्रेलिया में 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया मंच के इस्तेमाल पर रोक के बाद से, सोशल मीडिया कंपनियों ने बच्चों के रूप में पहचाने गए 47 लाख खातों तक उनकी पहुंच रद्द कर दी है।

सरकार के ई-सेफ्टी कमिश्नर द्वारा जारी डाटा से पता चला है कि 10 दिसंबर को प्रतिबंध लागू होने के बाद 16 साल से कम उम्र के बच्चों के खाते निष्क्रिय कर दिए गए हैं। संचार मंत्री अनिका वेल्स ने कहा, हमने उन सभी को गलत साबित कर दिया इन लोगों/संस्थाओं में दुनिया की कुछ सबसे शक्तिशाली-धनी कंपनियां व




सोशल मीडिया पर प्रतिबंध

उनके समर्थक भी शामिल हैं। वह बोले, अब ऑस्ट्रेलियाई माता-पिता आश्वस्त हो सकते हैं कि उनके बच्चे अपना बचपन वापस पा सकते हैं। 10 सोशल मीडिया मंच ने सरकार को आंकड़े दिए हैं। पीएम एंथनी अल्बनीस ने कहा, यह उत्साहजनक है कि कंपनियां प्रतिबंध का पालन कर रही हैं।

गत 6 जनवरी से थे लापता, 7 जनवरी को परिजन ने दर्ज कराई थी गुमशुदगी

# चिनार ड्रीम सिटी में लिफ्ट के डक्ट में मिला 77 साल के बुजुर्ग का शव, लिफ्ट ग्राउंड फ्लोर पर अटक जाने के कारण नहीं आई बदबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित चिनार ड्रीम सिटी मल्टी में ललिफ्ट के डक्ट में लापता बुजुर्ग की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। गत 6 जनवरी से बुजुर्ग लापता था। परिजन ने उनकी 7 जनवरी को थाने पहुंचकर गुमशुदगी दर्ज कराई थी। इसके बाद से ही पुलिस और परिजन उनकी तलाश कर रहे थे। शुक्रवार को मल्टी के लोगों ने लिफ्ट सुधरवाने टेक्निशियन को बुलाया। टेक्निशियन ने लिफ्ट की मोटर स्टार्ट की और लिफ्ट ऊपर उठते ही असहनीय बदबू आने लगी। इस दौरान नीचे उतरने पर पता चला कि अंदर लाश पड़ी हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। अनुमान है कि पुरानी लिफ्ट होने के कारण गलती से लिफ्ट लेबल पर नहीं आने के कारण चेनल गेट खुल गया और बुजुर्ग उसमें गिर गए। बाद में लिफ्ट आकर ग्राउंड फ्लोर पर अटक गई।


फाइल फोटो

### लिफ्ट उठते ही आई बदबू

गत 6 जनवरी से लिफ्ट बंद होने के कारण मल्टी के लोगों ने टेक्निशियन को बुलाया। टेक्निशियन ने लिफ्ट रूम में जाकर मोटर स्टार्ट की। लिफ्ट ग्राउंड फ्लोर से उठी और तेज बदबू आने लगी। बदबू के आधार पर लिफ्ट की डग्ट में देखा गया तो अंदर प्रीतम गिरी की लाश मिली।

पुलिस के अनुसार मनोज गिरी, किराना दुकान का संचालन करते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह चार भाई हैं। दो भाई भोपाल में परिवार के साथ रहते हैं, जबकि दो भाई बाहर रहते हैं। उनके पिता प्रीतम गिरी (77) उनके साथ रहते थे। गत 6 जनवरी की दोपहर करीब 3 बजे वह घर से निकले थे। इसके बाद नहीं लौटे। 7 जनवरी को परिजन ने उनकी गुमशुदगी दर्ज कराई। परिजन और पुलिस उनकी तलाश कर रही थी। कॉलोनी और आसपास के सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए। इस दौरान वे सीसीटीवी में कॉलोनी में नजर आए, लेकिन वह कहां गए कुछ पता नहीं चल रहा था।

## शेफ ने फांसी लगाकर दी जान, पत्नी से चार दिन पहले हुई थी कहासुनी

### नहीं मिला सुसाइड नोट, शाहपुरा थाना पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित पल्लवी नगर में एक सेफ ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी पत्नी उसे फंदे से उतारकर पुलिस की मदद से निजी अस्पताल लेकर पहुंची थी। वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि चार दिन पहले पत्नी और उसकी कहासुनी हुई थी। हालांकि पुलिस इसे आत्महत्या का कारण मानकर नहीं चल रही है। पुलिस आत्महत्या के सही कारणों का पता लगा रही है।

पुलिस के अनुसार विशाल मालवीय मुकेश मालवीय (24) पल्लवी नगर शाहपुरा में किराए के मकान में रहता था और हबीबगंज स्थित एक रेस्टोरेंट में सेफ का काम करता था। उसके माता-पिता इंद्रा नगर मल्टी में रहते हैं। विशाल यहां किराए के मकान में पत्नी और दो साल के बच्चे के साथ रहता था। शुक्रवार रात विशाल मालवीय ने अपने कमरे में फांसी लगा ली। पत्नी ने घटना की जानकारी डायल 112 पर दी और किसी तरह पति को फंदे से उतार लिया।

### मौत की वजह अज्ञात

मौके पर पहुंची 112 के पुलिसकर्मियों से विशाल की पत्नी ने गुजारिश करते हुए कहा कि विशाल की सांस चल रही है इसे अस्पताल लेकर चलिएं। पुलिस डायल 112 में विशाल को लेकर निजी अस्पताल पहुंची, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर विशाल को मृत घोषित कर दिया। मामले की जांच कर रहे हेड कांस्टेबल कृष्ण गोपाल ने बताया कि विशाल के माता-पिता और पत्नी से पूछताछ की गई, लेकिन आत्महत्या की वजह का पता नहीं चल सका। पत्नी ने बस बताया कि चार दिन पहले पति से उसकी मामूली कहासुनी हुई थी।

---

कोहेफिजा पुलिस ने किया अंतरराज्यीय गैंग का खुलासा, कार में बैठकर बना रहे थे डकैती की योजना

# क्रेटा कार से एटीएम काटने पहुंचे हरियाणा और राजस्थान के पांच बदमाश गिरफ्तार

नीमच जिले के अलावा अन्य राज्यों के एटीएम काटकर कैश चुरा चुके हैं बदमाश

**कार में छोटे गैस सिलेंडर, कटर, सब्बल, तलवार व छुरी और कई तरह की गाड़ियों की नंबर प्लेट रखी मिली**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोहेफिजा पुलिस ने एटीएम काटकर डकैती की योजना बना रहे अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उन्हें उस समय गिरफ्तार किया गया, जब वह ग्रीन एकर्स ब्रिज के नीचे क्रेटा कार में बैठकर एटीएम काटने का प्लान कर रहे थे। सभी आरोपी हरियाणा और राजस्थान के हैं और खासतौर से डकैती डालने के इरादे से भोपाल आए थे। आरोपियों से धारदार हथियार समेत एटीएम काटने में इस्तेमाल होने वाले गैस कटर का सामान व कैमरों पर स्प्रे करने वाला काला पेंट जब्त किया है।

डीसीपी जोन-3 अभिनव चौकसे के मुताबिक पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सफेद रंग की क्रेटा कार में हरियाणा व राजस्थान के मेवात (नूह) के कुछ लड़के ग्रीन एकर्स ब्रिज के नीचे संदिग्ध हालत में बैठे हैं। कार में छोटे गैस सिलेंडर, कटर, सब्बल, तलवार व छुरी और कई तरह की गाडियों की नंबर प्लेट रखी हैं। वे लोग लालघाटी इलाके में कहीं डकैती डालने की योजना बना रहे हैं।



### पूछताछ में आरोपियों ने लालघाटी कोहेफिजा इलाके में एटीएम में डकैती डालने आना बताया

सूचना मिलते ही पुलिस की टीम ने ग्रीन एकर्स एयरपोर्ट रोड ब्रिज के नीचे घेराबंदी कर क्रेटा कार क्रमांक एमपी 04 जेडडी 7518 में सवार पांच संदिग्ध लोगों को हिरासत में ले लिया। तलीशी लेने पर एक छोटा गैस सिलेंडर, दो छोटे ऑक्सीजन सिलेंडर, पाइप, एक लोहे का हुक, लोहे का बड़ा सब्बल, लोहे की रॉड, पेंचकस, काला पेंट स्प्रे, तांबे की नोजल, वेल्डिंग का तार, वेल्डिंग की नोजल, चार धारदार तलवारें, एक छुरी व कई तरह के नंबर प्लेटें बरामद हुईं। पूछताछ में आरोपियों ने लालघाटी कोहेफिजा इलाके में एटीएम में डकैती डालने के लिए आना बताया। उनके नाम सुबउद्दीन उर्फ शाहबुद्दीन (27) निवासी ग्राम बादौली जिला मेवात हरियाणा, शौकुल (26) निवासी ग्राम सांवलेर थाना पहाड़ी जिला भरतपुर राजस्थान, वकील (21) निवासी बांधोली थाना कुन्हाना जिला मेवात हरियाणा, मौसम (35) निवास ग्राम सांवलेर तहसील पहाड़ी थाना पहाड़ी जिला भरतपुर राजस्थान व नसीम (29) निवासी ग्राम दाड़ौनी थाना कुन्हाना जिला नूह हरियाणा बताए गए हैं।



इस क्रेटा कार से आए थे बदमाश।

### एटीएम बूथ में लगे कैमरों से बचने के लिए उस पर करते थे काले पेंट का स्प्रे

पुलिस को गुमराह करने के लिए आरोपी आने-जाने के लिए अलग-अलग रास्ते चुनते थे। घटनास्थल पर जाते समय सभी आरोपी अपने मोबाइल बंद रखते थे। वारदात के समय वे कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर खरीदी गई सिम व मोबाइल का ही इस्तेमाल करते थे। चेहरे पर नकाब लगाने के बाद आरोपी एटीएम में लगे सीसीटीवी कैमरों पर काला पेंट स्प्रे कर नाकाम कर देते थे।



कार में रखी मिली विभिन्न नंबर प्लेट।

### रास्ते में बदलते रहते थे गाड़ी की नंबर प्लेट


कार में मिला गैस सिलेंडर, कटर और एटीएम काटने वाले औजार।

आरोपियों ने अपने एक साथी आबिद पुत्र नवाब सिंह की सफेद रंग की क्रेटा कार क्रमांक एचआर 26 एफसी 9162 से मेवात से निकले और हरियाणा से बाहर आने के बाद कार पर कूटरचित नंबर प्लेट लगाकर घटना के लिए चिन्हित किए मध्य प्रदेश पहुंची। आरोपी कार में ही डकैती की वारदात को अंजाम देने में इस्तेमाल होने वाले औजार व हथियार लेकर चलते थे। आरोपियों ने बताया कि वे किसी भी चिन्हित प्रदेश में जाकर सुनसान इलाकों के एटीएम की रेकी करते थे और मौका मिलते ही गैस वेल्डिंग की मदद से एटीम काटकर नगदी चोरी कर लेते थे। वारदात को अंजाम देकर अपने ठिकाने पर लौट जाते थे।

---

उद्वहन सिंचाई परियोजना के लिए स्वीकृत की थी राशि

## विधायक पटवा ने किया केंद्रीय मंत्री शिवराज का आभार व्यक्त


केंद्रीय मंत्री शिवराज का आभार व्यक्त करते विधायक सुरेंद्र पटवा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

विधायक सुरेंद्र पटवा ने केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान भोजपुर विधानसभा की सुल्तानपुर उद्वहन सिंचाई परियोजना के लिए 115.99 करोड़ की महत्वपूर्ण राशि स्वीकृत किए जाने पर शनिवार को विधानसभा के जनप्रतिनिधियों व किसानों के साथ उनके निवास पर पंहुच कर उनका आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया।

इस अनुपम सौगात से भोजपुर विधानसभा क्षेत्र के 20 गांवों में 15,000 हेक्टर भूमि सिंचित होगी, जिससे 3100 कृषक परिवारों को लाभ होगा। यह बहुप्रतीक्षित सिंचाई परियोजना क्षेत्र के किसानों के लिए वरदान सिद्ध होगी। इससे खेतों तक स्थायी एवं पर्याप्त जल आपूर्ति सुनिश्चित होगी, कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी तथा किसानों की आय सुदृढ़ होकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर भोजपुर क्षेत्र के किसान, भाजपा नेताओं ने केंद्रीय मंत्री शिवराज का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर औबेदुल्लागंज मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, भाजपा के वरिष्ठ नेता हेमराज मीणा, ओपी मीणा, जिला भाजपा उपाध्यक्ष नपा औबेदुल्लागंज उपाध्यक्ष नमीता अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

### केंद्रीय मंत्री गडकरी के विदिशा आगमन पर स्वागत

विधायक सुरेंद्र पटवा ने केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का मध्यप्रदेश के विदिशा आगमन पर स्वागत वंदन अभिनन्दन। केंद्रीय मंत्री गडकरी का आगमन न केवल शहरवासियों के लिए गौरव का विषय है, बल्कि विकास की नई राहों और प्रगति के नए संकल्पों का भी प्रतीक है।





### डॉ. नागर ने केंद्रीय मंत्री शिवराज से की भेंट

भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर ने विधायक सुरेंद्र पटवा के नेतृत्व में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से सौजन्य भेंट कर विकास की सौगाते देने पर आभार व्यक्त किया।

### पार्षद हेमलता चौरसिया ने विधायक पटवा से की भेंट

वार्ड 13 की पार्षद हेमलता चौरसिया और भाजपा के वरिष्ठ नेता मनोज चौरसिया ने शनिवार को विधायक सुरेंद्र पटवा से भेंट कर सिंचाई परियोजना लाने पर बधाई दी। इस अवसर पर वार्ड हेमलता चौरसिया ने पटवा से वार्ड 13 की समस्याओं पर चर्चा की।



---

## खबर संक्षेप



### वरिष्ठ कांग्रेस नेता पटेल का किया स्वागत

**औबेदुल्लागंज।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र पटेल का शनिवार को नगरागमन पर युवा कांग्रेस महासचिव विशाल मदान ने स्वागत किया। आगामी निकाय चुनाव एवं पार्टी संगठनों पर चर्चा हुई। इस दौरान श्याम सिंह तामोट, संजय मदान शेंकी, आशीष यादव आदि मौजूद रहे।

### वरिष्ठ भाजपा नेता की माता का निधन

**औबेदुल्लागंज।** जिला सहकारिता के प्रकोष्ठ अध्यक्ष तेज सिंह नागर वरिष्ठ भाजपा नेता की



माताश्री मथुरा बाई का निधन हो गया। उनका दाह संस्कार इटाया श्मशान घाट पर किया गया। उनके निधन पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, विधायक सुरेंद्र पटवा, जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, धाकड़ समाज अध्यक्ष चंद्र सिंह नागर, पूर्व अध्यक्ष मोहन पटेल पारखेड़ी, व्यापार महासंघ के नेता राजू भाई पटेल, गजेंद्र नागर, गौरी शंकर नागर, कैलाश डब्बू नागर आदि ने शोक व्यक्त किया।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1736 | | |
| दिन: | 130 | 42 | 390 |
| रात: | 133 | 71 | 146 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 127 | 07 | 566 |
| रात: | 377 | 71 | 128 |

---

बैठक में बहस-बाजी और असंतोष का रहा माहौल

## नगर परिषद की बैठक में गरमा गरमी के बीच 13 प्रस्ताव पास

**सड़क खोदकर दोबारा नहीं बनवाने पर पार्षदों ने जताया रोष**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

पार्षदों ने बताया शनिवार को नगर परिषद की बैठक अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे, सीएमओ किरण रंगडाले, इंजीनियर मुकेश जैन के मार्गदर्शन में हुई। बैठक में जमकर बहस-बाजी और असंतोष माहौल रहा। नगर परिषद में जो प्रस्तावित एजेंडा था, उसके 13 प्रस्ताव पास हुए। बैठक में पार्षदों ने विरोध जताते हुए कहा वार्ड 13 में सड़क खोदने के बाद दोबारा नहीं बनवाई गई, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। प्रतिपक्ष नेता हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष राजेश खटीक ने भी अपना गुस्सा जाहिर करते हुए कहा कि नगर के विकास में कुछ तो करो। वहीं कुछ पार्षद बैठक से नदारत रहे। बैठक में उपाध्यक्ष नमीता अग्रवाल, पार्षद हेमलता मनोज चौरसिया, सना ममनून, दीपू परमार, राजेश खटीक, सुजीत यादव, सुनील सेरिया आदि बैठक पार्षद उपस्थित रहे।



नगर परिषद में बैठक के दौरान चर्चा करती हुईं नपाध्यक्ष।

### इन प्रस्तावों को किया पास

गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया जाएगा, पटेल चौराहे पर पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा स्थापित करने का प्रस्ताव, सीताराम चौराहे से लेकर श्मशान घाट पुलिया तक, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई मार्ग नाम रखने का प्रस्ताव, खेल मैदान के विकास का प्रस्ताव, स्वदेशी सामान अपनाने के लिए प्रधानमंत्री द्वार जीएसटी कम करने पर धन्यवाद प्रस्ताव सहित कुल 13 प्रस्ताव पास किए।

---

## कोर्ट ने भू-माफिया रमाकांत को 7 वर्ष के कारावास की सुनाई सजा

### 2,25000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया

विधिक संवाददाता ▶▶ भोपाल

करोड़ों रुपयों की ठगी कर फरार होने वाले भू-माफि या डीआईएल कंपनी के तत्कालीन मैनेजिंग डायरेक्टर रमाकांत विजयवर्गीय (70) पुत्र बापूलाल विजयवर्गीय निवासी सोलेस स्काई लक्जूरिया निपानिया थाना लसूड़िया इंदौर को अपर सत्र न्यायाधीश स्वयं प्रकाश दुबे ने भादंसं की धारा- 409 और 420 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 7 वर्ष के सश्रम कारावास और 2,25000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

आरोपी रमाकांत विजयवर्गीय को ऐसे ही एक मामले में 2 जून 2022 को जिला न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा और 3 अक्टूबर 2024 को 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई जा चुकी है। अभियोजन के अनुसार फरियादी राकेश शर्मा, एचएस मिर्जा एवं भोजूमल देवनानी ने थाना कोहेफिजा में 6 अगस्त 2020 को आरोपी रमाकांत विजयवर्गीय के विरुद्ध रिपोर्ट लिखाई थी कि आरोपी ने एयरपोर्ट रोड भोपाल स्थित पंचवटी इनक्लेव फेस-3 में भूखण्ड उपलब्ध कराए जाने के नाम पर धोखाधड़ी करते हुए करीब 22 लाख रुपए हड़प लिए हैं। थाना कोहेफिजा ने फरियादीगण की रिपोर्ट पर आरोपी रमाकांत विजयवर्गीय के विरुद्ध भादंसं की धारा-409 और 420 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर जिला न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया था।

---

## श्री पंचकुंडीय महारूद्र महायज्ञ आज से, निकलेगी भव्य कलश यात्रा

### सतलापुर हाउसिंग बोर्ड में 24 जनवरी तक होगा आयोजन

**श्री श्री 108 यज्ञकर्ता लाल बाबा के सानिध्य में संपन्न होगा यज्ञ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

शहर के सतलापुर क्षेत्र में स्थित श्री पिपलेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में 11वें वर्ष श्री पंचकुण्डीय महारूद्र महायज्ञ का भव्य आयोजन होने जा रहा है। यह धार्मिक महासमागम 18 जनवरी से 24 जनवरी तक चलेगा, जिसमें यज्ञ के साथ-साथ संगीतमय श्रीराम कथा महोत्सव भी आयोजित किया जाएगा।

आदर्श पिपलेश्वर महादेव सेवा समिति के अनुसार, पूरा कार्यक्रम श्री श्री 108 यज्ञकर्ता लाल बाबा के सानिध्य में संपन्न होगा। महायज्ञ के दौरान प्रसिद्ध कथावाचक जितेंद्र पाठक सात दिवसीय श्रीराम कथा का श्रवण कराएंगे, जो भक्तों के लिए आध्यात्मिक उल्लास का अवसर प्रदान करेगा।


यज्ञ के लिए पूरी तरह तैयार यज्ञशाला।

महायज्ञ का शुभारंभ 18 जनवरी को भव्य शोभा यात्रा (कलश यात्रा) के साथ होगा। यह यात्रा मंदिर से निकलेगी और शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए भक्तों में उत्साह भर देगी। यज्ञ की पूर्णाहुती 24 जनवरी को संपन्न होगी।

---

निशान यात्रा के साथ श्री खाटू श्याम मंदिर का 7वां वार्षिक महोत्सव शुरू

# ऊंट, घोड़े, बग्घी और ढोल- बाजों के साथ सैकड़ों श्रद्धालुओं ने निकाली शोभायात्रा, भक्तों ने बाबा के हाथों में सजाई मेहंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

दो दिवसीय पावन आयोजन 17 और 18 जनवरी को आयोजित किया जा रहा है, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है, जिसमें जय श्री श्याम के जयकारों के साथ शनिवार को श्री खाटू श्याम मंदिर से राज राजेश्वर मंडीदीप नरेश के 7वें वार्षिक महोत्सव का शुभारंभ हो गया।

महोत्सव की शुरुआत शनिवार सुबह भव्य निशान यात्रा से हुई। यह यात्रा सुबह 11 बजे खेड़ापति माता मंदिर (बीएसएनएल कार्यालय के पास) से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार से गुजरते हुए इंडस रियल्टी स्थित आयोजन स्थल पर समाप्त हुई। शाम को उत्सव का रंग और भी भक्तिमय हो गया, जब शाम 7 बजे से श्री श्याम मेहंदी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान भक्तों ने हाथों में मेहंदी सजाई और बाबा के भजन गाए।


खाटू श्याम बाबा का किया मनमोहक श्रृंगार।


शोभा यात्रा में अपने हाथों में विभिन्न प्रकार की ध्वज लेकर चलते भक्त।

### आज बाबा का दिव्य श्रृंगार कर अर्पित करेंगे 56 भोग

*आयोजन समिति के सदस्य संजय अग्रवाल और ज्ञान चौहान ने बताया कि महोत्सव का दूसरा दिन (रविवार, 18 जनवरी) और भी विशेष होगा। इसमें बाबा श्याम का अभिषेक और दिव्य श्रृंगार कर 56 भोग अर्पित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि शाम 7 बजे भजन संध्या का भव्य आयोजन होगा, जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक अम्ब्रीश कुमार (मुंबई), सचिन गुप्ता (अयोध्या) और राजू मेहरा (कलकत्ता) अपनी मधुर आवाज में बाबा श्याम के भजन प्रस्तुत करेंगे।आपको बता दें कि यह महोत्सव श्री खाटू श्याम मंदिर मंडीदीप द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जो स्थानीय स्तर पर बाबा श्याम की भक्ति का प्रमुख केंद्र है।*

### बैठक द आर्ट हाउस में पोलैंड की फिल्ममेकर, लेखिका मोनिका क्वास्जिकी से चर्चा

# पोलैंड के शरणार्थियों की भारत ने की पूर्ण मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद टूटे हुए पोलैंड, उसके निर्वासित नागरिक, महिलाओं एवं बच्चों को भारत ने न केवल शरण प्रदान की थी, वरन इन शरणार्थियों को स्थापित करने में भी कई स्तर पर सहायता प्रदान की थी, यह विचार बैठक द आर्ट हाउस में पोलैंड की फिल्ममेकर, लेखिका मोनिका क्वास्जिकी ने व्यक्त किए। उन्होंने शनिवार को प्रसिद्ध भरतनाट्यम कलाकार एवं सांस्कृतिक राजदूत अपेक्षा निरंजन से रोचक चर्चा में यह बात कही।

**करीब 1000 बच्चों एवं 4000 महिला, पुरुषों को गोद लिया था**



सांस्कृतिक राजदूत अपेक्षा निरंजन से चर्चा करती हुई लेखिका मोनिका क्वास्जिकी।

**गुड महाराजा की प्रेरक कहानी पर की चर्चा**

कई दशकों तक पोलैंड एवं भारत के इन संबंधों पर शोध करने वाली मोनिका ने 'गुड महाराजा' की प्रेरक कहानी को 85 वर्ष पूर्व भारत के जामनगर रियासत के तत्कालीन महाराजा दिग्विजय सिंह से प्रेरित बताया। उन्होंने बताया कि जामनगर महाराजा ने द्वितीय विश्वयुद्ध युद्ध में पोलैंड से विस्थापित करीब 1000 बच्चों एवं 4000 महिला, पुरुषों को गोद लिया था।

## वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर कल आयोजित किए जाएंगे कार्यक्रम

**भोपाल।** कलाव्योम फाउंडेशन द्वारा 19 जनवरी को शाम 6 बजे से कुबेर बैंक्वेट, बाग मुगालिया में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम राष्ट्रगीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ तथा महान जननायक बिरसा मुंडा की 150वीं जन्मशताब्दी को समर्पित होगा।

- **कलाव्योम फाउंडेशन कुबेर बैंक्वेट, बाग मुगालिया में आयोजित होंगे कार्यक्रम**

कलाव्योम फाउंडेशन के आलोक शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में भारत के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ओमप्रकाश रावत उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता चिंतक एवं विचारक डॉ. अमोघ गुप्ता करेंगे।

### भारतीय नागरिक सभी पर्वों और त्यौहारों का आनंद भी लेते हैं: डॉ. यादव

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव होटल पलाश में आयोजित पोंगल उत्सव में हुए शामिल, देखी प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत उत्सव प्रिय संस्कृति में विश्वास रखता है। जहां उत्तर भारत में मकर संक्रांति उल्लास से मनाई जाती है। वहीं दक्षिण भारत विशेष रूप से तमिलनाडु में पोंगल त्यौहार आनंद और ऋतु परिवर्तन का प्रतीक है। देश भर में सभी प्रांतों में सभी समुदायों के व्यंजन उपलब्ध हैं और भारतीय नागरिक सभी पर्वों और त्यौहारों का आनंद भी लेते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उपरोक्त कथन होटल पलाश रेसीडेंसी में आयोजित पोंगल उत्सव को संबोधित करते हुए कहे। इस अवसर पर नाट्य संस्था कला संस्थानम की छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां का भी आयोजन किया। मप्र पर्यटन विकास निगम के प्रबंध संचालक डॉ. इलैया राजा टी. और तमिल समुदाय के अनेक समाज बंधु और मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम के अधिकारी उपस्थित थे।


होटल पलाश में पोंगल उत्सव के दौरान प्रस्तुति देते कलाकार।


प्रस्तुति देखते मुख्यमंत्री व अन्य।

### महाभारत समागम का दूसरा दिन: पांचाली सहित दु:शासन वध, उर्वशी एवं शिखंडी की प्रस्तुति



# भारत भवन में पहली बार डोम थिएटर का प्रदर्शन, 360 डिग्री पर हुआ फिल्म का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सभ्यताओं के संघर्ष एवं औदार्य की महागाथा पर केंद्रित महाभारत समागम के दूसरे दिन श्रीलंका और पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर के कलाकारों ने अपनी अपनी शैलियों में महाभारत के प्रसंग को नृत्य- नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से प्रस्तुत किया। इसके साथ ही समागम में डोम थिएटर को भी प्रदर्शित किया। डोम थिएटर में 360 डिग्री पर फिल्म या चित्र को प्रदर्शन होता हैं, इस पर शनिवार को महाभारत का भी प्रदर्शन किया गया। वहीं शाम की बेला में श्रीलंका के कलाकारों द्वारा पांचाली की प्रस्तुति दी गई। इससे पहले पूर्व रंग में दुशासन वध को कथकली में प्रदर्शित किया।



### पांचाली में दर्शकों ने देखा वीरता और भावनाओं से भरा प्रसंग

पांचाली की कथा की शुरुआत बदरिकाश्रम के शांत और रमणीय वातावरण से होती है, जहां पांडवों की महारानी द्रौपदी प्रकृति की सुंदरता का आनंद ले रही हैं। पांचाली प्रसंग वीरता, दिव्य मार्गदर्शन, प्रकृति के सम्मान, पारिवारिक एकता और पांडवों की भावी युद्ध एवं आध्यात्मिक तैयारी को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करता है

**श्रीलंका के कलाकारों ने पांचाली की प्रस्तुति दी**



### मणिपुरी नृत्य नाटिका 'उर्वशी' का किया भावपूर्ण मंचन



निर्देशक टिकेन सिंह, मणिपुर के निर्देशन में प्रोग्रेसिव आर्टिस्ट लेबोरेटरी, इम्फाल द्वारा प्रस्तुत मणिपुरी नृत्य नाटिका 'उर्वशी गी नपाल (उर्वशी का अहंकार)' दर्शकों के लिए एक भावपूर्ण अनुभव रही।




मणिपुरी नृत्य नाटिका 'उर्वशी' का भावपूर्ण मंचन करते हुए कलाकार।

### पौराणिक कथा को इंटरेक्टिव ढंग से समझाता है डोम थिएटर

भारत भवन में डोम थिएटर लगाने वाले अमृत्य लोक की डायरेक्टर नितांशी के गुप्ता ने बताया कि ये हमारा पहला पौराणिक कथा डोम है। आज के समय में जब आज की जनरेशन अपनी पौराणिक कथाओं को भूलती जा रही, ऐसे में डोम के माध्यम से युवा और बच्चे इंटरेक्टिव वे में पौराणिक कथाओं को जान और समझ पायेंगे।





### शिखंडी को समाज और इतिहास ने हाशिये पर रखा

इसके बाद शिखंडी की प्रभावशाली प्रस्तुति का निर्देशक हिमांशु श्रीवास्तव ने किया, यह नाटक महाभारत के उस पात्र पर केंद्रित है, जिसे लंबे समय तक समाज और इतिहास ने हाशिये पर रखा।

### मकर संक्रांति पर उत्कर्षिणी ग्रुप का गेट टूगेदर


उत्कर्षिणी ग्रुप का गेट टूगेदर में सामूहिक फोटो शूट करातीं हुईं महिलाएं।

# फन गेम्स, डांस विथ म्यूजिक से सजी पार्टी में लगाए चार चांद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मकर संक्रांति पर उत्कर्षिणी ग्रुप का गेट टूगेदर शनिवार शाम एक वरांडा गार्डन में आयोजित किया गया। इस पार्टी में शहर की करीब 60 महिलाओं ने शिरकत की और कार्यक्रम में चार चांद लगाए। जहां इस आयोजन में फन गेम्स, डांस विथ म्यूजिक पार्टी का लुत्फ उठाया, वहीं कार्यक्रम में हल्दी कुमकुम के साथ-साथ अंत में लोहड़ी सेलिब्रेशन भी किया गया। उत्कर्षिणी ग्रुप की हेड बिंदू रमाकांत घाटपंडे ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हमनें मकर संक्रांति के साथ लोहड़ी सेलिब्रेशन किया, जिसमें बड़ी संख्या में हमारे ग्रुप की महिलाओं ने भाग लेकर शाम की बेला में चार चांद लगा दिए।

**शहर की करीब 60 महिलाओं ने शिरकत की**


कार्यक्रम में चर्चा करतीं महिलाएं।


उत्सव में एंजॉय करती महिलाएं।

### क्लाइंबिंग चैलेंज सीजन 2.0 का आयोजन

# पचमढ़ी में देश भर के 60 टॉप क्लाइंबर ने दिखाया साहस


पहाड़ पर चढ़ते हुए।

**भोपाल।** पचमढ़ी क्लाइंबिंग चैलेंज सीजन 2.0 का आयोजन मप्र टूरिज्म बोर्ड, जिप्सीएडवेंचर, एमपी स्पोर्ट् क्लाइंबिंग एसोसियेशन के सहयोग से सतपुड़ा की रानी पचमढ़ी में स्थित नींबूखड जटाशंकर नैचुरल रॉक फेस पर किया गया, जिसमें देश भर के 60 टॉप क्लाइंबर महिला पुरुष बालक बालिकाओं ने अपने साहस का परिचय दिया। विजेता प्रतिभागियों को 1 लाख तक की नगद राशि के साथ आकर्षक पुरस्कार गिफ्ट हैंपर प्रदान किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य प्रदेश में एडवेंचर टूरिज्म को बढ़ाना है जिस से इस प्रकार के अयोजन से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पचमढ़ी पहचान मिले।

## विश्व संवाद केंद्र में यात्रा-वृत्तांत गोष्ठी आज

**भोपाल।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद, भोपाल इकाई द्वारा 18 जनवरी को यात्रा-वृत्तांत गोष्ठी का आयोजन विश्व संवाद केंद्र में दोपहर 1 बजे सम्पन्न होगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. बिनय षडंगी राजाराम व अध्यक्षता करेंगी डॉ. नुसरत मेंहदी। गोष्ठी में अखिल भारतीय साहित्य परिषद, भोपाल इकाई की महामंत्री सुनीता यादव द्वारा बीज वक्तव्य प्रस्तुत किया जाएगा। इस अवसर पर उपस्थित रचनाकार अपने-अपने यात्रा-वृत्तांत प्रस्तुत करेंगे।

**गोष्ठी में महामंत्री सुनीता यादव बीज वक्तव्य प्रस्तुत करेंगे**

# संस्कृति संगम में दिखी भारतीय सभ्यता व लोक परंपराओं की मनमोहक झलक

### मानसरोवर डेंटल कॉलेज में तत्त्व 6.0 का किया भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मानसरोवर डेंटल कॉलेज में एनुअल फेस्ट तत्त्व 6.0 संस्कृति संगम का शुभारंभ शनिवार को ढोल-नगाड़ों के साथ किया गया। इस दौरान मानसरोवर डेंटल कॉलेज प्रांगण में आयोजित समारोह में भारतीय सभ्यता, संस्कृति और लोक परंपराओं की झलक देखने को मिली।

विद्यार्थी पंजाबी, राजस्थानी, गुजराती, बंगाली, मराठी आदि देश के विभिन्न क्षेत्रों के परिधानों में सजे-धजे नाचते-झूमते नजर आए। दस दिवसीय इस आयोजन में विभिन्न थीमों पर प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।



एनुअल फेस्ट तत्त्व 6.0 संस्कृति संगम में उपस्थित लोग।

### 30 जनवरी को होगा समापन

वहीं तत्त्व 6.0 का समापन 30 जनवरी को डीजे नाइट के साथ किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मानसरोवर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की चांसलर मंजुला तिवारी, यूनिवर्सिटी के चीफ एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर इंजी. गौरव तिवारी और डायरेक्टर दिशा तिवारी के स्वागत के साथ किया गया।


### 'सेवा से संस्कार तक' में आरती ने रखी अपनी बात

# अंतरराष्ट्रीय स्टोरी टेलिंग फेस्ट में गूंजी भोपाल की एक सशक्त नारी की आवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में आयोजित इंटरनेशनल स्टोरी टेलिंग फेस्ट के अंतर्गत मशहूर आईपीएस मनीष शंकर की पत्नी एवं एमएसएस सपोर्ट फाउंडेशन की संस्थापिका आरती शर्मा ने एक सशक्त नारी की आवाज के रूप में अपनी बात रखी। 'वूमन ऑफ भोपाल दियर व्याइज दीयर स्टोरी' थीम पर आयोजित इस सेशन में आरती ने 'मी मॉयसेल्फ - मिस्टर मनीष शंकर शर्मा, वर्दी से विरासत तक, सेवा से संस्कार तक' में अपनी बात रखते हुए कहा कि किस प्रकार सेना की अनुशासनात्मक विरासत, पुलिस परिवारों के साथ गहरा जुड़ाव और वैश्विक मंचों पर भारतीय संस्कृति के प्रतिनिधित्व ने उनके व्यक्तित्व और सोच को आकार दिया।

कहानी में पुलिस परिवारों के कल्याण के लिए किए गए प्रयासों, मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों में सामुदायिक सहभागिता, संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन के दौरान बोस्निया-हर्ज़ेगोविना में प्राप्त अनुभवों तथा अमेरिका और दुबई में भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार के भावनात्मक प्रसंगों का उल्लेख किया गया।


वूमन ऑफ भोपाल दियर व्याइज दीयर स्टोरी' थीम पर अपनी बात रखते हुए।

# महिला हिंसा रोकथाम को लेकर शहर में चल रहा 'लवली मर्दानगी अभियान'


महिला हिंसा के खिलाफ जागरूक संदेश देता युवक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महिला हिंसा के खिलाफ युवाओं को जागरूक करने और सकारात्मक सोच विकसित करने के उद्देश्य से यंगशाला संस्था द्वारा इन दिनों लवली मर्दानगी नामक एक रोचक अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत नवीन महाविद्यालय में एक जागरुकता कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य के बारे में विषय विशेषज्ञ के रूप में यंगशाला संस्था की ओर से सुभाष गर्ग एवं अभी खारिया ने कहा कि युवाओं में यह समझ विकसित करना है कि मर्दानगी का अर्थ ताकत या प्रभुत्व नहीं, बल्कि संवेदनशीलता, सम्मान और बराबरी की भावना है। कार्यक्रम के दौरान लिंग आधारित हिंसा के विभिन्न पहलुओं-जैसे मानसिक, शारीरिक, सामाजिक और भाषा से जुड़ी हिंसा पर खुलकर चर्चा की गई।



### परिवार की विसंगतियों, अकेलेपन और रिश्तों में बिखराव को दर्शाता नाटक

# संबंधों, आर्थिक कठिनाइयों को उजागर करता है नाटक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रविन्द्र अमेच्योर नाट्य ग्रुप द्वारा रंग श्री लिटिल बैले टूप में नाटक 'आधे-अधूरे' का मंचन शनिवार शाम किया गया। राजेश भदौरिया निर्देशित 'आधे-अधूरे' मोहन राकेश का एक प्रसिद्ध नाटक है, जो आधुनिक मध्यमवर्गीय परिवार की विसंगतियों, अकेलेपन और रिश्तों में बिखराव को दर्शाता है, जहां हर पात्र अधूरापन महसूस करता है और पूर्णता की तलाश में भटकता है। यह नाटक स्त्री-पुरुष संबंधों, आर्थिक कठिनाइयों और सामाजिक घुटन को उजागर करता है, जिसमें सावित्री (पत्नी) और महेंद्रनाथ (पति) जैसे पात्र अपनी-अपनी अधूरी इच्छाओं और निराशाओं से जूझते हैं, और एक ही अभिनेता कई भूमिकाएं निभाकर इस अधूरेपन को और गहरा करता है।

### रंग श्री लिटिल बैले टूप में नाटक 'आधे-अधूरे' का मंचन


रंग श्री लिटिल बैले टूप में नाटक 'आधे-अधूरे' का मंचन करते कलाकार।

### हिंदी भवन में 'पूस की रात' और 'नेताजी' का मंचन

**भोपाल।** हिंदी भवन में रंग संस्था कारवां ने भारतीय साहित्य के अग्रणी लेखक प्रेमचंद की दो कहानियों का मंचन किया, जिसमें वरिष्ठ रंगकर्मी नजीर कुरैशी और अशोक बुलानी के निर्देशन में 'पूस की रात' और 'नेताजी' का प्रयोगात्मक मंचन ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। पूस की एक रात में गरीबी और परेशानियों किसान की समस्याओं को उजागर किया तो वहीं 'नेताजी' में एक नेता बालकनी में चाय पी रहा है और सामने जो घटनायें घटती दिखाई दे रही हैं उनको देखकर उसके दिल में विचार पैदा होते हैं इसी को नाटक में मंचित किया।



# 'स्पिरिट' की रिलीज तारीख का ऐलान..

**मुंबई।** सुपरस्टार प्रभास की हालिया रिलीज फिल्म 'द राजा साब' लोगों की उम्मीदों पर खरी नहीं उतर रही। इस बीच, अभिनेता ने अपनी बहुप्रतिक्षित फिल्म 'स्पिरिट' से जुड़ी सबसे बड़ी खुशखबरी साझा कर दी है। सोशल मीडिया पर आधिकारिक ऐलान करते हुए फिल्म की रिलीज तारीख का खुलासा किया गया है। संदीप रेड्डी वांगा में बन रही 'स्पिरिट' का पहला पोस्टर नए साल के पहले दिन जारी हुआ था। रिलीज का ऐलान होने से प्रशंसक डबल उत्साहित हो गए हैं। प्रभास की 'स्पिरिट' एक्शन-थ्रिलर फिल्म है जिसका हिस्सा तृप्ति डिमरी और विवेक ओबेरॉय भी हैं।

लाइफ Style



# मृणाल

## फरवरी में सात फेरे लेने का दावा

साउथ सुपरस्टार धनुष और मृणाल ठाकुर की कथित प्रेम-कहानी काफी समय से लोगों का ध्यान खींच रही है। कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि दोनों दुनिया की नजरों से छिपकर एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

नई जानकारी और चौंकाने वाली है, क्योंकि दावा है कि दोनों अपने रिश्ते को आधिकारिक नाम देने की तैयारी में हैं। फरवरी में वैलेंटाइन डे के खास मौके पर मृणाल, 9 साल बड़े धनुष से शादी कर सकती हैं। मीडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 14 फरवरी यानी वेलेंटाइन डे को धनुष और मृणाल एक निजी समारोह में शादी की योजना बना रहे हैं। इस समारोह में सिर्फ दोनों सितारों का परिवार और करीबी रिश्तेदार शामिल होंगे। हालांकि, इन रिपोर्ट्स पर दोनों में से किसी ने भी आधिकारिक बयान नहीं दिया है और न कई दिनों से चल रहे अपने कथित रिश्ते की पुष्टि की है। इसलिए इन दावों में कितनी सच्चाई है, यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा।

धनुष और मृणाल के डेटिंग की खबरों ने 'सन ऑफ सरदार 2' की स्क्रीनिंग के दौरान जोर पकड़ा था, जब दोनों सितारों को एक साथ कैमरे में कैद किया गया। इसके बाद, मृणाल के जन्मदिन पर धनुष को उनका हाथ थामे और मुस्कुराते हुए देखा गया। यही नहीं, धनुष और कृति सैनन की फिल्म 'तेरे इश्क में' की रैप-अप पार्टी में मृणाल ने पहुंचकर लोगों को चौंका दिया। बस यहीं से दोनों के कथित रिश्ते के किस्से शुरू हो गए।

## हॉलीवुड मसाला



### ट्रंप के टैरिफ से सिनेमा में मचा हड़कंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कुछ दिन पूर्व ही घोषणा की है कि अमेरिका के बाहर बनी सभी फिल्मों पर अब 100% तक का टैरिफ लगाया जाएगा। ट्रंप का कहना है कि यह अहम कदम अमरीकी फिल्म उद्योग को फिर से मजबूत करना और 'मेड इन अमेरिका' नीति को आगे बढ़ाने के लिए बहुत जरूरी है। ट्रंप के इस कदम से न केवल हॉलीवुड बल्कि ग्लोबल सिनेमा में हड़कंप मचा हुआ है। दरअसल, ट्रंप का कहना है कि विदेशों में बनी फिल्मों ने अमरीका से फिल्म निर्माण का कार्य छीन लिया है, ठीक वैसे ही जैसे किसी बच्चे से उसकी कैंडी छीन ली हो।




### हॉलीवुड स्टार जॉन सीना भी हैं शाहरुख के दीवाने

**लॉस एंजिलस।** शाहरुख खान बॉलीवुड के ही नहीं बल्कि हॉलीवुड के दिलों के भी बादशाह हैं। ये तो सब जानते है कि शाहरुख खान के फैंस दुनियाभर के हर एक कोने में मौजूद हैं। लेकिन जब आप ये सुनेंगे कि एक हॉलीवुड स्टार भी बादशाह खान का फैन है तो आप जरूर हैरान होंगे। हम जिस हॉलीवुड स्टार की बात कर रहे हैं वो हैं जॉन सीना, जो किंग खान के कितने बड़े है ये उन्होंने हाल ही में साबित कर दिया है। यूं तो जॉन को कई दफा बॉलीवुड के बादशाह की तारीफ करते देखा जा चुका है लेकिन अब उन्होंने शाहरुख के लिए जो किया है वो देख आप देखते रह जाएंगे। डब्ल्यूडब्ल्यूई चैंपियन और हॉलीवुड एक्टर जॉन सीना का एक वीडियो इस वक्त सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह एक कार्यक्रम में शाहरुख का गाना 'भोली सी सूरत' गाते हुए दिखाई दे रहे हैं।



## जुनैद की 'एक दिन' से बॉलीवुड में डेब्यू


**मुंबई।** आमिर खान के बेटे जुनैद खान अपनी अगली फिल्म 'एक दिन' को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म का पोस्टर जारी करने के बाद निर्माताओं ने टीजर जारी कर दिया है जो लोगों का ध्यान खींच रहा है। इस फिल्म के जरिए साई बॉलीवुड में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। फिल्म के टीजर में जुनैद के साथ उनकी केमिस्ट्री शानदार नजर आ रही है। सुनील पांडे द्वारा निर्देशित 'एक दिन' रोमांटिक-ड्रामा फिल्म है जो 1 मई, 2026 को रिलीज होगी। 'एक दिन' के टीजर की शुरुआत दोनों मुख्य कलाकारों से होती है जहां वह खुद को शीशे में निहार रहे हैं। जुनैद कहते हैं, 'तुम्हारी मुस्कुराहट मुझे बहुत अच्छी लगती है मीरा। तुम्हारा दिल जीतूंगा या नहीं ये नहीं पता'। इसके बाद दोनों की खूबसूरत प्रेम दिखती है, लेकिन जल्द उनका ये सपना टूट जाता है।



## 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' से टीवी पर वापसी

**मुंबई।** बॉलीवुड के 'खिलाड़ी' अक्षय कुमार हर साल अपनी फिल्मों से दर्शकों का मनोरंजन करते हैं। इस बार वह टीवी पर भी यह जिम्मेदारी उठाते दिखेंगे क्योंकि उनका नया गेम शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' आ रहा है। काफी समय से चर्चा बटोर रहा यह रियलिटी शो इसी महीने यानी, जनवरी में अपनी स्ट्रीमिंग के लिए तैयार है। निर्माताओं ने शो का प्रोमो और स्ट्रीमिंग तारीख जारी कर दी है। यह क्लासिक शब्द खेल हैंगमैन पर आधारित है। 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' के प्रोमो के साथ कैप्शन दिया गया, 'किस्मत आपकी, पैसा चैनल का...और ढेर सारी मस्ती मेरी तरफ से।' अक्षय ने होस्ट की जिम्मेदारी संभाली है जो प्रतियोगियों को पुरस्कार राशि जीतने का मौका देंगे। यह शो 27 जनवरी से सोनी लिव और सोनी टीवी पर रात 9 बजे प्रसारित होगा।

## टीवी मसाला



### कसम से सीरियल की तीन बहनें अब कैसी दिखती हैं बानी, पिया और रानो

**नई दिल्ली।** टीवी और बॉलीवुड जगत की मशहूर प्रोड्यूसर एकता कपूर के लोकप्रिय सीरियल 'कसम से' ने अपने रिलीज के 20 साल पूरे कर लिए हैं। इस खास मौके पर एकता कपूर ने यादों को ताजा किया जो लोग नहीं जानते उन्हें बता दें कि यह सीरियल 16 जनवरी 2006 को पहली बार जी टीवी पर प्रसारित किया गया था।

***तीन बहनों की थी कसम से की कहानी*** : टीवी सीरियल की कहानी तीन बहनों- बानी, पिया और रानो के ईर्द-गिर्द घूमती है, जिनके जीवन में जय वालिया के आने से कई बदलाव आते हैं और उनकी आपसी बॉन्डिंग व रिश्तों की कसौटी को दिखाया गया था। इसमें प्राची देसाई ने बानी का किरदार निभाया था, जबकि राम कपूर ने जय वालिया का किरदार निभाया था। दोनों की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री दर्शकों को काफी पसंद आई थी।

***ये अभिनेत्रियां बनीं थीं तीन बहनें*** : इस सीरियल में राम कपूर और प्राची देसाई (बानी) के अलावा, रोशनी चोपड़ा (पिया), अरुनिमा शर्मा (बानो) जया भट्टाचार्य, और अश्विनी कलसेकर (जिज्ञासा) जैसे कलाकार भी शामिल थे। यह सीरियल साल 2009 तक प्रसारित हुआ था। एकता कपूर ने इसे बालाजी टेलीफिल्म्स के बैनर तले रिलीज किया था।

***शो से बॉलीवुड पहुंचे बानी और राम***: यह शो जी टीवी पर काफी सफल रहा और इसने मुख्य किरदार प्राची देसाई को अच्छी पहचान दिलाई थी, बल्कि राम कपूर को भी घर-घर में मशहूर किया था। इस शो के बाद राम कपूर 'बड़े अच्छे लगते हैं' और प्राची देसाई ने बॉलीवुड फिल्मों जैसे 'रॉक ऑन' से अपनी पहचान बनाई। वहीं राम कपूर ने कई बॉलीवुड फिल्मों में काम कर अपनी अलग पहचान बना ली है।

### तलाक के बाद माही विज ने छोड़ा सहर होने को है सीरियल



**नई दिल्ली।** टीवी की स्टार एक्ट्रेस माही विज एक बार फिर चर्चा में हैं। हाल ही में वह टीवी के पॉपुलर एक्टर और पूर्व पति जय भानुशाली संग तलाक की खबरों से खूब चर्चा में रही थीं। अब उनके चर्चा में आने की वजह है कि वह टीवी शो 'सहर होने को है' को बहुत जल्द छोड़ सकती हैं। इस बीच यह भी कहा जा रहा है कि वह एक नए रियलिटी शो में हिस्सा ले सकती हैं, जो बहुत जल्द ऑन एयर होने वाला है। माही का नाम इस शो से तब से जुड़ रहा है, जब से वह एंडेमोल के ऑफिस पर स्पॉट हुई हैं। फिलहाल एक्ट्रेस ने अपनी इस विजिट और नए शो में जाने की अटकलों पर चुप्पी साधी हुई है। वहीं, इस नए रियलिटी शो के मेकर्स और चैनल की तरफ से भी कोई बयान नहीं आया है। चलिए जानते हैं किस नए शो में माही विज एंट्री लेने जा रही है।

## 'हैप्पी पटेल' पड़ी 'राहु केतु' पर भारी बॉक्स ऑफिस पर वीर दास ने मारी बाजी

*मुंबई। बॉक्स ऑफिस पर जब 2 कॉमेडी फिल्में आपस में टकराती हैं तो मुकाबला हमेशा दिलचस्प होता है। इस शुक्रवार आमिर खान के प्रोडक्शन में बनी वीर दास अभिनीत 'हैप्पी पटेल' और वरुण शर्मा-पुलकित सम्राट की जोड़ी वाली 'राहु केतु' के बीच जबरदस्त भिड़ंत देखने को मिली। हालांकि, वीर दास की अतरंगी कॉमेडी के आगे 'फुकरे' वाले वरुण शर्मा और पुलकित सम्राट की फिल्म 'राहु केतु' बेअसर साबित हुई है।*

### 'राहु केतु' को पीछे छोड़ आगे निकली 'हैप्पी पटेल'

रिपोर्ट के मुताबिक, इस टक्कर में पहले दिन टिकट खिड़की पर 'हैप्पी पटेल' ने हल्की बढ़त बना ली है। इसने देशभर में करीब 1.25 करोड़ रुपये का कारोबार किया। दूसरी ओर 'राहु केतु' भी कमाई के मामले में पीछे नहीं रही और फिल्म ने पहले दिन लगभग 1 करोड़ रुपये जुटाए। हालांकि, दोनों फिल्मों की कमाई में ज्यादा बड़ा अंतर नहीं है, जिससे आने वाले दिनों में बॉक्स ऑफिस पर मुकाबला और रोमांचक होने की उम्मीद जताई जा रही है।



### क्या है 'हैप्पी पटेल' की कहानी?

आमिर खान के प्रोडक्शन में बनी 'हैप्पी पटेल' अपनी अतरंगी कहानी और वीर दास की जबरदस्त कॉमिक टाइमिंग की वजह से चर्चा में है। ये एक स्पाय-कॉमेडी फिल्म है। ये ऐसे शख्स की कहानी दिखाती है, जो गलती से जासूसी की दुनिया में फंस जाता है। इस फिल्म में शारिब हाशमी, मोना सिंह, मिलिथा पालकर और इमरान खान भी हैं, वहीं आमिर ने कैमियो किया है। खास बात है कि फिल्म का निर्देशन भी वीर दास ने ही किया है।

## 'मर्दानी 3' सेंसर बोर्ड से पास, शिवानी का अब तक का सबसे लंबा मिशन...

**मुंबई।** रानी मुखर्जी एक बार फिर 'शिवानी शिवाजी रॉय' के कड़क अंदाज में बड़े पर्दे पर वापसी करने के लिए तैयार हैं। उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'मर्दानी 3' ने सेंसर बोर्ड की बाधा पार कर ली है और इसे यू/ए 16+ सर्टिफिकेट के साथ हरी झंडी मिल गई है। दिलचस्प बात है कि ये फिल्म न केवल अपने एक्शन और विषय के कारण चर्चा में है, बल्कि ये इस पूरी फ्रेंचाइजी की सबसे लंबी फिल्म भी बन गई है।

***बच्चे अकेले नहीं देख पाएंगे फिल्म*** : सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने 'मर्दानी 3' को देखने के बाद इसे यू/ए 16+ सर्टिफिकेट दिया है। इसका मतलब है कि 16 साल से कम उम्र के बच्चे इस फिल्म को अकेले नहीं देख पाएंगे। अगर वो ये फिल्म देखना चाहते हैं तो उन्हें माता-पिता या किसी बड़े के साथ ही सिनेमाघर जाना होगा। फिल्म में दिखाए जाने वाले डार्क विषय और गंभीर एक्शन को देखते हुए यह रेटिंग दी गई है।



### इतनी लंबी होगी 'मर्दानी 3'

'मर्दानी' सीरीज अपनी तेज रफ्तार और सटीक कहानी के लिए जानी जाती है, लेकिन इस बार दर्शकों को शिवानी शिवाजी रॉय को पहले से कहीं ज्यादा समय तक बड़े पर्दे पर देखने का मौका मिलेगा। 'मर्दानी 3' का कुल रनटाइम 2 घंटे, 10 मिनट और 36 सेकंड है, जिससे यह फ्रेंचाइजी की अब तक की सबसे लंबी फिल्म बन गई है। 'मर्दानी' का रनटाइम 1 घंटा 53 मिनट था, जबकि 'मर्दानी 2' की अवधि सिर्फ 1 घंटा 45 मिनट रही।

### सबसे बड़ा रनटाइम और सबसे पेचीदा मिशन

'मर्दानी 3' पहली फिल्म से लगभग 17 मिनट और दूसरी फिल्म से करीब 25 मिनट ज्यादा लंबी है। फिल्म का इतना लंबा रनटाइम ये संकेत देता है कि इस बार कहानी का दायरा बड़ा है और शिवानी शिवाजी रॉय का सामना जिस दुश्मन से है, वो काफी पेचीदा और खतरनाक होने वाला है। ये शिवानी शिवाजी रॉय का अब तक का सबसे लंबा मिशन होगा।

### इस साल इन फिल्मों का दर्शकों को है बेसब्री से इंतजार

# 'किंग' का राज और 'जन नायकन' की दहाड़

*मुंबई। तैयार हो जाइए, क्योंकि भारतीय सिनेमा में बड़ा धमाका होने वाला है। 2026 की शुरुआत के साथ ही आईएमडीबी यानी इंटरनेट मूवी डाटोबेस ने इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों की सूची जारी की है। एक तरफ शाहरुख खान का 'किंग' अवतार सिनेमाघरों में धमाल मचाने को तैयार है तो दूसरी तरफ थलापति विजय की आखिरी फिल्म की 'दहाड़' से पूरा बॉक्स ऑफिस थर्राने वाला है। आइए जानें इस साल दर्शकों को बॉलीवुड और साउथ की किन फिल्मों का इंतजार है।*



**'किंग'**: आईएमडीबी की बहुप्रतिक्षित फिल्मों की सूची में 'किंग' पहले स्थान पर विराजमान है, जिससे ये साफ है कि शाहरुख का जादू आज भी दर्शकों के सिर चढ़कर बोल रहा है। 'पठान' और 'जवान' के बाद प्रशंसकों को उनके एक और खतरनाक एक्शन अवतार का इंतजार है, जो इस फिल्म के साथ खत्म होने वाला है। फिल्म में शाहरुख एक गैंगस्टर के रोल में नजर आएंगे। इसके जरिए वो पहली बार अपनी बेटी सुहाना खान के साथ स्क्रीन साझा करते दिखेंगे।




**'रामायण'**: 'किंग' के बाद जिस फिल्म ने सबसे ज्यादा हलचल मचाई है, वो है नितेश तिवारी की महागाथा 'रामायण पार्ट 1'। आईएमडीबी की सूची में इसे दूसरा स्थान मिलना यह दर्शाता है कि दर्शक भारतीय संस्कृति और आधुनिक सिनेमा के इस मिलन को देखने के लिए कितने उत्साहित हैं। रणबीर कपूर की 'रामायण' सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि भारतीय सिनेमा का अब तक का सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट मानी जा रहा है। साई पल्लवी इसके जरिए बॉलीवुड में कदम रख रही हैं।

**'जन नायकन और 'स्पिरिट'**: सूची में तीसरे नंबर पर काबिज है थलापति विजय की फिल्म 'जन नायकन', जो उनकी आखिरी फिल्म है। इसके बाद विजय पूरी तरह राजनीति में कदम रखेंगे, जिसके कारण उनके लाखों फैंस इस फिल्म को ऐतिहासिक बनाने के लिए बेताब हैं। उधर चौथे स्थान पर अपनी जगह पक्की है प्रभास की फिल्म 'स्पिरिट' ने। फिल्म में प्रभास पुलिस अफसर के किरदार में दिखेंगे। ब्लॉकबस्टर फिल्म 'एनिमल' वाले संदीप रेड्डी वांगा ने इस फिल्म के निर्देशन की कमान संभाली है।





**'टॉक्सिक' और 'बैटल ऑफ गलवान'**: 'केजीएफ 2' के बाद दर्शक जिस चेहरे को देखने के लिए तरस रहे थे, वो अब 'टॉक्सिक' के साथ लौट रहा है। आईएमडीबी की सूची में यश की इस फिल्म ने पांचवें पायदान पर कब्जा किया है। फिल्म में यश के साथ कियारा आडवाणी नयनतारा, तारा सुतारिया और हुमा कुरैशी भी हैं। छठे स्थान पर सलमान खान की फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' है, जिसमें वो एक जांबाज आर्मी ऑफिसर के किरदार में देश के हीरो की कहानी पर्दे पर उतारेंगे।



***ये फिल्में भी हैं सूची में शामिल*** : सूची में 7वें स्थान पर आलिया भट्ट की अल्फा और 8वें नंबर पर रणवीर सिंह की सबसे बड़ी फिल्म 'धुरंधर' का सीक्वल 'धुरंधर 2' है। 9वें स्थान पर सनी देओल की 'बॉर्डर 2' है तो 10 नंबर पर तमिल फिल्म 'लव इंश्योरेंस कंपनी' है।





इन दिनों पूरी दुनिया में जेन जी की काफी चर्चा हो रही है। बिल्कुल युवा इस पीढ़ी का चीजों को देखने का, जीवन को जीने का अलग अंदाज है। ये हर तरह के दबाव, तनाव और बंदिशों से मुक्त होकर जीने के कायल हैं। निकट भविष्य में इनकी जीवनशैली, फैशन सेंस और उनके वर्क पैटर्न में कई बदलाव देखने को मिलेंगे।

कवर स्टोरी

शिखर चंद जैन

# आने वाले दिनों में बदल जाएगी जेन जी की लाइफस्टाइल

जेन जी का जिक्र आते ही उत्साह-उमंग से भरी युवा पीढ़ी की छवि मन में उभरती है। लेकिन कई मायने में यह जेनरेशन बहुत समझदार, व्यावहारिक और जीवन को पूरी तरह जीने में यकीन करती है। आने वाले दिनों में इनकी जीवनशैली, फैशन और कार्यशैली में कुछ नए बदलाव दिखेंगे।

**कूल लाइफस्टाइल को महत्व:** जेन जी के युवाओं का इंटेंशनल लिविंग पर जोर रहेगा। डिजिटल शोर से दूर रहने के लिए जेन जी, पुरानी आदतों जैसे हाथ से पत्र लिखना और शांतिपूर्ण व्यक्तिगत स्थान बनाने की ओर झुकाव दिखाएगी। वर्क कल्चर भी इस तरह बदलेगा कि वे अब केवल सैलरी नहीं बल्कि मेंटल हेल्थ, फ्लेक्सिबल वर्क और अपने वैल्यूज के साथ मैच करने वाले काम को प्राथमिकता देंगे।

**सबसे जरूरी हेल्थ-वेलनेस:** बढ़ती मानसिक बीमारियों के बीच जेन जी के युवा फिजिकल से ज्यादा मेंटल हेल्थ को लेकर अवेयर रहेंगे। कुछ अध्ययन साबित करते हैं कि 92 प्रतिशत युवा कार्यस्थल और स्कूलों में मानसिक स्वास्थ्य पर खुलकर बात करना चाहेंगे। युवा ऐसे भोजन और पेय पदार्थों की मांग करेंगे, जो न केवल स्वाद दें, बल्कि तनाव कम करने और ब्रेन हेल्थ मेंटेन करने में मदद करें। योग के साथ-साथ 'ब्रीदिंग टेक्नीक' (सांस लेने की तकनीक) तनाव प्रबंधन के लिए एक बड़ा ट्रेंड बनेगा।




**टेक्नोफैशन का ट्रेंड:** जल्द ही 'व्हाइट लग्जरी' (शांत विलासिता) का दौर खत्म होगा और जेन जी बोल्ड कलर्स, चमकदार एक्सेसरीज और लेयर्ड ड्रेसेस को अपनाएंगे। युवाओं में विंटेज ब्लेजर, ओवरसाइज्ड टर्टलनेक और मैसेंजर बैग जैसे 'राइटर लुक' का चलन बढ़ेगा। ड्रेस बनाने में नए मैटीरियल आजमाए जाएंगे। जैसे प्लांट बेस्ड फैब्रिक्स और स्मार्ट टेक हुडीज। 'स्मार्ट टेक हुडी' एक ऐसी ड्रेस है, जिसमें नई तकनीक या स्मार्ट फैब्रिक को आराम और कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए शामिल किया जाता है, जो इसे सामान्य हुडी से अलग बनाता है। इन हुडीज में स्वास्थ्य की निगरानी करने वाले सेंसर या यात्रा के अनुकूल कई पॉकेट जैसी सुविधाएं हो सकती हैं। जैसे वियरेबल टेक्नोलॉजी के उपयोग से कुछ हाई-एंड स्मार्ट हुडीज में ऐसे सेंसर लगे होते हैं, जो बायोमेट्रिक और फिजिकल डेटा जैसे हृदय गति और तापमान को ट्रैक कर सकते हैं। ये अकसर ब्लूटूथ के माध्यम से स्मार्टफोन एप से जुड़ते हैं, जिससे उपयोगकर्ता अपनी फिटनेस मेट्रिक्स की निगरानी कर सकते हैं। या फिर टेक्निकल फैब्रिक्स इस्तेमाल होंगे। जैसे कई 'टेक' हुडीज फाइन फैब्रिक से बनाई जाती हैं, जिनमें नमी सोखने, दुर्गंध-रोधी और दाग-धब्बे हटाने जैसी विशेषताएं होती हैं। ये विशेष रूप से एथलीटों और यात्रियों के लिए डिजाइन की जाती हैं ताकि उन्हें पूरे दिन आरामदायक रखा जा सके। कुछ हुडीज को 'स्मार्ट' इसलिए कहा जाता है क्योंकि उनमें कई विशेष रूप से डिजाइन की गई पॉकेट्स होती हैं। कुछ कंपनियों की ट्रैवल हुडीज में 15 से अधिक पॉकेट्स होती हैं, जिनमें पासपोर्ट, पावर बैंक, धूप का चश्मा और पानी की बोतल रखने के लिए पॉकेट्स होते हैं।




**प्रोफेशन में मेंटल पीस को प्रायोरिटी:** आने वाले दिनों में जेन जी के लिए वर्क लाइफ बैलेंस और मानसिक स्वास्थ्य लाभ सर्वोच्च प्राथमिकता पर होंगे। लगभग 61 प्रतिशत जेन जी ऐसी नौकरी छोड़ने को तैयार होंगे, जो बेहतर मानसिक स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं देती हैं। केवल 23 प्रतिशत जेन जी ही पूरी तरह से रिमोट काम करना चाहेंगे, जबकि अधिकांश हाइब्रिड या ऑफिस में सहयोग को प्राथमिकता देंगे। एक अध्ययन के मुताबिक लगभग 44 प्रतिशत जेन जी उन नौकरी प्रस्तावों को अस्वीकार कर सकते हैं, जो उनके व्यक्तिगत मूल्यों या नैतिकता के खिलाफ होंगे। यह पीढ़ी जॉब सिक्योरिटी के लिए ब्लू-कॉलर जॉब्स में रुचि लेगी।

**टेक्नोलॉजी का पॉजिटिव यूज:** आने वाले दिनों में जेन जी ज्यादा जिम्मेदारी और समझ से तकनीक के उपयोग की तैयारी में है। जेन जी के युवा एआई को केवल एक टूल नहीं, बल्कि एक रचनात्मक साथी के रूप में देखेंगे। वे एआई द्वारा तैयार की गई तस्वीरों और वीडियो में पारदर्शिता की मांग करेंगे। टेक्नोलॉजी के यूज से खरीदारी का तरीका भी बदलेगा। *

## आ चुकी है नई पीढ़ी जेनरेशन बीटा



**जेन जी** के बारे में जानने के साथ यह जानना भी दिलचस्प है कि नेक्स्ट जनरेशन का उदय हो चुका है। 2025 से 2039 के बीच पैदा होने वाले बच्चों को 'जनरेशन बीटा' कहा जाएगा, जो जेन जी और जेन अल्फा के बाद की सबसे एडवांस जेनरेशन होगी। यह जेनरेशन तो एआई के साथ खेलते-जीते बड़ी होगी। उनका भविष्य आगामी वर्षों में होने वाली टेक्नो डेवलपमेंट पर डिपेंड करेगा।



# डीपफेक के मिसयूज से आपको रहना होगा कॉन्शस

तकनीक ने हमारे जीवन को जितना सुविधाजनक बनाया है, उसके दुरुपयोग ने कई खतरे भी बढ़ाए हैं। डीपफेक तकनीक का मिसयूज भी इन खतरों में से एक है। इससे बचने के लिए हम सभी का कॉन्शस रहकर तकनीक का यूज करना जरूरी हो गया है।

अवेयरनेस

डॉ. मोनिका शर्मा

किसी के भी चेहरे को लेकर एआई जनरेटेड कंटेंट बनाने की नकारात्मक प्रवृत्ति अब खूब देखने को मिल रही है। तकनीक के दुरुपयोग की यह मानसिकता व्यक्तिगत रूप से किसी इंसान की साख खराब करने के साथ ही आपराधिक घटनाओं का भी कारण बन रही है।

**किए जा रहे हैं रोकने के प्रयास:** डीपफेक के मिसयूज पर लगाम लगाने के लिए पिछले महीने लोकसभा में रेग्युलेशन बिल पेश किया गया। इस बिल का उद्देश्य लोगों के चेहरे का गलत तरीके से इस्तेमाल करने पर लगाम लगाना है। इस बिल में किसी भी एआई जेनरेटेड सामग्री को इंटरनेट पर डालने से पहले उस व्यक्ति की अनुमति लेनी जरूरी होगी। साथ ही एआई जेनरेटेड कंटेंट के गलत इस्तेमाल को लेकर जुर्माने और सजा का प्रावधान किया जाएगा। तकनीक के गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए अत्याधुनिक टेक्निकल टूल्स और कानून के साथ सेल्फ रेगुलेशन भी जरूरी है।



**तकनीक का करते हैं मिसयूज:** डीपफेक टेक्नीक के जरिए किसी फोटो में दूसरे का चेहरा लगाया जा सकता है। किसी वीडियो में दूसरी आवाज सेट कर दी जाती है। फेक चेहरा लगाने के बावजूद बिल्कुल असली लगने वाली इस एडिटिंग को मशीन लर्निंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से अंजाम दिया जाता है। रीयल लगने वाले ऐसे फेक वीडियो और ऑडियो को विशेष सॉफ्टवेयर की मदद से तैयार करने का खेल किसी भी इंसान की छवि बिगाड़ सकता है। इसमें ना केवल तस्वीर बिल्कुल असली लगती है, बल्कि वॉयस क्लोनिंग के माध्यम से आवाज भी हूबहू कॉपी की जा सकती है। इस तरह डीपफेक तकनीक के जरिए तैयार किए गए फेक कंटेंट का इस्तेमाल फाइनेंशियल और दूसरे कई तरह की धोखाधड़ी, सेलिब्रिटी पोर्नोग्राफी, पर्सनल या सोशल दुष्प्रचार, पहचान की चोरी जैसे गलत उद्देश्यों के लिए किए जाने के मामले सामने आए हैं। फोटो मॉर्फिंग कर एकदम रीयल लगने वाली अश्लील तस्वीरें बनाने से लेकर वीडियो में किसी और की आवाज कॉपी कर कुप्रचार करने तक अनगिनत खतरे हमारे सामने हैं। ऐसे में डीपफेक तकनीक से जुड़े खतरों का सामना करने के लिए आम यूजर्स में आत्मनियमन का भाव जरूरी है। तस्वीर हो या वीडियो, अपने जीवन का हर पहलू सोशल मीडिया में साझा करने से पहले सोचना जरूरी है। शेयर की जा रही सामग्री के बढ़ते दुरुपयोग पर लगाम लगाने में खुद यूजर्स की समझदारी भी मददगार बन सकती है।

**कंटेंट शेयरिंग में समझदारी:** किसी जमाने में पब्लिक प्लेटफॉर्म्स पर केवल चर्चित चेहरों के फोटो और वीडियो ही मौजूद होते थे। फिल्म, राजनीति या खेल की दुनिया के जाने-माने लोगों की आवाज या तस्वीरें ही वर्चुअल मंचों पर मिला करती थीं। स्मार्ट गैजेट्स की बढ़ती दखल के मौजूदा दौर में स्थितियां बदल गई हैं। सोशल मीडिया के बहुत से प्लेटफॉर्म्स पर चर्चित चेहरों के ही नहीं आम लोगों के भी आडियो, वीडियो और फोटोज मौजूद होते हैं। ऐसे में आम लोग भी तकनीक का दुरुपयोग करने वाले लोगों की विकृत मानसिकता के शिकार बन रहे हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक ने आम और खास हर इंसान की चिंताएं भी बढ़ा दी हैं। आए दिन एआई टेक्निक के दुरुपयोग के मामले सामने आ रहे हैं। न केवल डीपफेक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किए जा रहे हैं बल्कि नेगेटिव न्यूज, ऑडियो-वीडियो और अश्लील तस्वीरें फैलाने का काम भी किया जा रहा है। 2019 एआई फर्म डीपट्रेस ने इंटरनेट पर 15 हजार डीपफेक वीडियो का पता लगाया था। जिनमें 96 फीसदी पोर्नोग्राफी से जुड़े थे। समझना मुश्किल नहीं कि बीते छह-सात वर्ष में तकनीकी एडवांसमेंट भी बढ़ा है और आम लोगों द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर साझा किया जा रहा कंटेंट भी। ऐसे में फेक कंटेंट तैयार करने के मामलों में भी इजाफा हुआ है। जरूरी है कि यूजर पर्सनल कंटेंट शेयर करने में सतर्कता बरते। *



गजल

कृष्णा बिहारी

## तुम्हारी सोहबत में

बड़ी खुशबू मिली हमको तुम्हारी सोहबत में,
जड़ों से जुड़ गए देखो तुम्हारी सोहबत में।

मेरे कदमों की आहट गली भी जानती है,
उसे भी मिल रही शोहरत तुम्हारी सोहबत में।

सफर में मुश्किलें तो थीं मगर था हौसला भी,
सितारों तक पहुंच पाया तुम्हारी सोहबत में।


सादगी में कब ढंका है रूप का दरिया मगर,
आइने में उतर आया तुम्हारी सोहबत में।

जमाना भी कहां जाने ये किसकी ताकत है,
हिमालय तक उठा लाया तुम्हारी सोहबत में।

तपी थी दोपहर फिर भी मुकद्दर से मिली हमको
मुसीबत में घनी छाया तुम्हारी सोहबत में।

व्यंग्य / अशोक वाधवानी

# जीने के लिए खाना या खाने के लिए जीना



अमूमन मनुष्य कोई काम-धंधा करे या फिर नौकरी, यह कहना नहीं भूलता कि 'पापी पेट के लिए ये सब करना पड़ता है!' जबकि सच्चाई यह है कि पेट के लिए मनुष्य मुश्किल से 20-25 प्रतिशत ही खर्च करता है। बाकी आवश्यकताओं पर पेट से ज्यादा खर्च करना पड़ता है। ये और बात है कि इस तथ्य को लोग अपनी सहूलियत अनुसार सिरे से नकार देते हैं। खाने-पीने वालों की दो प्रजातियां पाई जाती हैं। पहले, जीवन जीने के लिए जितना जरूरी है, उतना ही नाप-तौल कर, ठोक-बजाकर खाते हैं। दूसरे, जो जी में आए, जब जी चाहे, जैसा भी मिले सहर्ष स्वीकारते हैं। शान से बताते हैं कि वे 'खाते-पीते' परिवार वाले हैं। उनका तर्क होता है कि जब तक जान है, हर तरह के खाद्य पदार्थों को चखना चाहिए। ऐसे लोग जिस तरह से हर खाने-पीने की चीजों को पेट के सुपुर्द करते हैं, उससे लगता है कि धरती पर खाने-पीने के लिए ही जन्मे हैं। अर्थात इन लोगों को दिन-रात खाने-पीने की ही चिंता सताती है। जीने के लिए जितना जरूरी है उतना खाने-पीने वाले लोग भी, कभी-कभार आकर्षक व्यंजनों को देखकर 'पिघल' जाते हैं। ऐसे लोग विवाह समारोह आदि जगहों पर इस कठोर नियम को अपनी सुविधा के लिए 'शिथिल' कर देते हैं, जिस तरह उड़ते पतंग को इच्छानुसार ढील दी जाती है। कई 'चटोरे-चटोरियां' पेट को प्रयोगशाला मानकर, हर तरह के सलाद, नमकीन, खट्टा, मीठा, तीखा, फीका, फल। सब कुछ एक के बाद एक पेट को अर्पण-समर्पण करते जाते हैं।


कुछ लोगों का नियम होता है कि सांझ ढलने के बाद दही, छाछ छूते नहीं हैं। अचार खाना तो दूर की बात है। ऐसे लोग इन बातों को नजरअंदाज करके इन जगहों पर ऐसी चीजों का भी स्वादानुसार सेवन करते हैं। मधुमेह वाले मजबूरन सिर्फ फीकी चाय पीना अनिवार्य समझते हैं। या फिर स्वाद के लिए 'शुगर फ्री' गोलियां डालकर पीते हैं। ऐसे लोग भी यहां आकर मीठी चीजें बड़े चाव से चखते हैं। किसी ने इस बाबत रोका-टोका तो खिसियाते हैं। खुलकर, बहाना बनाते कहते हैं, 'फलां व्यक्ति ने आग्रहपूर्वक जबरदस्ती प्लेट में डाल दिया है, वर्ना आप तो जानते ही हैं कि ये सब वर्जित है मेरे लिए।'

कइयों की दृष्टि में फल खाने का सही समय सुबह खाली पेट है। ज्यादा से ज्यादा नाश्ते या दोपहर के भोजन के पहले/बाद में फल खाना स्वास्थ्य के लिए हितकारक बताते हैं। ऐसों में से कुछ को रात के समारोह में तरह-तरह के फल खाते हुए देख सकते हैं। समारोह में घुसते ही कुछ लोग सारे स्टॉल पर नजरें दौड़ाकर सुनिश्चित करते हैं कि कौन-सा खाद्य पदार्थ 'टेस्टी' होगा। देखने के बाद तय करते हैं कि पहले, बीच में और अंत में क्या खाना श्रेयस्कर होगा?

जल्दी पहुंचने वाले कुछ रायता पहले ही खा लेते हैं। उन्हें पता होता है कि थोड़ी देर कर दी तो रायते को 'पतला' होने से कोई रोक नहीं सकता है। ऐसे समारोहों में पानी पूरी के स्टाल पर भारी भीड़ देखने को मिलती है। ऐसा प्रतीत होता है कि पानी पूरी दुनिया में अब कहीं और नहीं मिलेगा। बच्चों से लेकर बड़े बुजुर्ग, स्त्री-पुरुष सभी हाथ में 'कटोरी' लिए हुए छीना-झपटी करते हुए दिखते हैं। कुछ अपनी बारी की प्रतीक्षा बड़ी बेसब्री से करते रहते हैं।

ऐसे ही एक कार्यक्रम में मुझसे चटोरेमल टकरा गए। उन्होंने अपने खाद्य ज्ञान की कई बातें बताईं। जैसे वे सबसे पहले आइसक्रीम खाते हैं। उसके बाद हल्का-फुल्का नाश्ता करके फिर आइसक्रीम खाना अपना कर्तव्य समझते हैं। भोजन बाद 'कार्यक्रम' समाप्ति की घोषणा अंतिम बार आइसक्रीम खाकर ही करते हैं। उन्होंने एक पते की बात बताई कि शौकीन होने पर भी आइसक्रीम कभी खरीदकर खाना जरूरी नहीं समझा।

मानव के रूप में कोई महामानव भी मिल सकते हैं जो कि पेट को 'पीड़ा' पहुंचाना नहीं चाहते हैं। इस तरह के उंगलियों पर गिने जाने वाले कुछ जापानी पद्धति 'हारा हचिबू' पर अमल करते हुए भूख से कम ही खाते हैं ताकि वे सदा चुस्त, दुरुस्त, तंदुरुस्त रहें। ऊंट के मुंह में जीरा समान ऐसे लोगों की थाली में सिर्फ दाल और चावल दिखता है। वे सब्जी तक नहीं खाते। ये महानुभाव दाल, चावल में ही संतुष्ट होते हैं। हालांकि ऐसी प्रजाति के लोग कम ही पाए जाते हैं। *



लघुकथा / सिराज अहमद

# उड़ान

काफी देर तक होमवर्क करते हुए सोहन बहुत थक और ऊब चुका था। मन बोझिल हुआ तो उसने कॉपी का पिछला पन्ना फाड़ा और अपनी कल्पनाओं को कागज पर उकेरने लगा। देखते ही देखते उसने उसमें रंग भरे और एक प्यारा सा कागज का हवाई जहाज तैयार कर लिया। जैसे ही उसने जहाज उड़ाने के लिए हाथ ऊपर उठाया, तभी कमरे में उसके पापा ने प्रवेश किया। हाथों में खिलौना देख पापा का पारा चढ़ गया। उन्होंने सोहन को जोर से डांटा और होमवर्क पूरा करने का आदेश देकर चले गए। सोहन सहम गया। थके हुए शरीर और बेमन से उसने अपना बचा हुआ होमवर्क पूरा किया। रात होने पर सोहन को खाना खिलाकर सुला दिया गया, क्योंकि सुबह स्कूल जाने के लिए जल्दी उठना था। देर रात जब पापा कमरे में आए, तो उनकी नजर सोहन के बेड के नीचे पड़े उसी कागज के हवाई जहाज पर पड़ी। उन्होंने झुककर उसे उठाया और गौर से देखा, तो उनकी आंखें सुखद आश्चर्य से भर गईं। वो महज एक खिलौना नहीं, कला का एक सुंदर नमूना था। एक सादे से पन्ने में सोहन ने रचनात्मकता के रंग भर दिए थे। उन्हें लगा कि यह केवल एक खिलौना नहीं, नन्हे कलाकार की उड़ान है। *

विज्ञापन...

इंजेक्शन की नवीन तकनीक से स्पाइन रोगों का उपचार

सर्जरी के बिना ही सिर्फ इंजेक्शन तकनीक के जरिये स्पाइन (रीढ़) रोगों का बेहतर और विश्वसनीय उपचार विश्वविख्यात डॉ. प्रमोद पहारिया द्वारा ग्वालियर में हो रहा है। आईये जानते हैं इस तकनीक के असाधारण लाभ–


केन्द्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जी से स्पाइन के श्रेत्र में विशेष योगदान के लिए डॉ प्रमोद पहारिया अवार्ड प्राप्त करते हुए।

इस ट्रीटमेंट की कितनी बार आवश्यकता होती है?
सिर्फ एक ही बार पर्याप्त है।

सर्जरी की अपेक्षा इस तकनीक के क्या फायदे हैं?
सर्जरी के दौरान पैरालिसिस, पैलाप्लेजिया, ब्लैडर एवं बोवेल के कंट्रोल में क्षति, पैरों में कमजोरी, इंफेक्शन, इंप्लांट फैलियर जैसे जो कॉम्पिलकेशन देखने को मिलते हैं, वैसा इसमें खतरा नहीं है।

किन मरीजों का इलाज इस तकनीक से संभव है?
डिस्क प्रोलेप्स जैसे L4-L5, L5-S1, साइटिका, लंबर या सर्वाइकल रेडीक्युलोपैथी, डिजरनेरेटिव डिस्क, फैसिट जॉइन्ट सिंड्रोम, माइलोपैथी, लंबर कैनाल स्टेनोसिस, स्पॉन्डिलाइटिस आदि में कारगर है।

जो रोगी ऑपरेशन करवा चुके हैं उसमें भी यह कारगर है ?
यदि ऑपरेशन के बाद दबाव बना रहता या दोबारा दबाव आ जाता है तो उसमें भी यह तकनीकी कारगर है।

किस उम्र के लिये यह चिकित्सा है?
15 से 85 वर्ष के मरीजों के लिये।

एक डिस्क लेवल के ट्रीटमेंट में कितना खर्च आता है?
स्पाइन सर्जरी में जहां 3 लाख तक का खर्चा आता है वहीं यह उपचार मात्र 20000 तक में हो जाता है। विदेशों में इसका खर्च 50 गुना तक है।

कितने समय में रोगी घर जा सकता है?
एक घण्टे बाद ही घर जा सकता है। जबकि सर्जरी में 3 माह तक रोगी को अपने काम से अलग रहकर आर्थिक क्षति उठाना पड़ती है।

इस ट्रीटमेंट की सफलता की दर कितनी है?
90 से 95% सफल है। अब तक लगभग 7,500 मरीज हमेशा के लिए ठीक हो चुके हैं। यह इंजेक्शन प्रॉब्लम साइट में लगाया जाता है।

इस ट्रीटमेंट का असर कब तक रहता है?
इसमें जड़ से इलाज होता है।

क्या यह स्टेरॉइड इंजेक्शन है?
नहीं, यह एक भ्रम है। यह एक सेफ अमेरिकन प्रोसीजर है, जो एक **विशेष मशीन** की निगरानी में किया जाता है।

NBC@.

डॉ. प्रमोद पहारिया
स्पाइन सर्जन
MBBS, D.Ortho, DNB, M.Ch. (Ortho)
पूर्व सर्जन– सर गंगाराम हॉस्पिटल एवं इंडियन स्पाइनल इंज्यूरी सेन्टर, नई दिल्ली

देहली हॉस्पीटल, ओल्ड श्री टॉकीज, बारादरी, मुरार, ग्वालियर (म.प्र.)
समय: दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक
व्हाट्सएप पर रिपोर्ट भेजकर ही संपर्क करें
सम्पर्क – 7354858466 | www.nonsurgicalspinecentre.in

# ऑस्ट्रेलियाई ओपन: रिकॉर्ड बनाने से बस एक कदम दूर वीनस

एजेंसी ▸▸| मेलबर्न

वीनस विलियम्स 45 वर्ष की उम्र में ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में नया रिकार्ड बनाने के लिए तैयार हैं। अमेरिका की यह स्टार खिलाड़ी रविवार को कोर्ट पर उतरते ही वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के महिला एकल में खेलने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन जाएगी। उन्हें इस बात का अहसास तब तक नहीं हुआ जब तक कि उन्हें पांच साल में पहली बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन में खेलने के लिए वाइल्ड कार्ड से प्रवेश नहीं मिला। वीनस जापान की किमिको दाते का रिकॉर्ड तोड़ेगी, जिन्होंने 44 साल की उम्र में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भाग लिया था।



## पहली बार 1998 में लिया था हिस्सा


वीनस ने कहा, 'जब तक यह खबर मीडिया में नहीं आई, मैंने इसके बारे में सोचा भी नहीं था। मेरे लिए यह बहुत खुशी की बात है।' मीडिया से बात करने के बाद वह सभागार से बाहर निकलीं और अपने पति एंड्रिया प्रीटी के हाथ में हाथ डालकर एक गलियारे से होते हुए खिलाड़ियों के क्षेत्र में वापस चली गईं। उन्होंने इससे पहले 2021 में आखिरी और कुल 21वीं बार मेलबर्न पार्क में प्रतिस्पर्धा की थी। वीनस जब 17 साल की थीं तब उन्होंने पहली बार 1998 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में हिस्सा लिया था और क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रही थी। मेलबर्न पार्क की अपनी पहली यात्रा के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, 'वह खूबसूरत समय था, क्योंकि मुझे बहुत सी चीजों के बारे में पता नहीं था। लेकिन न जानने का एक बड़ा फायदा यह है कि इससे आपको नए सिरे से शुरुआत करने का मौका मिलता है। मुझे बहुत कुछ सीखना था और फिर मैंने वह सब सीख लिया।'

# 25वें खिताब की ओर जोकोविच, अल्काराज और सिनर बड़ी चुनौती

एजेंसी ▸▸| मेलबर्न

नोवाक जोकोविच को अब भी पूरा भरोसा है कि वह अपना 25वां एकल ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने में सफल रहेंगे और उन्हें उम्मीद है कि रविवार से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में वह कार्लोस अल्काराज और यानिक सिनर की कड़ी चुनौती से पार पाने में सफल रहेंगे।

जोकोविच पिछले साल चारों ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे थे लेकिन वह अल्काराज और सिनर की चुनौती से पार पाने में असफल रहे थे। वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में एक बार फिर से यह दोनों युवा खिलाड़ी उनकी राह में सबसे बड़ी बाधा बन सकते हैं। जोकोविच ने कहा, '2025 में मैंने सिनर या अल्काराज़ के खिलाफ खेले गए चार



ग्रैंड स्लैम मैच में से तीन में हार का सामना किया।' उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, 'हमें उनकी ज्यादा तारीफ करने की जरूरत नहीं है। उनकी तारीफ पहले ही काफी हो चुकी है। हम जानते हैं कि वे कितने अच्छे खिलाड़ी हैं। वे उस मुकाम के हकदार हैं, जहां वे अभी हैं। वे इस समय पुरुष टेनिस में सबसे मजबूत खिलाड़ी हैं।' जोकोविच अपने 25वें ग्रैंड स्लैम एकल खिताब की तलाश में तीसरा सत्र शुरू कर रहे हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के लिए अपने दृष्टिकोण में थोड़ा बदलाव किया है। उन्होंने अपने एकमात्र निर्धारित अभ्यास टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया, क्योंकि वह युवा खिलाड़ियों का सामना करने के लिए पूरी तरह से फिट रहना चाहते हैं।

## खबर संक्षेप



### एशियाई मुक्केबाजी परिषद के सदस्य बने विजेंदर

**नई दिल्ली।** मुक्केबाज विजेंदर सिंह को एशियाई मुक्केबाजी परिषद में सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है, जो एक शीर्ष खिलाड़ी से वैश्विक खेल प्रशासक बनने के उनके सफर में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है। विजेंदर भारत के पहले ओलंपिक मुक्केबाज हैं, जिनके पास एमेच्योर और पेशेवर मुक्केबाजी दोनों में खेल के सर्वोच्च स्तर पर खेलने का लगभग दो दशकों का अनुभव है। एशियाई मुक्केबाजी परिषद में उनकी नियुक्ति खेल की उनकी गहरी समझ और पूरे महाद्वीप में इसके विकास के प्रति उनकी निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है। विजेंदर ने कहा, 'एशियाई मुक्केबाजी परिषद के सदस्य के रूप में नियुक्त होने पर मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं।

### पूर्व बल्लेबाज मार्टिन अस्पताल से पहुंचे घर



**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज डेमियन मार्टिन को मेनिन्जाइटिस से उबरने के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। मार्टिन 27 दिसंबर 2025 को बीमार पड़ गए थे और उन्हें गहन चिकित्सा इकाई में कृत्रिम कोमा में रखना पड़ा था, लेकिन जनवरी के पहले सप्ताह में उनमें सुधार के लक्षण दिखाई देने लगे थे। लेकिन अब वह इस मुश्किल दौर से बाहर निकल आए हैं और उन्होंने अपने शुभचिंतकों का आभार व्यक्त किया। मार्टिन ने एक्स पर लिखा, 'वर्ष 2026 का स्वागत है। मैं अस्पताल से घर आ गया हूं। मैं उन सभी लोगों का आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने इस दौरान मेरा और मेरे परिवार का साथ दिया।' उन्होंने कहा, 'इस अनुभव से मुझे पता चला कि जीवन कितना क्षणभंगुर है। सब कुछ कितनी जल्दी बदल सकता है और समय कितना अमूल्य है।' मार्टिन ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 67 टेस्ट, 208 वनडे और चार टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं।

### क्वार्टर फाइनल में हारे चोटरानी



**नई दिल्ली।** भारत के वीर चोटरानी अमेरिका के क्लीवलैंड में चल रहे स्क्वाश इन द लैंड 2026 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में मैक्सिको के दूसरी वरीयता प्राप्त लियोनेल कार्डेनास से हार गए। भारतीय खिलाड़ी ने अच्छा प्रदर्शन किया। विश्व रैंकिंग में 52वें स्थान पर काबिज चोटरानी ने इस पीएसए रजत स्तर के टूर्नामेंट के मैच में दूसरे और तीसरे गेम में अपने प्रतिद्वंद्वी को कड़ी चुनौती दी। उन्होंने विश्व के नंबर 13 खिलाड़ी के खिलाफ अपने आक्रामक खेल का अच्छा प्रदर्शन किया और खेले गए मैच में कार्डेनास पर दबाव बनाया।

## अंडर19 वर्ल्ड कप 2026 : सूर्यवंशी ने 67 गेंदों में 72 रन बनाए

# 14 साल की उम्र में वैभव के नाम वर्ल्ड रिकॉर्ड बांग्लादेश के खिलाफ फिफ्टी ठोक रचा इतिहास

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारत के वैभव सूर्यवंशी ने 17 जनवरी को इतिहास रच दिया। वह 15 साल के होने से पहले अंडर19 वर्ल्ड कप में हाफ सेंचुरी बनाने वाले दुनिया के पहले क्रिकेटर बन गए हैं। बिहार के बाएं हाथ के बल्लेबाज सूर्यवंशी ने बांग्लादेश के खिलाफ अंडर19 वर्ल्ड कप 2026 के अपने दूसरे ग्रुप ए मैच में भारत के लिए फिफ्टी लगाई। उन्होंने 67 गेंदों में 72 रन बनाए। उन्होंने 14 साल और 296 दिन की उम्र में हाफ सेंचुरी लगाई।

### सूर्यवंशी ने 30 गेंदों में लगाई फिफ्टी

वैभव को 30 गेंदों में अपने 50 रन पूरे किए। उन्होंने 13वें ओवर की छठी गेंद पर एक रन लेकर 50 रन का आंकड़ा छुआ। इस टूर्नामेंट में अमेरिका के खलिाफ भारत के पहले मैच में सूर्यवंशी बैटिंग से प्रभावित नहीं कर पाए थे। उन्होंने 108 रन के चेज में आयुष म्हात्रे के साथ पारी की शुरुआत की, लेकिन 4 गेंदों में सिर्फ 2 रन ही बना पाए। बारिश से प्रभावित इस मैच में सूर्यवंशी को रन चेज के तीसरे ओवर की दूसरी गेंद पर ऋत्विक अप्पिडी ने पवेलियन भेज दिया।



### अंडर19 वर्ल्ड कप मैच खेलने वाले सबसे कम उम्र के क्रिकेटर

*वैभव अंडर19 वर्ल्ड कप मैच खेलने वाले सबसे कम उम्र के क्रिकेटर (14 साल, 294 दिन) बनकर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करा लिया। उन्होंने कनाडा के बैट्समैन नीतीश कुमार का रिकॉर्ड तोड़ा। नीतीश 15 साल और 245 दिन के थे, जब उन्होंने 15 जनवरी 2010 को क्राइस्टचर्च में ज़िम्बाब्वे के खिलाफ कनाडा के लिए अपना पहला अंडर19 वर्ल्ड कप मैच खेला था। यूएसए के खिलाफ मैच में वैभव ने एक विकेट भी लिया।*

### सूर्यवंशी ने कोहली को छोड़ा पीछे

भारत की तरफ से यूथ वनडे में वैभव सूर्यवंशी ने सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया है। कोहली ने अपने यूथ वनडे करियर में कुल 28 मुकाबलों की 25 पारियों में बल्लेबाजी करते हुए 46.57 के बेहतरीन औसत के साथ कुल 978 रन बनाए थे। वहीं वैभव ने 20 पारियों में 50 से अधिक के औसत के साथ यूथ वनडे में अपने 1000 रनों का आंकड़ा पूरा कर लिया है। वह कोहली से भी आगे निकल गए हैं। वैभव भारत की तरफ से यूथ वनडे में सबसे कम पारियों में एक हजार रनों का आंकड़ा पूरा करने के मामले में तीसरे सबसे तेज भारतीय बने हैं, जिसमें उनसे तेज सिर्फ शुभमन गिल 13 पारियों में तो वहीं उनमुक्त चंद ने 17 पारियों में ये कारनामा किया था। वहीं यूथ वनडे में हजार रन पूरे करने वाले वैभव 7वें भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं।

### नो हैंडशेक नीति पर चले म्हात्रे बांग्लदोशी कप्तान को किया अनदेखा



बुलावायो। भारत और बांग्लादेश के बीच तनावपूर्ण द्विपक्षीय संबंधों का असर क्रिकेट के मैदान पर भी दिखा क्योंकि शनिवार को आईसीसी अंडर-19 विश्व कप ग्रुप ए मैच से पहले दोनों टीमों के कप्तानों ने परंपरा के अनुसार हाथ नहीं मिलाए। बारिश के कारण मैच देरी से शुरू होने के बाद भारत के कप्तान आयुष म्हात्रे और बांग्लादेश के उप कप्तान जवाद अबरार टॉस के लिए आए थे। लेकिन सिक्का उछालने से पहले या बाद में उन्होंने हाथ नहीं मिलाया। हालांकि दोनों टीमों ने अभी तक इस घटना के बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है।

#### एशिया कप से चल रही नीति

गौरतलब है कि पिछले साल एशिया कप से भारत और पाकिस्तान के बीच हाथ नहीं मिलाने की नीति चल रही है जो पहलगाम नरसंहार के बाद शुरू हुई थी। हाल के दिनों में भारत और बांग्लादेश के बीच राजनीतिक और क्रिकेट संबंध काफी खराब हुए हैं। हाल के दिनों में पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों पर कथित अत्याचार के विरोध में भारत के विभिन्न हिस्सों में बांग्लादेश विरोधी कई रैलियां आयोजित की गईं।

## डब्ल्यूपीएल

# यूपी वॉरियर्स ने 3 दिन में दूसरी बार मुंबई इंडियंस को हराया

लैनिंग और लिचफील्ड के अर्धशतक



एजेंसी ▸▸| नवी मुंबई


यूपी वॉरियर्स ने कप्तान मेग लैनिंग (70 रन) और फीबी लिचफील्ड (61) के अर्धशतकों और दूसरे विकेट के लिए 119 रन की साझेदारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से शनिवार को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) मैच में गत चैंपियन मुंबई इंडियंस को 22 रन से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। दोनों टीम तीन दिन में दूसरी बार आमने सामने हुईं। दोनों ही बार यूपी वॉरियर्स ने मुंबई इंडियंस को पराजित किया। लैनिंग की अगुआई वाली यूपी वॉरियर्स ने आठ विकेट पर 187 रन बनाए। इसके जवाब में मुंबई इंडियंस 20 ओवर में छह विकेट पर 165 रन ही बना सकी। मुंबई इंडियंस की आधी टीम 11वें ओवर में 69 रन के स्कोर पर पवेलियन लौट चुकी थी। इसके बाद अमेलिया केर (नाबाद 49 रन) और अमनजोत कौर (41 रन) ने मिलकर छठे विकेट के लिए 45 गेंद में 83 रन की भागीदारी की। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। यूपी वॉरियर्स ने पिछले मैच में मुंबई इंडियंस को सात विकेट से हराकर खाता खोला था।

### दोनों टीमों के पांच मैच में चार-चार अंक

दोनों टीमों के पांच मैच में चार-चार अंक हैं। यूपी वॉरियर्स के लिए शिखा पांडे ने 30 रन देकर दो विकेट झटके जबकि क्रांति गौड़, दीप्ति शर्मा, सोफी एक्लेस्टोन और क्लो ट्रायोन को एक एक विकेट मिला। मुंबई इंडियंस के लिए कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 18 रन, नटाली साइवर ब्रंट ने 15, हैली मैथ्यूज ने 13 रन और सजीवन सजना ने 10 रन बनाए। इससे पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद सलामी बल्लेबाज किरण नवगिरे लगातार पांचवें मैच में असफल रहीं और पहले ही ओवर में निकोला कैरी की गेंद पर बोल्ड हो गईं।

## ऑकलैंड ओपन

# मेनसिक ने किया तीखी सर्विस का शानदार नजारा पेश, जीता खिताब



एजेंसी ▸▸| ऑकलैंड

तीसरी वरीयता प्राप्त जैकब मेनसिक ने अपनी तीखी सर्विस का शानदार नजारा पेश करते हुए सेबेस्टियन बाएज को सीधे सेटों में हराकर ऑकलैंड ओपन एटीपी 250 टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। विश्व रैंकिंग में 18वें स्थान पर काबिज मेनसिक ने फाइनल में 6-3, 7-6 (7) से जीत हासिल करने के लिए 18 ऐस लगाए। चेक गणराज्य के इस 20 वर्षीय खिलाड़ी ने दूसरे सेट के टाईब्रेक में तीन सेट प्वाइंट बचाकर अपना दूसरा एटीपी टूर खिताब जीता। अब वह ऑस्ट्रेलियाई ओपन में हिस्सा लेंगे, जहां पहले दौर में उनका मुकाबला स्पेन के पाब्लो कैरेनो बुस्टा से होगा।

# पुणे ग्रैंड टूर में भारत उतारेगा सबसे बड़ा दल

**पुणे।** भारत सोमवार से शुरू हो रही बजाज पुणे ग्रैंड टूर पर पहली बार यूसीआई 2.2 'मल्टी स्टेज रोड रेस' की मेजबानी करेगा, जिससे देश के साइकिलिस्टों को ओलंपिक क्वालीफिकेशन के लिए अहम अंक मिलेंगे। भारत इस पांच-दिवसीय प्रतियोगिता में 12 चालकों का अपना अब तक का सबसे बड़ा दल उतारेगा (जिसे भारत की राष्ट्रीय टीम और भारतीय डेवलपमेंट टीम में बांटा गया है)। यह प्रतियोगिता 23 जनवरी तक चलेगी और लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक खेलों के लिए क्वालिफिकेशन की राह में यह एक महत्वपूर्ण कदम होगा। रेस की शुरुआत गुडलक चौक पर 7.5 किमी के प्रोलॉग से होगी, जो जनरल क्लासिफिकेशन में शुरुआती पोजिशन तय करेगा। इसके बाद पुणे और पश्चिमी घाट में चार चरण की मुश्किल परीक्षा होगी। 20 जनवरी को पहले चरण में 87.2 किमी मुलशी-मावल माइल्स और दूसरे चरण में 105.3 किमी मराठा हेरिटेज सर्किट रेस शामिल होगी। फिर 22 जनवरी को 'वेस्टर्न घाट गेटवे' चरण होगा और रेस का समापन 95 किमी पुणे प्राइड लूप से होगा।

# एसए20 : एमआई केपटाउन ने सनराइजर्स को हराया, प्लेऑफ की उम्मीदें बरकरार

एजेंसी ▸▸| केपटाउन

मौजूदा चैंपियन एमआई केपटाउन ने सनराइजर्स ईस्टर्न केप को तीन विकेट से हराकर एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट के प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीद बरकरार रखी। सनराइजर्स (24 अंक), पार्ल रॉयल्स (24 अंक) और प्रिटोरिया कैपिटल्स (20 अंक) पहले ही प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं। एमआई केपटाउन के 14 अंक हैं।

एमआई केपटाउन ने मैच में पहली गेंद से ही अपना दबदबा बना दिया था। ट्रेंट बोल्ट ने पारी की पहली ही गेंद पर शानदार फॉर्म में चल रहे क्विंटन डी कॉक को आउट कर दिया। सनराइजर्स इससे आखिर तक नहीं उबर पाया और उसकी टीम 9 विकेट पर 139 रन ही बना पाई।



### यानसन ने खेली शानदार पारी

सनराइजर्स की तरफ से ऑलराउंडर मार्को यानसन ने 23 गेंदों में 42 रन बनाए, जिसमें चार छक्के और तीन चौके शामिल हैं। एमआई केपटाउन के लिए बोल्ट ने 28 रन देकर तीन और कॉर्बिन बॉश ने 34 रन देकर चार विकेट लिए। एमआई केपटाउन ने 19.2 ओवर में सात विकेट पर 140 रन बनाकर जीत हासिल की। यानसन ने गेंदबाजी में भी कमाल दिखाते हुए 23 रन देकर दो विकेट लिए लेकिन एमआई केपटाउन नियमित अंतराल में विकेट गंवाने के बावजूद लक्ष्य हासिल करने में सफल रहा।

## एडिलेड इंटरनेशनल

# 18 साल की मीरा एंड्रीवा ने लगातार जीते 9 गेम, खिताब पर किया कब्जा



एजेंसी ▸▸| एडिलेड

तीसरी वरीयता प्राप्त मीरा एंड्रीवा ने शुरू में 0-3 से पिछड़ने के बावजूद शानदार वापसी करते हुए लगातार नौ गेम जीतकर एडिलेड इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में विक्टोरिया एमबोको को 6-3, 6-1 से हरा दिया। यह मुकाबला डब्ल्यूटीए टूर की रैंकिंग में शीर्ष 20 में शामिल लेकिन 20 वर्ष से कम उम्र की खिलाड़ियों के बीच था। एंड्रीवा 18 वर्ष और एमबोको 19 वर्ष की हैं। कनाडा की खिलाड़ी एमबोको ने पहले सेट में 3-0 की बढ़त बना ली थी, लेकिन इसके बाद एंड्रीवा ने उनकी एक नहीं चलने दी और आसानी से मैच अपने नाम करके अपना पांचवां डब्ल्यूटीए खिताब जीता।

## आज दोपहर 1.30 बजे से तीसरे वनडे में भारत और न्यूजीलैंड का मुकाबला

# घरेलू मैदान पर दबदबा कायम रखने उतरेगा भारत

एजेंसी ▸▸| इंदौर

अब तक घरेलू धरती पर वनडे में शानदार रिकार्ड रखने वाले भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला जीतने के लिए रविवार को होने वाले तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। न्यूजीलैंड की टीम की निगाह भी श्रृंखला जीतकर इतिहास रचने पर होगी। तीन मैचों की श्रृंखला अभी 1-1 से बराबर है। मार्च 2019 के बाद से भारत ने अपने घरेलू मैदान पर कोई द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला नहीं हारी है। तब ऑस्ट्रेलिया ने 0-2 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए श्रृंखला 3-2 से जीती थी लेकिन अब यह रिकॉर्ड दांव पर लगा है। न्यूजीलैंड के लिए भी यह मैच काफी महत्वपूर्ण है। उसकी टीम ने 1989 से द्विपक्षीय वनडे मैचों के लिए भारत का दौरा किया है, लेकिन यहां कभी भी श्रृंखला नहीं जीती है। इस इंतजार को खत्म करने का यह उसके पास संभवतः सबसे अच्छा अवसर है।



### रोहित शर्मा पर सबकी नजरें टिकी रहेंगी

बल्लेबाज महत्वपूर्ण मौकों पर स्ट्राइक रोटेट नहीं कर पा रहे हैं। अब बड़े स्कोर वाले मैदान पर बीच के ओवर निर्णायक साबित हो सकते हैं। इस श्रृंखला में अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाले रोहित शर्मा पर सबकी नजरें टिकी रहेंगी। शीर्ष क्रम पर उनका बेहद आक्रामक रवैया हालिया वनडे मैचों में भारत की रणनीति का अहम हिस्सा रहा है, लेकिन बार-बार जल्दी आउट होने से उन पर थोड़ा दबाव बढ़ गया है।

**टीमें इस प्रकार : भारत :** शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, विराट कोहली, रोहित शर्मा, केएल राहुल (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, नितीश कुमार रेड्डी, आयुष बडोनी, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा।

**न्यूजीलैंड :** माइकल ब्रैसवेल (कप्तान), डेवोन कॉनवे (विकेटकीपर), मिशेल हे (विकेटकीपर), निक केली, हेनरी निकोल्स, विल यंग, जोश क्लार्कसन, जैक फाउल्क्स, डैरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, आदित्य अशोक, क्रिस्टियन क्लार्क, काइल जैमीसन, जेडन लेनोक्स, माइकल रे।

### न्यूजीलैंड टीम में आत्मविश्वास और स्पष्टता

न्यूजीलैंड की टीम में भरपूर आत्मविश्वास और स्पष्टता है। डेवोन कॉनवे और मिचेल जैसे धाकड़ बल्लेबाजों से पार पाना भारतीय गेंदबाजों के लिए आसान नहीं होगा। उसके गेंदबाजों में भले ही कोई बड़े नाम न हों, लेकिन उन्होंने ऐसी परिस्थितियों में भी विविधता और सटीक लेंथ का प्रभावी ढंग से इस्तेमाल किया है, जहां विकेट से ज्यादा मदद नहीं मिलती। होलकर स्टेडियम के छोटे मैदान पर कौशल के साथ-साथ फैसला लेने की क्षमता भी काफी महत्वपूर्ण होगी।





### मध्य भारतीय हार्ड ग्राउंड बारासिंगा संरक्षण की दिशा में शासन का बड़ा कदम

# कान्हा से सतपुड़ा पहुंचे 12 बारासिंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मध्य प्रदेश में विलुप्तप्राय मध्य भारतीय हार्ड ग्राउंड बारासिंगा के संरक्षण और विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की गई है। भारत सरकार के राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण, नई दिल्ली से अनुमोदन तथा प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव), मप्र, भोपाल के निर्देशानुसार शनिवार को कान्हा टाइगर रिज़र्व से 12 बारासिंगा (8 मादा एवं 4 शावक) को सफलतापूर्वक सतपुड़ा टाइगर रिज़र्व, नर्मदापुरम स्थानांतरित किया गया।

यह अभियान कान्हा टाइगर रिज़र्व, मण्डला के परिक्षेत्र सरही, बीट सौंफ, कक्ष 636 (सौंफ मैदान) में स्थापित बोमा पद्धति के माध्यम से संचालित किया गया। पकड़े गए बारासिंगा को विशेष रूप से तैयार वन्यजीव परिवहन वाहन से पूरी सुरक्षा और निगरानी के साथ सतपुड़ा टाइगर रिज़र्व के लिए रवाना किया गया।


कान्हा टाइगर रिज़र्व में छोड़े गए बारासिंगा।

#### कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ अभियान


अभियान में शामिल दल।

पूरा अभियान मौके पर उपस्थित रवीन्द्र मणि त्रिपाठी, क्षेत्र संचालक, कान्हा टाइगर रिज़र्व के कुशल नेतृत्व हुआ। इस दौरान पुनीत गोयल, उप संचालक, डॉ. संदीप अग्रवाल, वन्यजीव चिकित्सक, डॉ. आरके चतुर्वेदी, वन औषधालय मुक्की, सहायक संचालक, बंजर, परिक्षेत्र अधिकारी, सरही सहित बड़ी संख्या में वन अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। वन अमले की सतर्कता, तकनीकी दक्षता और समन्वय के कारण यह संवेदनशील कार्य बिना किसी क्षति के पूरा किया जा सका।

#### कान्हा में 1100 तक पहुंची संख्या

गौरतलब है कि 1970 के दशक में कान्हा टाइगर रिज़र्व में बारासिंगा की संख्या घटकर मात्र 66 रह गई थी, जिससे इस प्रजाति के अस्तित्व पर संकट गहरा गया था। इसके बाद कान्हा प्रबंधन द्वारा किए गए वैज्ञानिक संरक्षण उपायों, बेहतर आवास प्रबंधन और निरंतर निगरानी के परिणामस्वरूप आज कान्हा में बारासिंगा की संख्या बढ़कर लगभग 1100 तक पहुंच गई है। यह देश में किसी एक संरक्षित क्षेत्र में बारासिंगा संरक्षण की सबसे बड़ी सफलता मानी जाती है।

#### प्रदेश में फैलाया जा रहा संरक्षण मॉडल

- राज्य में बारासिंगा की आबादी को अन्य उपयुक्त वन क्षेत्रों में स्थापित करने के उद्देश्य से पिछले कुछ वर्षों में वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, भोपाल में 7, सतपुड़ा टाइगर रिज़र्व में 115 एवं बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व में 48 बारासिंगा का सफल स्थानांतरण किया जा चुका है।
- शनिवार को किया गया यह स्थानांतरण उसी संरक्षण रणनीति की एक महत्वपूर्ण कड़ी है, जिससे भविष्य में सतपुड़ा क्षेत्र में भी बारासिंगा की स्थाई और स्वस्थ आबादी विकसित हो सकेगी।

#### जैव विविधता संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

- वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार यह पहल न केवल बारासिंगा संरक्षण के लिए, बल्कि मध्य प्रदेश की जैव विविधता को सुदृढ़ करने की दिशा में भी एक मील का पत्थर साबित होगी। आने वाले वर्षों में ऐसे और स्थानांतरण अभियानों के माध्यम से प्रदेश को बारासिंगा संरक्षण का राष्ट्रीय मॉडल बनाने की योजना है।

---

### बहोरीबंद के बीट कुआ अंतर्गत ग्राम राखी का मामला

## गांव में घुसा तेंदुआ, ग्रामीण पर हमला कर किया घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

वन परिक्षेत्र बहोरीबंद के बीट कुआं अंतर्गत आने वाले ग्राम राखी में तेंदुए ने गांव में घुसकर एक व्यक्ति पर हमला कर दिया। तेंदुए के गांव में होने से हड़कंप मच गया।

तेंदुए के हमले में संतोष काछी नामक व्यक्ति घायल हो गया। ग्रामीणों के अनुसार संतोष काछी पर हमला करने के बाद तेंदुआ भागकर ग्राम पंचायत भवन के सामने स्थित संतोष बसोर और विपिन नायक के



मकानों के बीच की एक संकीर्ण गली में जा घुसा। तेंदुआ फिलहाल वहीं फंसा हुआ है, जिससे पूरे इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। लोग घरों के अंदर दुबकने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी तत्काल वन विभाग को दी। सूचना मिलने के लगभग 2 घंटे बाद वन विभाग के मात्र दो कर्मचारी और पुलिस की डायल 112 मौके पर पहुंची है, जिसमें एक सिपाही और ड्राइवर मौजूद था। खबर लिखे जाने तक इतनी बड़ी घटना होने के बावजूद तत्काल रेस्क्यू शुरू नहीं हो सका है। बहोरीबंद वन परिक्षेत्र और कटनी वन मंडल के पास अपनी कोई विशेषज्ञ रेस्क्यू टीम उपलब्ध नहीं है।

---

### सोने के जेवरात, नगदी और मोबाइल बरामद

### आरोपियों को पकड़ने बनाई थी टीम

## ट्रेनों में चोरी करने वाले आरोपियों से 24 लाख रुपए का माल बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जीआरपी पुलिस ने ट्रेनों में चोरी करने वाले एक शातिर चोर गिरोह को गिरफ्तार किया गया। जीआरपी पुलिस ने पकड़ में आए चोर गिरोह के सदस्यों के सोने के जेवरात, नगदी और मोबाइल सहित 24 लाख का माल बरामद किया है।

पुलिस गिरफ्त में आए चोर गिरोह के सदस्यों को रिमांड में लेकर अन्य चोरी की वारदातों के बारे पूछताछ करेगी। जीआरपी पुलिस के मुताबिक ट्रेन में सफर के दौरान एक महिला यात्री से उनके पर्स में रखे नगदी, मोबाइल और सोने के जेवरात सहित आठ लाख 22 हजार रुपए मूल्य के सामान चोरी होने की घटना हुई। मामले की सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों के साथ तत्काल कार्रवाई शुरू की गई। रेलवे स्टेशन पर संदिग्ध गतिविधियों की सतत निगरानी और मुखबिरी के आधार पर विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने घटनास्थल, संदिग्धों के व्यवहार और तकनीकी सुचना का विश्लेषण कर अपराधियों की पहचान की। मुखबिर की सूचना के आधार पर रेलवे स्टेशन पर संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया। तलाशी लेने पर सोने के जेवरात, नगदी और मोबाइल सहित 5 लाख 46 हजार 500 रुपए की सामग्री जब्त की। वहीं जीआरपी पुलिस ने रेलवे परिक्षेत्र में संपत्ति चोरी करने वाले अपराधियों के कब्जे से नगदी, ट्रांसफॉर्मर की पॉवर सप्लाई के दो ड्रम, 11 बोरे छिले हुए एल्यूमिनियम तार और एक लोहे की खुरचनी सहित 19 लाख 13 हजार 200 रुपए का सामान जब्त किया।

---


## युवक ने फांसी लगाकर दी जान 3 महीने पूर्व हुई थी हार्ट की सर्जरी

### मिसरोद स्थित श्रीराम कॉलोनी की घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित श्रीराम कॉलोनी में शनिवार दोपहर एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि तीन महीने पहले उसकी हार्ट सर्जरी हुई थी।

अनुमान है कि बीमारी से परेशान होकर उसने यह कदम उठाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार विशाल सिंह पिता गजराज सिंह (22) गांव बराई खास, सलामतपुर जिला रायसेन का था। विशाल यहां श्रीराम कॉलोनी में किराए का कमरा लेकर अपने भाई प्रीतम सिंह के साथ रह रहा था और केंटिन में काम करता



था। प्रीतम शनिवार सुबह अपने काम पर गया था। घर में विशाल अकेला था। 11 बजे तक मकान मालिक ने उसे घूमते हुए देखा था। इसके बाद 12 बजे के आसपास मकान मालिक के बेटे ने खिड़की से विशाल का शव फांसी के फंदे पर लटका देख उसके भाई को कॉल किया था। सूचना पर पहुंची पुलिस को घटनास्थल से सुसाइड नोट नहीं मिला है।

---

### भाई ने कहा, दुष्कर्म के मामले में फंसाने की धमकी दे रही थी प्रेमिका

## प्रेम-प्रसंग में युवक ने पिया एसिड, अस्पताल में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित चांदबाड़ी गरीब नगर में रहने वाले एक युवक ने एसिड पीकर जान दे दी। तीन दिन चले इलाज के बाद हमीदिया अस्पताल में युवक की मौत हो गई। मृतक के परिजन ने आरोप लगाया है कि कथित प्रेमिका युवक को दुष्कर्म के झूठे केस में फंसाने की धमकी दे रही थी। परेशान होकर उसने एसिड पी लिया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस के मुताबिक चांदबाड़ी गरीब नगर निवासी राहुल जाटव पिता जगन्नाथ जाटव (29) हम्माली करता था। विगत 15 जनवरी को उसे करोंद मंडी के पास टॉयलेट क्लीनिंग में इस्तेमाल होने वाला एसिड पी लिया। गंभीर हालत में उसे हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। घटना के बाद से ही उसे होश नहीं आया था। इसीलिए मृत्युपूर्व बयान भी नहीं हो सके। शनिवार सुबह इलाज के दौरान राहुल की मौत हो गई। मृतक के भाई दीपेश का कहना है कि डेढ़-दो साल से राहुल का किसी लडकी से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। कुछ दिन पहले हुए मनमुटाव के चलते उनके बीच बातचीत बंद हो गई थी। मोबाइल पर कॉल कर लड़की राहुल पर साथ रहने और बात नहीं मानने पर दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज कराने की धमकी दे रही थी।

---

## विदिशा के ठेकेदार से मोबाइल झपटा, दस दिन बाद एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित सीमेंट गोदाम के पास विदिशा रोड पर बाइक सवार दो अज्ञात बदमाश विदिशा के ठेकेदार का मोबाइल झपटकर भाग निकले। झपटे गए मोबाइल की कीमत 1 लाख 70 हजार रुपए है। पुलिस ने घटना के 10 दिन बाद अज्ञात झपटमारों पर प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक इन्द्रा कॉलोनी विदिशा निवासी रवि मीना (41) ठेकेदारी करते हैं। विगत 8 जनवरी को वह किसी काम से भोपाल आए थे।

रात करीब पौने 9 बजे वह सीमेंट गोदाम के पास विदिशा रोड पर खड़े होकर ऑटो का इंतजार कर रहे थे। इस बीच किसी का कॉल आने पर वह मोबाइल पर बात करने लगे। तभी बाइक से आए दो बदमाशों ने उनके मोबाइल झपटकर फरार हो गए।

रवि का कहना है कि वह मोबाइल की तलाश कर रहे थे। सुराग नहीं मिलने पर 26 जनवरी की रात शिकायत दर्ज कराने थाने पहुंचे और झपटमारी का प्रकरण दर्ज कराया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर अज्ञात बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

---

### कोहेफिजा स्थित लालघाटी चौराहे पर वारदात

## ई-रिक्शा से महिला की चेन और एक हजार रुपए की नगदी चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित लालघाटी चौराहा पर महिला के बैग में रखा पर्स चोरी हो गया। घटना के समय महिला हमीदिया अस्पताल से संजीव नगर का सफर ई-रिक्शा में कर रही थी। चोरी गई चेन दो तोले की है, जबकि साथ ही पर्स में दस हजार रुपए की नगदी थी। पुलिस ने अज्ञात आरोपी पर चोरी का प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार रामश्री कनौजिया पति हरिसिंह कनौजिया (55) एमआईजी, 323 संजीव नगर, निशातपुरा में रहती हैं। उन्होंने अपने बेटे



आशीष कनौजिया के साथ थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने पुलिस को बताया कि 16 जनवरी शुक्रवार दोपहर करीब 1 बजे वह हमीदिया अस्पताल से अपने घर संजीव नगर जाने के लिए बैट्री ऑटो में सवार हुई। उनके पास एक बैग था, जिसमें उनका पर्स रखा था। पर्स में उनकी दो तोले की इस्तेमाल चेन और 1 हजार रुपए की नगदी थी।

लालघाटी चौराहा पर पहुंचकर उन्होंने ई-रिक्शे वाले को पैसे दिए और पर्स वापस बैग में रख लिया। कुछ देर बाद बैग देखा तो उसमें पर्स नहीं था।

---

## ट्रेडर्स और होटल व्यवसायी से 4 करोड़ 66 लाख 68 हजार रुपए की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सिवनी गर्वनमेंट मेडिकल कॉलेज में मेस और दुकान आवंटन के नाम पर एक जालसाज ने ट्रेडर्स और होटल व्यवसायी को 4 करोड़ 66 लाख 68 हजार रुपए का चूना लगा दिया। जालसाज ने मेडिकल कॉलेज में दुकानों की नीलामी और विद्यार्थियों की मेस में सप्लाई के नाम पर उनसे उक्त रकम हड़पी है।

फरियादी की शिकायत पर आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) ने आरोपी स्पर्श अग्रवाल उर्फ अंकुर अग्रवाल के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ को 25 सितंबर 2025 में सुयश अग्रवाल और श्रीराम कुमार सुहाने द्वारा दो शिकायती आवेदन दिए गए थे। आवेदन में स्पर्श अग्रवाल उर्फ अंकुर अग्रवाल पर आरोप लगाए गए थे। आरोप यह थे कि (गर्वनमेंट मेडिकल कॉलेज सिवनी) के नाम और प्रतिष्ठा का दुरुपयोग करते हुए स्पर्श अग्रवाल द्वारा कॉलेज में दुकानों की नीलामी और विद्यार्थियों की मेस में सप्लाई दिलाने का झांसा देकर उनसे ठगी की है। जांच में पता चला कि स्पर्श अग्रवाल द्वारा सुनियोजित तरीके से शिकायतकर्ता सुयश अग्रवाल से 4 करोड़ 21 लपख 65 हजार और शिकायतकर्ता श्रीराम कुमार सुहाने से 45 लाख 3 हजार, इस प्रकार कुल 4 करोड़ 66 लाख 68 हजार रुपए की धोखाधड़ी की गई है।

---

### पेट्रोल पंप मालिक ने दर्ज कराया प्रकरण, आरोपी मैनेजर फरार

## पूर्व मंत्री के रिश्तेदार को पेट्रोल पंप के मैनेजर ने लगाया पौने 6 लाख का चूना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रातीबड़ पुलिस ने पूर्व मंत्री हरवंश सिंह के रिश्तेदार की शिकायत पर पेट्रोल पंप मैनेजर के खिलाफ अमानत में खयानत की धारा के तहत प्रकरण दर्ज कराया है। फरियादी पेट्रोल पंप के मालिक हैं। आरोपी ने उनकी अनुपस्थिति में बिक्री और उधारी की राशि का गबन कर पौने छह लाख रुपए का चूना लगा दिया। पुलिस के अनुसर दुर्गेश सिंह (26) सेमरी के पास स्थित पेट्रोल पंप के संचालक हैं। वह पूर्व मंत्री हरवंश सिंह के करीबी रिश्तेदार बताए जा रहे हैं। बीते नवंबर में वह विदेश चले गए थे। पेट्रोल पंप की बिक्री और लेनदेन की जिम्मेदारी मैनेजर दिनेश दुबे के जिम्मे थी। एसआई रमेश सिंह ने बताया कि पेट्रोल पंप सचालक विदेश से लौटे तो उन्हें हिसाब में करीब पौने छह लाख रुपए का हेरफेर नजर आया। जांच करने पर पता चला कि पंप से हुई पेट्रोल-डीजल की बिक्री और लोगों से ली गई उधारी के पौने 6 लाख रुपए मैनेजर ने बैंक में जमा न कर अपने पास रख लिए। मामले का खुलासा होने पर पंप संचालक ने मैनेजर से पूछताछ की तो वह बहाना बनाकर फरार हो गया। पुलिस ने दिनेश दुबे के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

---

### पुलिस ने कार्यकर्ताओं को दिया जांच का आश्वासन

### मवेशी के अवशेष पीएम के लिए भेजे गए

## गौतम नगर में मवेशी का सिर और दो पैर मिले, हिंदू संगठन ने किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गौतम नगर थाना क्षेत्र स्थित रेशम केंद्र कचरा खंती के पास मवेशी का सिर और दो पैर मिलने के बाद हिंदू संगठन ने हंगामा कर दिया। हिंदू संगठन मवेशी की हत्या का आरोप लगाते हुए शव अपने साथ ले जाने का कहने लगे। दरअसल, नाराज हिंदू संगठन डीआईजी बंगला


विरोध प्रदर्शन करते कार्यकर्ता।

चौराहा पर प्रदर्शन करना चाहता था, लेकिन पुलिस ने जांच और पीएम का हवाला देते हुए उन्हें शांत कराया और मवेशी के अवशेष पीएम के लिए भेजे गए। जानकारी के अनुसार शनिवार शाम कुछ लोगों ने रेशम केंद्र कचरा खंती के पास कचरे में कपड़े में बंधा मवेशी का सिर और दो पैर देखे। हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने सोशल मीडिया पर जानकारी शेयर कर दी। शाम चार बजे तक भीड़ इकट्ठा हो। इसी बीच पुलिस पहुंची और हिंदू संगठन के पदाधिकारियों को समझाइश देने का प्रयास किया। पुलिस का कहना था कि शिकायत दर्ज कराएं। पीएम रिपोर्ट और जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। कोई शिकायत दर्ज कराने नहीं आया। अंत में विहिप ने पुलिस को ज्ञापन सौंप आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।

---

## फर्जी दस्तावेज से फाइनेंस एक्टिवा बेचने वाले को 5 वर्ष का कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

धोखाधड़ी कर फर्जी दस्तावेज से फायनेंस कराई गई एक्टिवा फरियादी को बेचने वाले आरोपी मो.आसिफ, मो.अनीस, सरफराज उर्फ परवेज और विक्रांत कुमार नामदेव को अपर सत्र न्यायाधीश अजय पेंदाम ने दोषी ठहराते हुए 5 वर्ष के सश्रम कारावास और 20,000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अभियोजन के अनुसार आरोपी मो.आसिफ ने किन्ही राहुल शर्मा के दस्तावेजों में हेरफेर कर अपना फोटो चस्पा कर फायनेंस कराई गई एक्टिवा को फरियादी शफीक को 35000 रुपये में विक्रय कर दिया था। जब आरोपियों ने फरियादी को वाहन के दस्तावेज नहीं दिए तो फरियादी ने आरटीओ कार्यालय पहुंचकर छानबीन की तो पता चला कि दस्तावेज किन्ही राहुल शर्मा के नाम के हैं और उस पर फोटो आरोपी मो. आसिफ का चस्पा है। फरियादी की शिकायत पर थाना टीला जमालपुरा ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930